ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • फाल्गुन शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2079 • शनिवार, 25 फरवरी 2023 • वर्ष-29 • अंक-132 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



श्रुति हासन ने की फिल्म 'सालार'... पेज 10 पर

NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड कैबिनेट की 27 फरवरी को होने वाली बैठक स्थगित

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक अब 27 फरवरी को नहीं होगी। बैठक को स्थगित कर दिया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने शुक्रवार को इस बाबत एक सूचना जारी कर दी है। पहले 27 फरवरी को कैबिनेट की बैठक शाम चार बजे निर्धारित की गई थी।

### रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने का कार्यकाल बढ़ा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने देश के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की सेवा में विस्तार को मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल 31 अक्टूबर 2024 तक या अगले आदेश तक के लिए बढ़ाया गया है। उन्होंने देश के 40वें रक्षा सचिव के रूप में पिछले साल 01 नवम्बर को कार्यभार संभाला था। उन्होंने इसी माह बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दूसरे दिन संयुक्त अरब अमीरात, म्यांमार, ब्राजील, कंबोडिया, बुल्गारिया और मॉरीशस के रक्षा प्रतिनिधिमंडलों से अलग-अलग मुलाकात करके रक्षा सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा की।

### शादी समारोह के दौरान फायरिंग युवक की मौत



**रांची।** रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के चर्च रोड में एक शादी समारोह के दौरान फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। घटना गुरुवार रात की है। मृतक का नाम अमन सिद्दीकी बताया जा रहा है। बताया गया कि चर्च रोड निवासी मो. नसीम के पुत्र सोनू की शादी के लिए लगन का कार्यक्रम आरएस टावर नामक अपार्टमेंट के ऊपरी तल पर चल रहा था। अमन भी इसमे शामिल होने पहुंचा था। किसी बात को लेकर अमन के साथ स्थानीय बदमाशों का विवाद हुआ, तो उन्होंने फायरिंग कर दी। गोली अमन की जांघ में लगी। गोली लगते ही अमन जमीन पर गिर गया। मौके पर मौजूद लोग आनन-फानन में घायल अमन को रिम्स ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर लोअर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। अमन के परिजनों ने पुलिस को आरोपी के बारे में जानकारी दी है। पुलिस घटनाक्रम का वीडियो फुटेज भी खंगाल रही है, वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी में जुटी है।

# एयर पॉल्यूशन के कारण कैंसर के भयावह होने का खतरा

**वायु प्रदूषण ऐसे ही बढ़ता रहा तो बढ़ सकती है कैंसर के मरीजों की संख्या**

**हरी सब्जी खाने पर लोगों को ज्यादा जोर देना चाहिए**

**सरकारी मैकनिज्म को कठोरता से काम करना होगा**

**घर में धूप-बत्ती, मच्छर भगाने के लिए कॉयल जलाना बंद करना होगा**

**सबसे खतरनाक पॉल्यूशन लेबल जाड़े के मौसम में ही होता है**

**अक्टूबर से फरवरी तक का महीना बेहद खतरनाक होता है**

**विशेष प्रतिनिधि। रांची**

चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर इंस्टीट्यूट, कोलकाता के पूर्व सहायक निदेशक डॉ. मानस रंजन रे ने कहा है कि अगर मैकनिज्म हरकत में नहीं आई तो आने वाले दिनों में वायु प्रदूषण के कारण देश में ही नहीं, पूरी दुनिया में कैंसर से मरने वालों की संख्या बेहद बढ़ जाएगी। उन्होंने माना कि आज की तारीख में प्रदूषण को रोकने के लिए जो प्रीकॉशन्स उठाये जाने चाहिए थे, वो नहीं उठाए गए।

युगांतर भारती और नेचर फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे पर्यावरण मेले में कोलकाता से शिरकत करने आए डॉ. रे ने *राष्ट्रीय नवीन मेल* से खास बातचीत में कहा कि वायु प्रदूषण का असर हमारे शरीर के प्रायः सभी हिस्सों पर तो पड़ ही रहा है, आने वाली पीढ़ी पर भी पड़ रहा है। बच्चे अंडरवेट पैदा हो रहे हैं, वो निमोनिया की चपेट में आ रहे हैं, महिलाओं में गर्भधारण की समस्या पैदा हो रही है, उनका मासिक धर्म भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। और तो और, बढ़ते प्रदूषण के कारण आम आदमी ज्यादा डिप्रेस्ड हो रहा है। वह परेशान है, हलकान है। उसे समझ में नहींम आ रहा है कि वह करे तो क्या करे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के इलाके में किये गए सर्वे में यह बात निकल कर सामने आई कि वहां पैदा होने वाले बच्चे ज्यादा शैतानियां करते हैं, ज्यादा गुस्सैल होते हैं, ज्यादा इंट्रैक्शन चाहते हैं, ज्यादा जिद्दी होते हैं और ज्यादा बदमाशियां करते हैं। इसके उलट हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों के बच्चे ज्यादा विनम्र होते हैं, ज्यादा आज्ञाकारी होते हैं, कम गुस्सा करते हैं और ज्यादा अक्लमंद होते हैं। बकौल डॉ. रेः यह सब प्रदूषण के कारण होता है। छत्तीसगढ़-दिल्ली में इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन बहुत ज्यादा है। इसका असर बच्चों पर पड़ रहा है। हिमाचल में इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन बेहद कम है, इसलिए वहां के बच्चे शरीफ दिख रहे हैं। यह फर्क है पॉल्यूटेड और अनपॉल्यूटेड एरिया का।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर इंसान को इस पॉल्यूशन को कम करना है तो सरकार ने जो भी नियामक बनाए हैं, उसका 100 फीसदी अनुपालन करना होगा। उन्होंने अमेरिका का उदाहरण दिया, जहां भारत की तुलना में कहीं ज्यादा उद्योग-धंधे चल रहे हैं और एक जमाने से



चल रहे हैं। पॉल्यूशन वहां भी होता है, परंतु कम होता है। क्योंकि वहां जो नियामक हैं, वो उसमें बराबर चेकिंग करते हैं। कहीं किसी ने कुछ गलत किया है तो उसे दंडित करने में भाई-भतीजावाद नहीं देखते। यही वजह है कि अमेरिका में ज्यादा उद्योग-धंधे होने के बावजूद प्रदूषण भारत से कम है। डॉ. रे ने भारत में पॉल्यूशन बढ़ने का एक बड़ा कारण बढ़ती हुई आबादी को भी बताया। उन्होंने कहाः आप आबादी कम नहीं कर रहे हैं। आबादी बढ़ती जा रही है। डिमांड एंड सप्लाई का चेन यहां टूट रहा है। इसे समझना होगा। आबादी का लोड आप जब नेचर पर देंगे तो इननैचुरल हादसे होंगे। वही हो रहा है। आप देखें, फरवरी में टेंपरेचर 39 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया तो कैसे। इस पर विचार करने की जरूरत है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि घर में अगरबत्ती या धूप जलाना अथवा बीड़ी-सिगरेट पीना कैंसर को खुलेआम न्यौता देने के बराबर है। घर में मास्किटो क्वायल जलाना तो बेहद घातक है। इसके साथ ही धूपबत्ती का जलाना भी बेहद खतरनाक है। इसमें बहुत ज्यादा केमिकल्स होते हैं। ये केमिकल्स हमारे फेफड़ों में घुस कर उसे तो तबाह करते ही हैं, लंग्स, हार्ट और किडनी को भी बेतरह नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदूषण से सबसे ज्यादा असर उन लोगों को पड़ता है, जो डायबिटीज के रोगी हैं।

एक सवाल के जवाब में डॉ. रे ने बताया कि प्रदूषण सबसे ज्यादा जाड़े के मौसम में होता है। जाड़े के मौसम में प्रदूषण पीक पर होता है। ऐसे मौसम में किसी भी स्वस्थ आदमी को सुबह से लेकर दोपहर बाद 4 बजे तक कभी भी वॉक नहीं करना चाहिए, क्योंकि उस वक्त पॉल्यूटेड एयर सीधा आपकी नाकों में घुस कर फेफड़े आदि को प्रभावित करता है। इस दौरान पॉल्यूशन आपकी नाक की सीध में होता है। आप जो हवा लेते हैं, सांस लेते हैं, वह सीधे आपकी नाक के रास्ते फेफड़े और शरीर के अन्य हिस्सों में प्रवेश कर जाता है। अगर घूमना ही है तो आप शाम 4 बजे के बाद घूमें। वैसे भी, जाड़े के टाइम में कौन शाम 4 बजे घूमता है। बेहतर है कि आप इनडोर ही कुछ एक्सरसाइज कर लें।

**क्या खाएं**

डॉ. रे के अनुसार, पॉल्यूशन के इस एरा में जितनी भी हरी सब्जियां खा सकते हैं, खाएं। खास कर टमाटर की चटनी या टमाटर की सब्जी हर किसी को जरूर खानी चाहिए। अगर पॉकेट एलाव करे तो समुद्री मछलियां खानी चाहिए, क्योंकि उनमें फैट और प्रोटीन बेहतर होते हैं। रेड मटन हरगिज नहीं खाना चाहिए। चिकन चल सकता है। लेकिन, हरी सब्जी सबसे शानदार विकल्प है। इसे जरूर खाना चाहिए।

# रामगढ़ के रण में हेमंत

**2019 से पहले यहां आतंक का राज था**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को रामगढ़ शहर पहुंचे तो शहर के फुटबॉल ग्राउंड में चुनावी जनसभा के दौरान पूरे तेवर में दिखे। उन्होंने भाजपा और आजसू पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 से पहले रामगढ़ में आतंक का राज था। व्यापारी और नागरिक हमेशा दहशत में रहते थे। मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं यहां होती थी। शहर जलता रहता था। गद्दी पाने के लिए भाजपा और आजसू के नेता किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और आजसू नींद में सरकार गिराकर मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। लेकिन उनका सपना साकार नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के व्यापारी और नागरिक को अब पिछले तीन सालों से शांति महसूस हो रहा है। एक बार फिर रामगढ़ में आतंक का राज कायम



करने के लिए भाजपा और आजसू चुनावी मैदान में हैं। उन लोगों के हाथ में सत्ता रही तो विकास का एक भी काम नहीं किया। हम लोगों ने तीन वर्षों में आम जनता को सुरक्षा के साथ-साथ विकास भी मुहैया कराया है। भाजपा और आजसू के नेताओं ने मॉब लिंचिंग के आरोपियों को जेल से बाहर निकलने के बाद माला पहनाकर सम्मानित करने का काम किया था। वे लोग हमेशा समाज को जाति, धर्म और संप्रदाय के नाम पर तोड़ने का ही काम करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में सरकार बनते ही कोरोना के सी आपदा आ गई। इसके बाद झारखंड में सुखाड़ भी किसानों को परेशान करने लगा। हमने दोनों आपदाओं के बावजूद विकास की पटरी हो ठीक किया। किसानों का लोन माफ किया। इसके अलावा विभिन्न प्रदेशों और विदेशों में फंसे मजदूरों को वापस घर तक पहुंचाया। यहां तक कि उनके रोजगार की व्यवस्था भी उनके घर में की।

हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा आशु के लोगों ने 20 वर्षों में मात्र 12000 लोगों को राशन कार्ड दिया। लेकिन पिछले तीन वर्षों में हमने 128000 लोगों को राशन कार्ड बना कर दिया है। विधवाओं को पेंशन, शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड बजट सत्र में होंगे 17 कार्यदिवस विस अध्यक्ष ने सभी दलों से मांगा सहयोग

**जो भी विधेयक विधानसभा के पटल पर लाया जाय विभाग उसे बारीकी से जांच ले**

**विधेयक के हिंदी-अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की कोई त्रुटि न रहे**

**वर्तमान में 323 आश्वासन अभी तक लंबित, विभाग त्वरित निपटारा करें**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधान सभा रबीन्द्र नाथ महतो ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आगामी बजट सत्र को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विभिन्न दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया। बैठक में हेमंत सोरेन, आलमगीर आलम, सत्यानन्द भोक्ता, सरयू राय, विनोद कुमार सिंह आदि शामिल हुए। इसमें बजट सत्र के विभिन्न कार्यदिवसों पर चर्चाएं हुई। स्पीकर ने बताया कि सत्र के दौरान कुल 17 कार्यदिवसों होंगे, इसे बेहतर ढंग से संचालित कर राज्य की जनता का हित साधने में सभी दलों से सहयोग अपेक्षित है। सरहुल त्योहार के संबंध में भी विमर्श हुआ कि त्योहार कार्यदिवस में पड़ रहा है। इस संबंध में कार्यमंत्रणा की बैठक में निर्णय लिया जायेगा। बैठक के उपरांत अध्यक्ष ने नये पदाधिकारी दीर्घा का निरीक्षण भी किया। इसके बाद अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ भी बजट सत्र को लेकर बैठक की।

रबीन्द्र नाथ महतो ने राज्य के मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारियों को से कहा कि बजट सत्र के तीन दिन पूर्व यह बैठक इसलिए बुलाई गई है कि आप सभी सत्र के सुचारू संचालन के लिए अपनी तैयारियां पूर्ण कर लें। ध्यान रहे कि जो भी विधेयक विधान सभा के पटल पर लाया जाय उसे बारीकी से जांच लिया जाए, ताकि हिंदी-अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की कोई त्रुटि न रहे। शेष पृष्ठ 11 पर

# कांग्रेस कार्यसमिति का नहीं होगा चुनाव,अध्यक्ष को सदस्य नॉमिनेट करने का होगा अधिकार

**रायपुर में शुरू हुआ कांग्रेस का तीन दिवसीय महाधिवेशन**

**एजेंसी। रायपुर**

कांग्रेस का तीन दिवसीय 85वां महाधिवेशन शुक्रवार को रायपुर में शुरू हुआ। बैठक से पूर्व आयोजित संचालन समिति की बैठक में तय हुआ कि कांग्रेस कार्य समिति का चुनाव नहीं होगा। पार्टी अध्यक्ष इसके सदस्यों को नॉमिनेट करेंगे। संचालन समिति ने सर्वसम्मति से पार्टी अध्यक्ष को सदस्य नॉमिनेट करने के लिए अधिकृत कर दिया है। पार्टी के संविधान में संशोधन पर भी विचार किया जा रहा है। संचालन समिति की बैठक के बाद पार्टी के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने बैठक में लिये गए फैसलों से पत्रकारों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्य समिति का चुनाव नहीं होगा। इसके सदस्यों को नॉमिनेट करने का अधिकार सर्वसम्मति से पार्टी अध्यक्ष को सौंपा गया है। अध्यक्ष ही सभी सदस्यों को नॉमिनेट करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी संविधान में बड़े संशोधन का भी प्रस्ताव आया है। उस पर भी विचार होगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। खड़गे ने कहा कि यह अधिवेशन इस लिहाज से खास है कि आज से करीब 100 साल पहले 1924 में महात्मा गांधी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए थे। तब यह महाधिवेशन मेरे गृह राज्य कनार्टक के बेलगांव में हुआ था। शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड हाईकोर्ट में छह और सात मार्च को रहेगा अवकाश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में छह और सात मार्च को अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में रजिस्ट्रार जनरल के कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि छह और सात मार्च को होनेवाले अवकाश के बदले में 19 अगस्त और 16 सितम्बर को हाईकोर्ट का कार्य दिवस रहेगा। दोनों शनिवार का दिन है और क्रमशः उक्त महीने का तीसरा शनिवार है। हालांकि, जारी अधिसूचना में छह और सात मार्च को किन कारणों से हाईकोर्ट में अवकाश रहेगा, इसके विषय में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# झारखंड सीएम के सुरक्षा प्रभारी को ईडी का समन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में सत्ता से लेकर ब्यूरोक्रेसी के गलियारे में ऊंची पहुंच रखनेवाले ठेकेदार-कारोबारी प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी में दो एके-47 राइफलों और 60 कारतूस की बरामदगी के मामले में अब सीएम हेमंत सोरेन के सुरक्षा प्रभारी डीएसपी विमल कुमार से पूछताछ होगी। ईडी ने उन्हें नोटिस जारी कर आगामी 28 फरवरी को हाजिर होने को कहा है।

बता दें कि प्रेम प्रकाश के ठिकाने से बीते अगस्त महीने में बरामद दो रायफल पुलिस जवानों के थे।



ये दोनों सीएम सिक्योरिटी में तैनात थे, लेकिन उन्होंने अपने हथियार ठेकेदार के घर छोड़ रखे थे। ठेकेदार प्रेम प्रकाश को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल जेल में है। अब इसी प्रकरण में सीएम के सिक्योरिटी इंचार्ज से पूछताछ होगी। इस मामले में रांची पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर बताया था कि 23 अगस्त को बारिश में फंस जाने की वजह से जवानों ने प्रेम प्रकाश के मकान में एक अलमारी में हथियार और कारतूस रख दिये थे। प्रेम प्रकाश का स्टाफ जवानों का परिचित है, इसलिए दोनों रात में अपने हथियार वहां छोड़कर चले गये थे।

अगले दिन जब वे वापस वहां हथियार लेने पहुंचे तो पता चला कि ईडी की छापामारी चल रही है। रांची पुलिस ने प्रेम प्रकाश के घर हथियार रखने वाले जवानों को सस्पेंड कर दिया था।

# सेना ने गलवान घाटी के पास दागी टैंक-रोधी गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवस्त्र हेलिना'

**नकली टैंक लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाकर परीक्षण में खरी उतरी एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल**

**उत्पादन का रास्ता साफ होते ही सशस्त्र बलों को इस्तेमाल करने के लिए सौंप दी जाएगी एटीजीएम**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी के पास रुद्र गनशिप से टैंक-रोधी गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) 'ध्रुवस्त्र हेलिना' दागकर सफल परीक्षण किया है। यह वही इलाका है, जहां से 2020 में भारत और चीन के सैनिकों में घातक खूनी संघर्ष हुआ था। इसमें भारत के 20 जवान शहीद हुए थे। इसी घटना के बाद से भारत और चीन के बीच उत्तरी सीमा पर गतिरोध ज्यादा बढ़ा है, जिसका समाधान निकालने के राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य प्रयास चल रहे हैं। स्वदेश में ही विकसित हेलीकॉप्टर से लॉन्च की जानेवाली टैंक-रोधी मार्गदर्शित मिसाइल 'ध्रुवस्त्र हेलिना' विकास परीक्षण पूरे होने के बाद अब सीधे और शीर्ष हमले के मोड में है, जो नई सुविधाओं के साथ उन्नत है। भारत ने पिछले साल 11-12 अप्रैल को लगातार दो दिन लद्दाख के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्वदेशी उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) से एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवस्त्र हेलिना' का परीक्षण किया था। इस मिसाइल ने परीक्षण में एक नकली टैंक लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाकर नष्ट कर दिया था। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के वैज्ञानिकों की टीमों ने इन ट्रायल्स को मान्य किया। अब भारतीय सेना ने उपयोगकर्ता प्रमाणीकरण ट्रायल्स के हिस्से के रूप में पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी के पास रुद्र गनशिप से टैंक-रोधी गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) 'ध्रुवस्त्र हेलिना' दागकर सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण रुद्र हेलीकॉप्टर से किया गया और मिसाइल ने नकली टैंक लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। मिसाइल को एक इन्फ्रारेड इमेजिंग सीकर (आईआईआर) से निर्देशित किया गया, जो लॉन्च से पहले लॉक ऑन मोड में काम करता है। यह दुनिया के सबसे उन्नत टैंक रोधी हथियारों में से एक है। यह परीक्षण सेना के वरिष्ठ कमांडरों शेष पृष्ठ 11 पर

**प्रभाव** पलामू के बंदोबस्त पदाधिकारी तीन माह से फरार

# सर्वे का कार्य हुआ प्रभावित

**सर्वे कोर्ट में मामलों की नहीं हो रही सुनवाई**

**साहिबगंज के फाइल गायब करने के मामले में वारंटी हैं बंदोबस्त अधिकारी**

**अजय कुमार पांडेय**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के बंदोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार पुलिस की गिरफ्तारी के डर से पिछले 3 माह से बंदोबस्त कार्यालय से फरार हैं। बीते दिसंबर माह से ही पलामू जिला बंदोबस्त कार्यालय का कार प्रभावित हो गया है। उनके कार्यालय नहीं आने से पलामू में सर्वे का कार्य प्रभावित हो गया है। सर्वे कोर्ट के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बंदोबस्त कोर्ट में सुनवाई का कार्य वादों के पक्षकारों की नहीं हो रही है। सर्वे कोर्ट के वादों में सुनवाई नहीं हो पा रही है। पक्षकार सर्वे कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं और वकीलों को फीस देकर लौट जा रहे हैं। बंदोबस्त पदाधिकारी के न्यायालय का कार्य पिछले 3 माह से नहीं हो रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनिल कुमार वर्ष 2014 में साहिबगंज जिले में पदस्थापित थे । तब इन्हें एक मामले में जांच का कार्य सौंपा गया था । जांच के क्रम में उन्होंने फाइल गायब कर दिया। इसी मामले में अनिल कुमार के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। जिसमें साहिबगंज पोर्ट से पुलिस गिरफ्तारी वारंट लेकर पलामू सर्वे कार्यालय का दो बार तलाशी ले चुकी है। बंदोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट लेकर साहिबगंज पुलिस की एक टीम बीते 1 जनवरी को



पलामू बंदोबस्त कार्यालय पहुंची थी । किंतु बंदोबस्त पदाधिकारी फरार थे। दूसरी बार साहिबगंज पुलिस बीते 14 फरवरी को पलामू पहुंची थी। सूत्रों के अनुसार बंदोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार पलामू प्रमंडलीय आयुक्त के सचिव के पद पर भी कार्यरत थे। विभागीय सूत्रों के अनुसार साहिबगंज जिला न्यायालय में बंदोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार ने अग्रिम जमानत की याचिका दायर की थी। किंतु वहां से जमानत नहीं मिली । तब अनिल कुमार ने झारखंड उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। विभागीय सूत्रों के अनुसार सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि श्री कुमार को मुकदमा रहते आईएएस में पदोन्नति दी गई। आईएएस में प्रोन्नति के मामले में नई विभाग द्वारा इसकी जांच की गई और नहीं श्रीकुमार द्वारा इसकी सूचना दी गई । बंदोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार ने मुकदमा रहते आईएएस में प्रमुखता पा ली है। यह सबसे बड़ी सरकार की चूक मानी जायेगी।

# पेंशन योजना व जन्म-मृत्यु को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित पेंशन योजनाओं व जन्म, मृत्यु निबंधन को लेकर टाउन हॉल में एक दिवसीय अनुमंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज के सम्बंधित पदाधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने उक्त विषय में सभी पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने इंदिरा गांधी वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, राष्ट्रीय परिवार हित लाभ, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था, निराश्रित महिला सम्मान, एचआईवी/ एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ, स्वामी विवेकानंद आदि योजनाओं की जानकारी दी। वही उक्त योजनाओं के लाभुक की शर्त, आवेदन की जांच, संलग्न किये जाने वाले प्रपत्रों की जानकारी दी गई। शिविर में लोगों ने उक्त मामले से जुड़े प्रश्न को पूछा। जिसके बाद सभी संभावित तथ्यों की जानकारी दी गयी। उन्होंने प्रशिक्षण में दी गई जानकारियों व योजनाओं को जन - जन तक प्रसारित करने की बात कही। नगर व पंचायत प्रतिनिधियों को अपने अपने क्षेत्र में योजनाओं के संदर्भ में सक्रिय रहने की बात कही। नपं अध्यक्ष शशि कुमार ,प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, हुसैनाबाद सीओ नंद कुमार, बीडीओ रतन कुमार, हैदरनगर बीडीओ धीरज ठाकुर, मोहम्मदगंज बीडीओ प्रभाकर ओझा, मुखिया संतोष सिंह, सरिता देवी, ममता देवी, अमरेंद्र ठाकुर, राजेन्द्र पाल, उमा देवी, सुहैल आलम, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, गुड्डू सिंह, रामजी राम, सिटी मैनेजर आदि मौजूद थे।




## बीडीओ ने पंचायत की योजनाओं का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने शुक्रवार को घासीदाग पंचायत का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत में चल रहे कई विकास योजनाओं का जायजा लिया। साथ ही पंचायत कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिया और स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना। समस्याओं के समाधान के लिए सार्थक पहल करने का भरोसा दिलाया। बीडीओ श्री हेम्ब्रम ने प्रधानमंत्री आवास के वैसे लाभुकों को जो राशि लेकर निर्माण कार्य नही कर रहे है। उन्हें सख्त हिदायत दी कि वे जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूरा करे। इसके अलावा बीडीओ ने कूप निर्माण व जनवितरण प्रणाली दुकानों का भी निरीक्षण कर राशन वितरण की जानकारी ली। मौके पर मुकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।



## NEWS इन ब्रीफ

### रंग रोगन के नाम पर खानापूर्ति

**मनातू।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चक पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जलेया में रंग रोगन के नाम पर आधा अधूरा कार्य कर पैसे की खानापूर्ति की गई है। गौरतलब है कि इस विद्यालय में एक शिक्षिका और एक शिक्षक है। इस विद्यालय की स्थिति बहुत ही जर्जर है । विद्यालय का निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है । उसमें प्लास्टर नहीं हुआ हैं। स्कूल का शौचालय भी जर्जर हालत में है। इस मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव सुब्बे आलम से बात की गई । तो उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन अभी अधूरा है और दिवार लेखन के लिए कल तक का समय है। वह दो से चार दिन में पूर्ण करा दिया जायेगा। अभी रवि का समय है। जिसकी वजह से मजदूर के अभाव में कार्य नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू ने कहा कि मैं उस विद्यालय में पहले भी एक बार विजिट किया हूं। वह विल्डिंग पुराना हैं। फिलहाल में उसमें काम नहीं हुआ हैं। लेकिन जो दीवार लेखन और पेंट का मामला है। इसके विषय में मैं प्रधानाध्यापक सह सचिव से बात करूंगा।

### दुसाध उत्थान परिषद की महासचिव बनी उषा

**हुसैनाबाद।** अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप सिंह ने हुसैनाबाद नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष उषा देवी को अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद झारखंड का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। उन्होंने प्रदेश महासचिव से आशा व्यक्त की है कि वे समाज उत्थान एवं जनकल्याणकारी उद्देश्यों की पूर्ति एवं संगठन की मजबूती के लिए ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक लगन से काम करेंगी। साथ ही अपने कार्यकारिणी का गठन कर केन्द्रीय कमेटी को उचित माध्यम से शीघ्र प्रेषित करें। उधर उषा देवी ने कहा कि मुझे जो उक्त कमेटी के प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे मैं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगी।

# माता शबरी जयंती सह मिलन समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्रावास के मैदान में शुक्रवार को माता शबरी जयंती सह भुइयां मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन माता शबरी, दशरथ मांझी व बाबा तुलसी वीर के चित्र पर पूजा, अर्चना व दीप प्रज्वलित कर पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ,जिप सदस्य सुधा कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आगंतुक अतिथियों का स्वागत फूल माला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि माता शबरी का निश्चल प्रेम ने भगवान को माता शबरी के कुटिया में आने पर विवश कर दिया। भाजपा अनुसूचित जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइयां ने कहा कि माता शबरी हमारी कुलदेवी है। भगवान श्री राम ने माता शबरी के निश्चल प्रेम का आदर करते हुए, उन्होंने माता शबरी के जूठे बेर भी खाएं। उन्होंने कहा कि जो समाज अपना इतिहास नहीं जानता है, याद नहीं रखता है । हमारी कुलदेवी माता शबरी ने निश्चल प्रेम की ऐसी परिभाषा गढ़ीं है। वही कार्यक्रम को चार चांद लगाते हुए व्यास परशुराम भुइयां ने कीर्तन - भजन गाकर सभी का मन मोह लिया। मौके पर पांकी विधायक जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, राणा प्रताप कुशवाहा, सदर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर शमीम, वचन ठाकुर, अशोक भुइयां, योगेंद्र भुइयां, मनोज कुमार भुइयां ,विजय पाठक, मुखिया रिंकी यादव ,मंजू देवी, दीपक चंद्रवंशी, गुलाब भुइयां के साथ सैकड़ों भुइयां समाज के लोग मौजूद थे।

# छात्रों ने प्रशिक्षण संस्थान का किया भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** कौवाखोह स्थित नेशनल आईटीआई कॉलेज परिसर में शुक्रवार को प्रोजेक्ट धनवानी प्लस टू उच्च विद्यालय पिपरा बरदाग स्कूल के छात्र- छात्राओं द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। जिसमें लगभग 125 छात्र - छात्राएं शामिल हुए। व्यवसायिक शिक्षा व रिटेल तथा इलेक्ट्रिक एंड हार्डवेयर शिक्षा के तहत शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सभी छात्रों को नेशनल आईटीआई कॉलेज के फीटर ब्रेड के प्रशिक्षण अधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने कर्मशाला, वर्कशॉप में मौजूद सभी मशीनों के बारे में जानकारी दी। किस प्रकार मशीनों का संचालन करते हैं, इससे क्या-क्या लाभ है। इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। नेशनल आईटीआई कॉलेज के प्रिंसिपल राजीव रंजन ने भी इलेक्ट्रिशियन ट्रेंड में प्रयोग होने वाले मशीनों के विषय में जानकारी दी। कुछ छात्रों ने अपने हाथों से मशीन का संचालन किया। कॉलेज में बने विभिन्न प्रोजेक्ट्स का भी प्रदर्शन छात्र-छात्राओं को कराया गया। मौके पर आईटीआई के डायरेक्टर सतेंद्र मेहता ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव ने कहा कि विद्यार्थियों में पुस्तक ज्ञान के अलावे टेक्निकल ज्ञान भविष्य के लिए जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षक राकेश रंजन, अमित कुमार, कंचन बाला, लाल देवराम, शब्बीर अंसारी, राजेश सिंह के अलावे नेशनल आईटीआई कॉलेज के रवि रंजन कुमार वर्मा, अनुदेशक प्रशांत कुमार, राहुल कुमार, कुंदन कुमार, रम्मी सिंह, सुदेश कुमार के अलावे छात्र छात्राएं शामिल थे।



# जिला स्तरीय खेल स्टेडियम का होगा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** टीम सूर्या के संस्थापक एवं युवा नेता सूर्या सिंह के आग्रह पर हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह का प्रयास रंग लाया है। हुसैनाबाद के कुमीर्पुर पंचायत में जिला स्तरीय खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जायेगा। इस संबंध में एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सह टीम सूर्या के संस्थापक खिलाड़ियों के प्रेरणाश्रोत सूर्या सिंह ने बताया कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पलामू के द्वारा जिला स्तरीय स्टेडियम निर्माण कार्य के लिए निविदा निकाल दी गई है। स्टेडियम का निर्माण 6758100 रुपए से कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि मार्च में निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। इसके लिए उन्होंने हुसैनाबाद विधायक सह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह व राज्य के खेल मंत्री का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अन्य सभी प्रखंडों में खेल स्टेडियम निर्माण की अनुशांसा की है। हैदरनगर में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही अन्य प्रखंडों के लिए भी स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय जबकि हुसैनाबाद में जिला स्तरीय स्टेडियम बन जाने से खिलाड़ियों को काफी सहूलियत मिलेगी। वहीं बाहरी खिलाड़ियों को बुलाने में भी सुविधा होगी।

## धूमधाम से मनी माता शबरी की जयंती

**विश्रामपुर।** जिले के तोलरा पंचायत में केवाल टोला पर माता शबरी की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। जिसमें काफी संख्या में अगल बगल से लोग उपस्थित हुए। सभी उपस्थित लोगों ने माता शबरी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा पाठ किया। कार्यक्रम को अध्यक्षता प्रमोद भुईया ने की। इस जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष नंदेव यादव उपस्थित थे। उन्होंने इस समारोह में अपना विचार रखते हुए उपस्थित लोगों को इस अवसर पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी एवं अपना विचार रखते हुए बोला पूरे विधानसभा में शबरी माता का जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है।

## बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग

**मनातू।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चक पंचायत के ग्राम टिल्हा में वाटर टैंक के फट जाने से दिन-रात पानी का बहाव जारी है। इस गांव में 30 घरों की आबादी लगभग डेढ़ सौ है। वहीं टिल्हा वार्ड सदस्य के घर के पास लगे जल मीनार से हर रोज हजारों लीटर पानी के बर्बाद हो रही है। जिसकी शिकायत पंचायत के मुखिया व पंचायत सेवक से की गयी है। फिर भी इसकी मरम्मत नहीं की जा रही है । जल मीनार की टंकी में छेद हो जाने के कारण रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है । वहीं पानी का व्यर्थ में बह जाने से लोगों को पानी की किल्लत हो जा रही है। उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# कर्मचारियों ने संस्थान से भ्रष्टाचार मिटाने का लिया संकल्प




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में संस्थान से भ्रष्टाचार को पूर्ण रूप से मिटाने के लिए शुक्रवार को सभी पदाधिकारी व कर्मचारी के द्वारा शपथ लिया गया। सभी कर्मियो ने सामूहिक रूप से शपथ लेते हुए कहा कि अपना काम पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक करूंगा। हमेशा अपने जीवन के प्रति सद्भावना रखते हुए उत्तम मार्ग की ओर प्रशस्त रहूंगा। साथ ही भारतीय संविधान के प्रति सतर्क रहते हुए ईमानदारी पूर्वक सभी नियमों का पालन करूंगा। ना तो रिश्वत लूंगा और ना ही किसी को रिश्वत लेने दूंगा, का भी लोगो ने संकल्प लिया। मौके पर डॉ एम प्रसाद, बीपीएम पंकज कुमार पांडेय, रवि कुमार, एमटीएस पंकज कुमार, मिन्हाज आलम, लालू यादव, आदित्य कुमार, शमशेर हवारी, रूबी कुमारी, अरविंद कुमार पाल सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देशानुसार एफएलएन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला के सतबरवा प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के प्रथम फेज के दो बैचों में सतबरवा बीआरसी में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। इस प्रशिक्षण की शुरूआत मेदिनीनगर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी, साधनसेवी सह राज्य मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मास्टर ट्रेनर गोविंद प्रसाद, अर्जुन मेहता, प्रवीण कुमार रवि एवं विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी समेत प्रखंड के प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित थे। प्रशिक्षण शुभारंभ के मौक पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी श्री तिवारी ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को प्रशिक्षण के मूल उद्देश्यों को विद्यालय के शिक्षण कक्ष तक ले जाने हेतु संकल्पित होना चाहिए। जिससे विद्यालय में अध्ययनरत बच्चें भाषागत साक्षरता व गणितीय कौशल को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि एफएलएन कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्राप्त करें। इसके लिए सभी शिक्षकगण मनोयोग से प्रशिक्षण लेने का कार्य करें । राज्य साधन सेवी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि यह प्रशिक्षण झारखंड राज्य के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 3 तक के बच्चों के मूलभूत साक्षरता व संख्या ज्ञान में शत प्रतिशत दक्षता दिलाने के लिए राज्य के सभी प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाना है। इसी कड़ी में जिला के सतबरवा प्रखंड के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। नये सत्र में निपुण भारत मिशन अभियान के तहत एफएलएन कार्यक्रम के माध्यम से कक्षा 3 तक के बच्चों को बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान में दक्ष बनाया जायेगा। इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत निपुण भारत मिशन ने वर्ष 2026-27 तक की अवधि निर्धारित की है।

**झारखण्ड सरकार**
ग्रामीण कार्य विभाग,
मुख्य अभियंता का कार्यालय, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन,
कचहरी रोड, राँची

पत्रांक- | दिनांक-

**निविदा स्थगित संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार के निविदा आमंत्रण संख्या- **238/RI/2022-23/RWD/LATEHAR,** दिनांक- 17.02. 2023, **PR NO.- 290607** के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या- **RWD/LATEHAR/10/ SRPKG-01/2022-23** द्वारा निविदा को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई-प्रोक्योर्मन्ट सेल

PR 291142 Rural
Work Department(22-23)D

**Office -District Health society , Palamu**

**REQUEST FOR PROPOSAL**

District Health society, palamu is inviting the tender Number 01/2023 of Jan Aushadhi Kendra for opening the Jan Aushadhi Kendra in the Different Community Level Hospital in the palamu Dist as per the given term and condition

| SL. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Establishment of Jan Aushadhi Kendra in the community Health centre of Palamu District |
| 2 | Period of the work | 05 year for the qualifying Agency |
| 3 | Invitation of RFP | 25-02-2023 |
| 4 | Last date for receiving queries | 10-03-2023 |
| 5 | Pre-Bid meeting | 15-03-2023 |
| 6 | Authority response to queries latest by | 28-03-2023 |
| 7 | Last late of Bid Submission(Bid due date) | 20-04-2023 1300 hrs IST |
| 8 | Opening of Technical Bids | 20-04-2023, 1500 hrs IST |
| 9. | Letter of Award (LOA) [Within 30 days ofBid Due Date] | Within 30 days of bid finalization |
| 10 | Bid and other fee | As per the direction given in the Bid Document |
| 11 | Bid submission | DDC office , C block , collectorate building Daltonganj |
| 12 | Opening place | DDC office , C block , colletrate building Daltonganj |
| 13 | Name and address of tender inviting agency | DDC office , C block , colletrate building Daltonganj |
| 14 | Validity of Bids | 120 days from Bid Due Date |
| 15. | Signing of Tripartite Agreement [Within 30days of award of LOA] | Within 30 days of LOA |

Interested candidate can see detail and apply for E tender in detail in Jharkhandtender.gov.in website.

PR.NO.291201 Palamu(22-23):D

s/d Civil surgeon , palamu | s/d DDC PALAMU | s/d DC, PALAMU

**कार्यालय नगर परिषद, विश्रामपुर**
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**आम-सूचना**

नगर परिषद बिश्रामपुर में सहायक नगर आयुक्त, बिश्रामपुर की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में डीप/सामान्य बोर करने हेतू बोरवेल रिंग मशीन (बोर करने वाले वाहन मालिक) के वाहन मालिकों/नगरवासियों को सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतू सामान्य/डीपबोर करने हेतू नगर परिषद, बिश्रामपुर में शुल्क जमा कराकर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। नगर परिषद, बिश्रामपुर कार्यालय के बिना अनुमति के नगर क्षेत्र में बोरिंग करना या कराना नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अंतर्गत दण्डीय अपराध है। इस कार्य हेतू सामान्य बोर कराने वाले व्यक्ति को 2000.00 (मो0 दो हजार रूपये मात्र) एवं डीपबोर कराने वाले व्यक्ति को 8000.00 (मो0 आठ हजार रूपये मात्र) का शुल्क निर्धारित है। अतएव नगर परिषद, बिश्रामपुर क्षेत्र में बोरिंग करने/कराने से पूर्व नगर परिषद, बिश्रामपुर कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है।

वैसे सामान्य/डीपबोर करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाते है, उन पर कारवाई करते हुए सामान्य बोर पर 5000.00 (मो0 पाँच हजार रूपये मात्र) एवं डीपबोर पर 50,000.00 (मो0 पचास हजार रूपये मात्र) राशि का जुर्माना के तौर पर नगर परिषद, बिश्रामपुर कार्यालय में जमा कराना होगा।

निबंधन तिथि :-दिनांक 24.02.2023 से 04.03.2023 तक।

बोरवेल रिंग मशीन (सरकारी/गैर सरकारी) के निबंधन हेतू नियम एवं शर्तें:-

1. बोरवेल वाहन से संबंधित कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।
2. प्रदुशण से संबंधित कागजात।
3. बीमा से संबंधित कागजात।
4. वाहन मालिक का आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र।
5. वाहन मालिक/चालक का ड्राइविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड।
6. वाहन मालिक अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र।
7. निबंधन हेतू 40000/- (चालीस हजार रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट जो सहायक नगर आयुक्त, नगर परिशद, बिश्रामपुर के नाम से देय होगा।
8. बोरवेल वाहन के निबंधित समय सीमा 01.04.2023 से 31.03.2024 तक मान्य होगा।

PR.NO.291124 District(22-23):D

सहायक नगर आयुक्त,
नगर परिषद, बिश्रामपुर।

**कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा।**
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष- 2022-23 हेतु आवेदन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा जारी निर्देश के आधार पर निर्धारित मापदंड के अनुसार वितीय वर्ष-2022-23 में प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. **छात्रवृति के लिए आय की अधिसीमा :-**
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राएँ, जिनके माता-पिता/अभिभावक की सभी श्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से अधिक नहीं हो। इस योजना के अन्तर्गत छात्रवृति प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अन्य कोई छात्रवृति का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगें।

2. **आवेदन करने की प्रकिया :-**
अहर्त्ता प्राप्त छात्रों को वेबसाईट https://ekalyan.cgg.gov.in में दिये गये सभी दिशा निर्देशों एवं प्रकियाओं का पालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन करना है एवं सभी निम्नांकित वांछित प्रमाण-पत्रों की Scanned Copy (jpeg/jpg में 1mb तक) वेबसाईट पर अपलोड करेंगें :-
(i) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत आय प्रमाण-पत्र (Income Certificate) (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति। (दिनांक 01.09.2022 अथवा उस तिथि के बाद से निर्गत आय प्रमाण-पत्र मान्य होगा।)
(ii) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत जाति प्रमाण-पत्र (Caste Certificate) (अंचलाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति।
(iii) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत आवासीय प्रमाण-पत्र (Residential Certificate) (अंचलाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति।
(iv) संस्थान के लेटर हेड में संस्थान द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए निर्गत Bonafide Certificate (with Fee Structure निर्गत संख्या एवं दिनांक के साथ) की मूल प्रति। (एक पृष्ठ में)
(v) पूर्व की परीक्षा के अंकपत्र (Mark Sheet of previous exam) की अभिप्रमाणित प्रति।
(vi) छात्रवृति की धनराशि PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT के द्वारा सुयोग्य छात्र-छात्राओं के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। (बैंक खाता को आधार संख्या से सीडिंग एवं NPCI में Mapped होना अनिवार्य है।)

3. **ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :-**

| क0 | प्रकियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही प्रारम्भ होने की तिथि | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 21.02.2023 | 06.03.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र-2022-23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 10.03.2023 | 17.03.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 10.03.2023 | 18.03.2023 |

4. **कॉलेज/संस्थान का निबंधनः-**
केवल AISHE कोड/U-Dise वाले शैक्षणिक संस्थान/कॉलेज पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति योजना के लिए पात्र होंगे। कॉलेज/संस्थान के द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु Affiliation एवं Registration का अद्यतन कागजात वेबसाईट पर upload करने की अंतिम तिथि दिनांक- 06.03.2023 निर्धारित है। जिन कॉलेज/संस्थानों को NAAC/NBA से प्रमाण-पत्र प्राप्त है, वे कॉलेज/संस्थानों NAAC/NBA प्रमाण-पत्र भी वेबसाईट पर upload करेंगे।

5. **कॉलेज/संस्थान का दायित्व :-**
(I) संस्थान अपना पूर्ण विवरण सहित मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र अपलोड करेंगें।
नोटः- राज्य के अन्दर स्थित संस्थानों को संबंधित जिला के जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा User Id एवं Password उपलब्ध कराया जायेगा तथा राज्य से बाहर के संस्थानों को उनके ई-मेल आई0डी0 पर System Generated User Id एवं Password उपलब्ध कराया जायेगा। राज्य के अन्दर एवं राज्य के बाहर स्थित महाविद्यालय/संस्थान Course Mapping करते हुए Fee Detail भी Update करेंगे, जो Student application form में दिखलाई देगा, तभी Student Online आवेदन कर सकते हैं।
(II) संस्थान अपने लेटर हेड में वर्ष- 2022-23 में अध्ययनरत छात्र/छात्रा की छात्रवृति हेतु Bonafide Certificate निर्गत करेंगे, जिसमें **निर्गत संख्या एवं दिनांक** अंकित होगा।
(III) संस्थान प्रधान अपने महाविद्यालय/संस्थान में अध्ययरनत छात्र/छात्राओं के द्वारा भरे गए Online आवेदन को https://ekalyan.cgg.gov.in के वेबसाईट पर अपने User Id एवं Password के माध्यम से Login कर Online सत्यापित करेंगे। राज्य के अन्दर एवं राज्य के बाहर स्थित महाविद्यालय/संस्थान सत्यापन से पूर्व Fee Detail भी Update करेंगे।
(IV) निबंधित संस्थान यदि अपने User Id एवं Password भूल गए हों तो पोर्टल पर दिए गए लिंक से पुनः User Id एवं Password Recover कर सकते हैं।

6. **हेल्प लाईन :-**
सिर्फ आवेदन पत्र भरने की प्रकिया में यदि कोई कठिनाई हो तो ई-कल्याण के सम्पर्क संख्या- 040-23120591/23120592/23120593 पर सम्पर्क कर सकते है, एवं e-mail id- helpdeskekalyan@gmail.com पर e-mail कर सकते है अथवा https://ekalyan.cgg.gov.in वेबसाईट के Complaint link पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

7. **नोटः-**
- पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना से संबंधित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से निर्गत दिशा-निर्देश एवं अन्य अनुवर्ती सूचना वेबसाईट https://ekalyan.cgg.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व कृपया उक्त वेबसाईट पर दिए गए निर्देश को अवश्य देख लिया जाय।
- उपबन्धित बजट राशि की सीमा के अन्तर्गत प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति हो सकेगी।
- निश्चित समय सीमा की समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार का आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- छात्र/छात्रा को अपना आधार संख्या देना अनिवार्य होगा।
- एक से अधिक आवेदन पत्र भरने पर छात्र/छात्रा का सभी आवेदन पत्र रदद् कर दिया जायेगा।
- ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि/अशुद्धि/गलत अथवा भ्रामक सूचना देने पर आवेदन रदद् कर दिया जायेगा।
- छात्र/छात्रा द्वारा ऑनलाईन आवेदन के पश्चात् पोर्टल पर दिनांक 01.09.2022 के पूर्व निर्गत आय प्रमाण-पत्र अपलोड किया जाता है तो वैसे आवेदन पत्र को रदद् कर दिया जायेगा।

PR 291211 (Lohardaga) 22-23 (D)

ह0/-
जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### शिक्षक संघ ने मंत्री को सौपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य सहयोगी सामुदायिक शिक्षक संघ ने अपनी समस्या को लेकर शिक्षा मंत्री से रांची स्थित उनके आवास पर मिलकर मांग पत्र सौपा। संघ के नेताओं ने कहा कि आकलन परीक्षा का फार्म भरने से हजारों अध्यापक वंचित हैं । फार्म भरने का समय सीमा समाप्त हो गया। पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन अब तक पूरा नहीं हो पाया है। इस पर शिक्षा मंत्री श्री महतो ने शिक्षा सचिव एवं परियोजना निर्देशक से बात कर जैक का पोर्टल खुलवाने का भरोसा दिलाया। मांग पत्र के अनुसार चर्चा करते हुए मंत्री ने सहायक अध्यापक सेवा संपुष्टि प्राधिकार को लेकर कहा कि पंचायत और प्रखंड के कमेटी में सहायक अध्यापक के प्रतिनिधि निश्चित रूप से रहेंगे। मानदेय के लिए शिक्षा मंत्री ने कहा कि मेरी सरकार हर महीने मानदेय देती है और देती रहेगी। उन्होंने परियोजना निदेशक किरण पासी जी से बात कर होली से पहले मानदेय दिए जाने का भरोसा दिलाया। मंत्री श्री महतो ने कहा कि सहायक अध्यापकों के लिए टेट विसंगति का निराकरण हो गया है । संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने मंत्री से कहा कि जो लोग सेवानिवृत्त हो रहे हैं वे रोते हुए हताश और निराश होकर खाली हाथ घर जा रहे हैं ,और जो सहायक अध्यापक का देहांत हो जा रहा है उनका परिवार को देखने वाला कोई नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा मै जवानी आपके विभाग में बिताया तो बुढ़ापे में कहां जाऊं। उन्होंने बताया कि ईपीएफ कटौती , सेवानिवृत्ति या आकस्मिक देहांत होने पर सहायक अध्यापकों को 500000 दिए जाने की बात कही जो पहले से ही प्रक्रिया में था। मंत्री श्री जगन्नाथ महतो ने यह भी कहा कि यह 1 जनवरी 2022 से ही लागू होगा।

### लोक अदालत 25 को, तैयारी पूरी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 25 फरवरी शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में 10:30 बजे से मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा । उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी । उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले पीठो का गठन कर दिया गया है । उन्होंने बताया कि लोक अदालत की कार्यवाही पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के देख रेख में होगा।

### स्वर्णकार संघ प्रखंड का चुनाव 26 को

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के स्वर्णकार संघ का चुनाव 26 फरवरी को सुबह 9 बजे से चैनपुर के स्थानीय स्पार्क स्कूल के प्रांगण में होगा। यह जानकारी पलामू जिला स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष युगल किशोर शरण ने दी। इस चुनाव के लिए पलामू जिला स्वर्णकार संघ के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सोनी उर्फ गुड्डू को निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला संगठन मंत्री राजन कुमार सोनी को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि स्वर्णकार संघ के द्वारा सभी प्रखंडों में चुनाव का कार्य किया जा रहा है।

### विधायक ने सड़कों का किया शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तीन महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2009 के पहले जो काम हुए थे । उसकी मरम्मत भी किसी ने नहीं कराई। सभी सड़को की स्थिति दयनीय हो गई है। 24 ग्रामीण सड़कों पर काम चल रहा है। अगले वित्तीय वर्ष में 24 अन्य सड़कों को भी दुरुस्त करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि 2019 में जनता ने पुनः विश्वास के साथ ताकत दी है। जनता की ताकत का इस्तेमाल कर एक एक समस्या का समाधान करने में वह जुटे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहले की अपेक्षा क्या स्थिति है।

### झारखंड में बंद होगी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

# सांसद ने की राज्य सरकार से केंद्र को प्रस्ताव भेजने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की माने तो झारखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को बंद किया जा रहा है। इस योजना के तहत गांव को प्रखंड और जिला मुख्यालय से जोड़ा जाना था। झारखंड में इस योजना के बंद होने के बाद सैकड़ों गांव प्रभावित होने वाले हैं। पलामू सांसद की माने तो इस योजना के तहत अब पांच वर्ष या उससे अधिक समय से बने हुए रोड की मरम्मत का ही कार्य होगा। योजना के तहत नए रोड का निर्माण कार्य बंद कर दिया जाएगा। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। इस मामले को वह केंद्र सरकार और लोकसभा में उठायेंगे। लेकिन राज्य सरकार भी इस योजना को जारी रखने के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर केंद्र को भेजें। राज्य सरकार द्वारा तैयार प्रस्ताव के बाद केंद्र सरकार इस पर मुहर लगा सकती। सांसद ने कहा कि झारखंड के कई ऐसे गांव हैं जहां रोड को पहुंचना जरूरी। 2013-14 और 2014-15 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भेजे गये योजनाओं की स्वीकृति नहीं दी गई थी, किन कारणों से यह स्वीकृति नहीं मिली कहना मुश्किल है। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि झारखंड को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरूआत 2000 में हुई थी। इस योजना के ग्रामीण इलाकों को शहर के सड़कों से जोड़ा जाना था। वित्तीय वर्ष 2021-22 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए केंद्र की सरकार ने 146 करोड़ रुपये झारखंड के लिए जारी किया था। पलामू संसदीय क्षेत्र के कई इलाके प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जोड़े जाने का प्रस्ताव है। हाल के दिनों में बूढ़ापहाड़ के आसपास के इलाके के गांव को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ही जोड़े जाने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इस योजना के बंद हो जाने के बाद कई ग्रामीण इलाके को मुख्य सड़क से जुड़ना मुश्किल हो जाएगा। पलामू संसदीय क्षेत्र में पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 167 से अधिक रोड का निर्माण किया गया है।

# हाई स्कूलों के शिक्षकों की सेवा होगी संपुष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के हाई स्कूलों के शिक्षकों की सेवा संपुष्ट होगी। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने स्पष्ट किया है कि 2016 में नियुक्ति शिक्षकों की सेवा संपुष्ट लंबित रहने की सूचना मिल रही थी। विभाग की ओर से कई बार इन शिक्षकों की सेवा संपुष्टि का निर्देश दिया गया। जिलों द्वारा 2016 के पूर्व नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों भी सेवा संपुष्टि करने की बात लगातार कही जा रही है। बावजूद इसके अभी भी शिकायतें मिल रही है कि सेवा संपुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने ऐसे स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों जिनकी सेवा संपुष्टि में परेशानी है तो रिपोर्ट निदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा है। ज्ञात हो कि हाई स्कूल के लगभग छह हजार शिक्षको की सेवा संपुष्ट नहीं हो सकी है। राज्य के हाई स्कूलों में 2016 में नियुक्त शिक्षकों की सेवा 7 साल बाद भी संपुष्ट नहीं हुई है। 2016 के पूर्व 2010 में नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की गलत सेवा संपुष्टि हुई है। जो शिक्षक डीईओ कार्यालय में योगदान कर चुके थे। लेकिन उनकी सेवा संपुष्टि स्कूल में योगदान करने की तिथि से दी गई है। इससे किसी का दो तो किसी का एक सप्ताह की सेवा संपुष्टि नहीं हो सकी है।

# आजसू छात्र संघ ने रामगढ़ चुनाव में लगाया जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के आजसू छात्र संघ ने रामगढ़ चुनाव में एनडीए के पक्ष में जोर लगाया है। सरकार चुनाव से पहले बदलो सरकार, पाओ अधिकार का नारा देती थी और चुनाव के बाद मांगो अधिकार, करेंगे लाठी से प्रहार पर उतर आई है। यही इनकी सच्चाई है, यही इनका मॉडल है। युवाओं को विज्ञापन और आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला । सरकार ने युवाओं के हाथों में नियुक्तियों की जगह विज्ञप्ति दे दिया। रोजगार देने के जगह उन्हें बेरोजगार कर दिया। राज्य के युवा बेरोजगारी की आग में झुलस रहे है। अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण पैदल मार्च कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज, इस सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। सड़कों पर उतरे युवाओं पर सत्ता की दमनात्मक कार्रवाई आज झारखण्ड का एक बेहद अफसोसजनक एवं पीड़ादायक सच है। युवाओं के धैर्य को आज सत्ता ललकार रही है। बच्चे कैसे पढ़ें, सड़क कैसे बने, अस्पताल कैसे बने, राज्य का विकास कैसे हो। इसकी चिंता झामुमो-कांग्रेस को नहीं है। चुनाव से पहले किए तमाम घोषणाएं और वादे के साथ विश्वासघात किया गया है। आजसू छात्र संघ के साथी आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के समर्थन मे जनसंपर्क मे जुटे हुए है।

### आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पलामू एसपी से मिलें

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने पांकी की घटना को लेकर पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा से मुलाकात की। उन्होंने पांकी की घटना में जिला प्रशासन की सूझ बूझ से बड़ी घटना होने से पांकी को बचाने, बाजार में अमन चैन स्थापित करने को लेकर बधाई दी । साथ ही साथ घटना में निर्दोष लोगों को बेवजह पुलिस द्वारा परेशान नहीं करने का आग्रह भी किया । उन्होंने घटना चौक पर पुलिस चौकी स्थापित करने और पांकी बाजार में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने का भी आग्रह किया है। जिसपर पुलिस अधीक्षक ने अस्वस्त किया की कोई भी निर्दोष परेशान नही होगा। जो इस घटना में नही हैं वे अपनी बात आवेदन में लिखकर मुझे दे। उनके साथ न्याय होगा । आप प्रवक्ता ने बताया की पांकी के लोग अमन पसंद है और इस गरिमा को पूर्व की तरह बनाकर रखेंगे। वहीं कानून को कोई भी व्यक्ति अपने हाथ में नही लेगा ।

### जी-20, एक भारत श्रेष्ठ भारत पर पेंटिंग्स प्रतियोगिता का आयोजन

# मुख्य कार्यक्रम आज, विभिन्न प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत




### प्रचार सहायक मनोज कुमार ने सभी विद्यार्थियों को उपुर्यक्त विषयों के बारे में जानकारी दी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत ,स्वच्छ भारत अभियान, फिट इंडिया एवं जी 20 विषयों पर शुक्रवार को चैनपुर के श्री सद्गुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया। विशेष जागरूकता कार्यक्रम के प्री-प्रोग्राम के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 60 बच्चों ने प्रतिभागिता की। इससे पूर्व सीबीसी, डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार ने सभी विद्यार्थियों को उपुर्यक्त विषयों के बारे में जानकारी दी एवं कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने से बच्चों का मानसिक विकास होने के साथ-साथ उनमें प्रतिस्पर्द्धा की भावना विकसित होती है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजकिशोर तिवारी एवं शिक्षकों को नव वर्ष का विभागीय कैलेंडर भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजकिशोर तिवारी, राम प्रकाश शर्मा, संतोष कुमार ,अशोक कुमार विश्वकर्मा, संदीप तिर्की, उमेश राम, कुमारी रीता ,श्वेता सुमन ,बृज बिहारी ,चंद्रशेखर, कृष्ण मुरारी, अर्चना कुमारी ,प्रदीप कुमार चौरसिया, आकाश कुमार ,भोला सिंह, राजेश कुमार उपस्थित रहे।

### क्विज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन

सीबीसी डालटनगंज के द्वारा 25 फरवरी को रा. सद्गुरु प्रताप हरि उच्च विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली जायेगी। इसके पश्चात भाषण, एवं क्विज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जायेगा। शनिवार को ही सभी प्रतिभागियों को मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया जायेगा।

# अधिकार मार्च में 14 मार्च को रांची चलने की जरूरत : शत्रुघ्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय धोबी महासभा प्रखण्ड इकाई हुसैनाबाद के तत्वावधान में भारत में स्वच्छता व मानवता के अग्रदूत संत गाडगे जी महाराज की 147वीं जयंती समारोह का आयोजन खादी भंडार के मैदान में सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश बैठा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन हुसैनाबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूर्व सांसद बृजमोहन राम,मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र रजक, ललित बैठा मुखिया राणाडीह,एबीडीएम के कुमार गौरव, झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक केन्द्रीय अध्यक्ष सह अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु, एबीडीएम पलामू के जिलाध्यक्ष राजू रजक, डा०कृष्ण कन्हैया, विरेन्द्र राम आदि ने संत गाडगे जी महाराज के साथ तमाम बहुजन महापुरुषों की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने संत गाडगे जी महाराज की जयंती पर सभी बहुजन महापुरुषों के चरणों में कोटि कोटि नमन अर्पित करते हुए कहा कि भारत में स्वच्छता अभियान के जनक व मानवता के अप्रतिम मसीहा संत गाडगे जी महाराज भारत रत्न के असली हकदार हैं। हमें झारखण्ड में धोबी समाज के साथ ही अनुसूचित जाति के 22 उपजातियों को संत गाडगे जी के संदेशों के माध्यम से एकजुट करना होगा। केन्द्र और राज्य सरकार हमारे साथ अन्याय कर रहे हैं। इसके प्रतिरोध के लिए आगामी 14 मार्च 2023 को रांची के मोरहाबादी मैदान में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के बैनर तले विशाल अनुसूचित जाति अधिकार मार्च का आयोजन किया गया है। 14 मार्च को हल्ला बोलकर अपना अधिकार लेने के लिए कमर कसने की जरूरत है,तभी संत गाडगे जी महाराज समेत सभी महापुरुषों का सपना साकार होगा।

# अधिवक्ता मुफ्त सेवा प्रदान करा रहे हैं : अर्पित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जरूरतमंदों को लिगल एड डिफेंस काउंसिल के द्वारा मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। विगत एक माह के अंदर एक सौ से अधिक केस के बचाव में अधिवक्ता लोगों का मुफ्त केस लड़ उनका बचाव में पक्ष रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, दिव्यांग, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित, जेल में बंद लोगों के अलावा जिनकी आमदनी वार्षिक तीन लाख रुपए से कम है। वैसे लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित लिगल डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। जिले के लिए अब तक के लिए उपलब्धि का विषय है । उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि लोगों का एलएडीसी के प्रति विश्वास बढ़ा है । पात्र व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देकर मुक्त वकील की मांग कर रहे हैं। पात्र लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से डिफेंस काउंसिल उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि उनके मामले का डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता न्यायालय में पक्ष रख सकें। उन्होंने बताया कि पलामू जिले में लीगल एड डिफेंस काउंसिल में 27 जनवरी से कार्य आरंभ हो गया है। 100 से अधिक लोगों को डिफेंस अधिवक्ता मुहैया कराया जा चुका है। कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहेगा । न्याय पाने में गरीबी बाधक नहीं बनेगी। इसके लिए ही इसका शुरूआत किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से लोगों को विधिक सहायता के अलावा केस लड़ने के लिए वकील, कोर्ट फीस माफ,के अलावे अन्य तरह की सुविधाएं दी जाती है। मौके पर लिगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट वीर विक्रम बक्स राय, उत्तम कुमार, पुष्कर राज, कुमारी नीतू सिंह, उपस्थित थे।

# मैट्रिक परीक्षा को लेकर पलामू बंद की घोषणा वापस

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। आरक्षण बचाव मोर्चा पलामू के द्वारा झारखंड में जातीय जनगणना ,निगम चुनाव मे आरक्षण एवं पलामू मे बालू को चालू कराने के सवाल पर 27 फरवरी को सम्पूर्ण पलामू बंद की घोषणा की थी। इसी बीच मैट्रिक परीक्षा की घोषणा हो गई । बच्चे परीक्षा से वंचित न रह जाये, उसका कैरियर खराब न हो उसके अलावा जिला प्रशासन ने भी तारीख मे फेर बदल करने का अनुरोध किया था। इसके अलावे पांकी में 144 लागू है। इन सभी को देखते हुए मोर्चा ने बंदी वापस लेने की घोषणा की है।बंदी को सफल बनाने में विभिन्न पार्टी के लोग जिसमें आजसू पाटी ,आम आदमी पाटी ,मौर्य सेना ,कुशवाहा समाज, चन्द्रवंशी समाज ,यादव समाज, प्रजापति समाज के अलावा सभी जातीय एव समाजिक संगठन ने बंदी का समर्थन किया था । फिलहाल इन सभी बिन्दु पर विचार करते हुए खास कर मैट्रिक परीक्षा को लेकर 27 फरवरी को होने वाली बंदी को मोर्चा ने वापस ले ली है । वहीं सतीश चन्द्रवंशी ने कहा कि यह आन्दोलन चलती रहेगी और परीक्षा के बाद पुनः पलामू बन्द की घोषणा की जायेगी।

### टेट पास सहायक अध्यापकों ने गूगल मीट कर कई निर्णय लिया

**मेदिनीनगर।** टेट पास सहायक अध्यापक संघ के राज्य इकाई की बैठक गुगल मीट के द्वारा 23 फरवरी को रात्रि 8 बजे से किया गया। जिसमें 17 जिला के अध्यापकों ने भाग लिया। गुगल मीट में लोकतांत्रिक तरीके से पुर्नगठन व विस्तार पर सुझाव दिया गया। सभी जिलों के वैसे सभी प्रखंड जहां गठन व विस्तार नहीं हुए हो उसके लिए 15 दिनो के अंदर गठन व विस्तार का प्रस्ताव आया एवं इसके बाद जिला का एवं राज्य कमेटी का पुर्नगठन व विस्तार लोकतांत्रिक तरीके से हो इस पर सहमति बनी। राज्य कमिटी के पुर्नगठन व विस्तार के पूर्व सभी जिला में जहां प्रखंड कमिटी नहीं बनी है। वैसे जिला हर हाल में 12 मार्च तक प्रखंड कमिटी का निर्माण कर जिला के माध्यम से राज्य कमिटी को अवगत करायेंगे। वैसे जिला जहां जिला कमिटी तो है, परन्तु विस्तार नही हुआ है या गठन नही है। वैसे जिला में प्रखण्ड का गठन करते हुए हर हाल में 18 एवं 19 मार्च को जिला में गठन व विस्तार करके राज्य कमिटी को सूचना देने का कार्य करेगें। इन कार्यो के पश्चात 26 मार्च को राज्य इकाई का पुर्नगठन व विस्तार किया जायेगा। संगठन का निबंधन का प्रस्ताव भी बैठक में आया । सभी में एक हजार की राशि का सहयोग करने पर सहमति भी बनी।

### स्व. मुद्रिका सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**मेदिनीनगर।** पलामू चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत बसरिया कला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय मुद्रिका सिंह के याद में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मुकाबला गुरुवार को बीएफसी फुटबॉल क्लब रामगढ़ और डीटीएच सुआ के बीच खेला गया । पंचायत बसरिया कला के सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राएं छोटे बच्चे एवं बच्ची ने भी फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में भाग लिया और विजय प्राप्त किया। उन्हें भी मेडल पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फुटबॉल में विजेता टीम बीएफटी फुटबॉल क्लब रामगढ़,उपविजेता डीटीएच सुआ टीम को बड़ा सिल्ड, मेडल और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रुप में युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा उपस्थित थे । मौके पर उन्होंने कहा कि इस तरह के मैच का आयोजन से एकता एवं अनुशासन का विकास होता है। स्थानीय प्रतिभा निखर कर सामने आती है। खेल जीवन में अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के विकास के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। शहरों में जहां एक और खेल मैदानों की कमी है । वहीं अब सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों में ही है खेल बचा रह गया है। आवश्यकता है कि हम इसे बढ़ावा दें तथा शहरों में भी युवाओं के बीच खेल के कार्यक्रमों का आयोजन करें।

### अवैध बालू से मरीन ड्राइव का हो रहा निर्माण : रूचिर

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कोयल नदी में बन रहे मरीन ड्राइव के निर्माण में चोरी के बालू से काम कराने का आरोप लगाया है जो सही है। इसके बारे में पहले ही उपायुक्त पलामू को पत्र लिखा था और स्थल पर जाकर के निरीक्षण भी किया था । जिसमें वहां पर स्थानीय मजदूरों से बात हुई और पाया कि मरीन ड्राइव का निर्माण चोरी की बालू से किया जा रहा है और गुणवत्ता भी ठीक-ठाक नहीं है ।लेकिन उस समय भी किसी जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया । यही नहीं शहर थाना के पुलिस और टीओपी 2 के प्रभारी आम मजदूरों और बड़े लोगों के साथ दो तरफा व्यवहार करते हैं । अगर कोई मजदूर ठेला पर बालू ले जाता है तो उसके ठेले को जब्त कर लिया जाता है ।और बालू ढोने से मना किया जाता है। वही पुलिस के नाक के नीचे कोयल नदी में जेसीबी से बालू का ढेर लगाकर मरीन ड्राइव का निर्माण किया जा रहा है । इस पर जिला प्रशासन से लेकर भाजपा विधायक ,सांसद, मेयर ,डिप्टी मेयर सभी लोग मौन व्रत धारण किए हुए हैं। इस पर वही कहावत बनती है कि सैंया भये कोतवाल तो अब डर काहे का । जब मेयर, डिप्टी मेयर, विधायक, सांसद सभी भाजपा के हैं तो उनको रोकने टोकने वाला कौन है । निर्माण भी तो नगर निगम के द्वारा ही करवाया जा रहा है। पलामू उपायुक्त इस पर संज्ञान ले। संवेदक और जेसीबी के मालिक दोनों पर एफआईआर दर्ज हो अन्यथा गरीब मजदूरों का कानून पर से विश्वास उठ जायेगा।

**जागरुकता**

### पुलिस मुख्यालय को भेजा प्रस्ताव

# सड़क सुरक्षा को लेकर पलामू में खुलेगा ट्रैफिक थाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में ट्रैफिक थाना खोला जायेगा। इस संबंध में पलामू पुलिस ने एक प्रस्ताव तैयार कर झारखंड पुलिस मुख्यालय को भेजा है। इस प्रस्ताव को भेजने के साथ ही पुलिस थाना के लिए भवन को भी तलाश करना शुरू कर दिया है। पलामू में फिलहाल 24 थाना से अधिक प्रशासनिक थाना इसके अलावा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और एससी एसटी थाना भी संचालित है। ट्रैफिक थाना खुल जाने के बाद पलामू में 28 प्रशासनिक थाना हो जायेंगे। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि ट्रैफिक थाना बनाने के संबंध में एक प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय को भेजा है। उन्होंने बताया कि सड़क हादसों में होने वाले मौत का आंकड़ा बेहद ही गंभीर है, सड़क सुरक्षा जागरुकता के लिए ट्रैफिक थाना का होना जरूरी है। जिस कारण पलामू पुलिस ने एक प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय को भेजा है। एसपी ने बताया कि ट्रैफिक थाना खुल जाने से कई सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी। पलामू में औसतन 300 से अधिक वाहनों को प्रतिदिन यातायात नियम तोड़ने पर चालान काटा जाता है। इस फाइन को जमा करने के लिए लोगों को जिला परिवहन कार्यालय के चक्कर लगाना पड़ता है। विभिन्न इलाकों में पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक नियमों को तोड़ने के आरोप में वाहनों को चलाना काटती है, जिसके बाद लोग डीटीओ कार्यालय जाते हैं। पलामू के सुदूरवर्ती इलाके के लोगों को फाइन कटवाने के लिए कई किलोमीटर का लंबा सफर तय करना पड़ता है। ट्रैफिक थाना खुल जाने के बाद मेदिनीनगर और उसके आसपास के लोग आसानी से फाइन कटवा पायेंगे । जबकि सुदूरवर्ती इलाके के लोगों को दो जगह फाइन कटवाने का ऑप्शन मिल जायेगा। ट्रैफिक थाना के अधिकारी ऑनलाइन चालान काटने के लिए किसी भी इलाके में जा सकते हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### कुएं में कूदकर युवक ने किया आत्महत्या

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के गेरुआडीह गांव निवासी हरिहर राम का पुत्र लोकेश कुमार 28 वर्ष कुएं में कूदकर आत्महत्या कर लिया है। जानकारी के अनुसार हरिहर राम ने बताया कि कुछ दिन पहले उसका तबीयत खराब था। और उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। उसका इलाज भी चल रहा था। 18 फरवरी को देर रात खाना-पीना खाकर सोया था। जिसके बाद वह घर से कब निकला किसी को पता नहीं चला। जब सुबह हुआ तो घरवाले उसके रूम में गए तो लोकेश रूम में नहीं था। जिसके बाद परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। नहीं मिलने पर परिजन के द्वारा मेराल थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराया गया है। शुक्रवार की सुबह घर से कुछ ही दूर पर एक कुआं में तैरता हुआ शव ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दिया गया।

### पति से विवाद के बाद महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गढ़वा।** भंडरिया थाना क्षेत्र के मधगड़ी च गांव निवासी गुदून किसान का पुत्र भादे किसान 50 वर्ष फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि मृतक के भाई की बेटी की शादी थी। जिसमें भादे किसान की पत्नी शादी का कार्य कर रही थी। उसी बीच भादे किसान और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर नोकझोंक हो गया। उसी बात को लेकर आक्रोश में आकर भादे किसान ने बंद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### घरेलू विवाद में युवक ने खाया कीटनाशक दवा, भर्ती

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहरा गांव निवासी हरि चरण सिंह का पुत्र अमित कुमार सिंह 28 वर्ष कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अमित कुमार सिंह को घर में किसी बात को लेकर घरेलू विवाद उत्पन्न हुआ था। इसी बात से उग्र होकर अमित कुमार सिंह ने कीटनाशक दवा खा लिया। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### फोन पर विवाद के बाद महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चिनिया।** चिनिया थाना क्षेत्र के रानपुरा गांव निवासी राजेश साव की पत्नी मंजू देवी 27 वर्ष फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि मंजू देवी और उसके पति के बीच फोन पर किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। जबकि उसका पति प्रदेश में रहकर मजदूरी करता है। फोन पर कहा सुनी होने के बाद उसी बात से उग्र होकर मंजू देवी ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना है। मृतक के दो बच्चे थे।

### टैंपू की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार हुआ घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के गठियारवा गांव निवासी चुन्नू उरांव का पुत्र सुनील उरांव 42 वर्ष टैंपू की धक्के से घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह अपने मोटरसाइकिल से गढ़वा बाजार आया था। गढ़वा बाजार कर वापस घर लौटने के दौरान दलेली मोड़ के पास एक टेंपो ने उसकी मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया। जिससे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# लकड़ी से लदा ट्रैक्टर पकड़ा

## ट्रैक्टर मालिक और अन्य दो सहयोगियों को भेजा जेल




**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

चिनिया थाना क्षेत्र के गुरु सिंधु के जंगल से लाल रंग के एक महिंद्रा ट्रैक्टर पर जंगल से अवैध रूप से डोल गांव ले जा रहे ईट भट्ठा के लिए लकड़ी को चिनिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी चलाकर गुरुवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे जंगल से लकड़ी सहित ट्रैक्टर को जब्त कर व साथ में ट्रैक्टर मालिक और दो अन्य सहयोगियों को सहयोगियों को चिनिया थाना लाया गया। जिसमें शुक्रवार को ट्रैक्टर मालिक विद्यासागर गुप्ता पिता बिगन गुप्ता और दो सहयोगी रामबचन कोरवा तथा सुरेंद्र कोरवा जो सभी थाना क्षेत्र के डोल गांव के निवासी हैं को पुलिस ने जेल भेज दिया है। पूछे जाने पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि अवैध रूप से गुरु सिंधु के जंगल से ट्रैक्टर में लकड़ी लेकर ईट भट्ठा के लिए ले जाया जा रहा था। जिसमें गाड़ी मालिक सहित तीन लोगों को इस मामले पकड़ कर जेल भेजा गया है ।

जबकि अज्ञात और 10 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। साथ ही थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में ग्रामीणों की हमेशा शिकायत रहता था जंगल में अवैध रूप से लकड़ी काटकर एकत्रित करते हैं और उसे संचालित ईट भट्ठे पर ले जाया जाता है या अन्य जब हो पर उस की तस्करी की जाती है जिसके आलोक में गुप्त सूचना के आधार पर यह बड़ी कार्रवाई की गई है।

# जिले के नए उपायुक्त शेखर जमुआर ने श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जिले के नये उपायुक्त शेखर जमुआर प्रभार ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना किया।मंदिर के पुजारियों ने उपायुक्त को वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराया। उपायुक्त ने बाबा बंशीधर की पूजा अर्चना कर मनोवांछित फल की कामना व जिले में अमन चैन व शांति के लिए प्रार्थना किया। मंदिर के पुजारियों ने नये उपायुक्त को भगवान श्री राधा-कृष्ण की तस्वीर एवं बुके देकर सम्मानित किया तथा मंदिर के पुराने इतिहास के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। दर्शन पूजन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि शुक्रवार को श्री बंशीधर बाबा का दर्शन एवं पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दर्शन करने के बाद मैं धन्य हो गया। उन्होंने कहा कि ऐसी सुंदर और मनमोहिनी प्रतिमा पूरे विश्व में नहीं है। इसके बाद भी विकसित नहीं होना दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द इस मंदिर का विकास करने की दिशा में पहल किया जायेगा। जिससे कि पूरे विश्व से लोग आकर इस अलौकिक प्रतिमा का दर्शन कर सकेंगे।अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने जिले के नये उपायुक्त शेखर जमुआर को शॉल देकर व बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। दर्शन के बाद उपायुक्त ने हेन्हों मोड़ के निकट निमार्णाधीन बस स्टैंड,अधौरा रोड स्थित सर्किट हाउस का जायजा लिया। उपायुक्त ने सर्किट हाउस के संवेदक संजीत कुमार उर्फ छोटू को कार्य में तेजी लाकर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने नयाखांड स्थित बभनी खाड़ डैम एवं गोसाईबाग में आयोजित होने वाली बंशीधर महोत्सव के कार्यक्रम स्थल का भी अवलोकन किया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, सीआई दुखन राम, नगर प्रबंधक रवि कुमार, पुलिस सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार दास, कार्यपालक अभियंता राजीव रंजन, नगर पंचायत के नाजिर दिलीप कुमार, कनीय अभियंता उदय शंकर, लिपिक हरिओम चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**मारपीट का मामला**

# गढ़वा के सिविल सर्जन सहित सभी चिकित्सक हड़ताल पर



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह के साथ झामुमो नेताओं द्वारा की गई मारपीट की घटना के विरोध में आईएमए व झासा के आह्वान पर जिले के सरकारी अस्पतालों में ओपीडी ठप रहा। इससे मरीजों को बड़ी परेशानी हुई। हालांकि इमर्जेंसी सेवा चलती रही। चिकित्सक एवं कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। बताते चलें कि गुरुवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में पहुंचकर जिला परिषद की अध्यक्ष शांति देवी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, झामुमो के गढ़वा जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान व गढ़वा विधायक के स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि कंचन कुमार साहु समेत 40-50 की संख्या में पहुंचे लोगों ने हंगामा किया था। इस दौरान सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा.अवधेश सिंह को गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। साथ ही उनके साथ मारपीट भी की गई थी। इसके पश्चात हंगामा कर रहे लोगों ने सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार व डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह को कब्जे में लेकर उनके कार्यालय में ले गए तथा सीसीटीवी फूटेज को अपने लोगों के माध्यम से डिलिट करा दिया था। जबकि सिविल सर्जन कार्यालय के कर्मियों को भी सभागार में घुसने नहीं दिया था। इस घटना को लेकर स्वास्थ्य विभाग के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व झासा के पदाधिकारियों ने बैठक कर घटना की निंदा की। इसके पश्चात सदर अस्पताल परिसर से जुलुस की शक्ल में सभी चिकित्सक गढ़वा थाना पहुंचकर प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया। जबकि आईएमए व झासा की बैठक के बाद सदर अस्पताल गेट पर चिकित्सक व कर्मियों ने धरना दिया। इस दौरान एसडीओ राज महेश्वरम, अंचल अधिकारी गढ़वा कुमार मयंक भूषण व एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने मौके पर पहुंचकर चिकित्सकों से बात कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। लेकिन चिकित्सक नहीं मानें और उनका धरना जारी रहा। इधर, चिकित्सकों ने कहा कि पुलिस ने अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। लेकिन जब तक घटना में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होगी, तब उनका आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर आईएमए के गढ़वा इकाई के अध्यक्ष डा.आरएनएस दिवाकर, सचिव डा. कुमार निशांत सिंह, झासा के सचिव डा. कमलेश कुमार, पूर्व सिविल सर्जन डा.एनके रजक, डा. ज्वाला प्रसाद सिंह, डा. पंकज प्रभात, धुरकी के एमओआईसी डा. दिनेश कुमार, गढ़वा के एमओआईसी डा. दिनेश कुमार सिंह, डा. विजय किशोर रजक समेत कई चिकित्सक व कर्मी उपस्थित थे।

## भवनाथपुर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का ओपीडी बंद

**भवनाथपुर।** सिविल सर्जन कार्यालय मेंहंगामा और सदर अस्पताल के डीएस डा अवधेश सिंह के साथ मारपीट करने को लेकर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का ओपीडी पूर्ण रूप से बंद रहा। आज कोई भी डॉक्टर ओपीडी में ड्यूटी नही किया, डॉक्टरों की सुरक्षा प्रदान करने व मारपीट करने वाले आरोपियों के ऊपर कार्रवाई की मांग को लेकर जिला के सभी डॉक्टरों ने आज मरीज नही देखे जिसके कारण इलाज के लिए मरीज भटकते देखे गए गंभीर स्थिति वाले मरीज निजी क्लिनिक में जाकर इलाज कराया ओपीडी बन्द रहने से अस्पताल में सन्नाटा पसरा हुआ था अस्पताल में केवल इमरजेंसी खुला था लेकिन दो बजे तक इमरजेंसी में एक भी मरीज नही आये थे। मरीज अफताबअंसारी, इंद्रदेव राम, नाजिया खातून, कृष्णा प्रजापति, आजाद अंसारी, हे राज अंसारी, सुनील सिंह, रूपांजलि कुमारी, गीता देवी,अवनीश कुमार मकरी,नगीना बीबी छहमईलवा,चंदन दुबे कोनमंडरा, फिरोज अंसारी अरसली,आशा कुमारी मकरी आदि मरीज बगैर इलाज कराए ही बैरंग वापस लौट गए।

## झामुमो के नए प्रखंड कमेटी की हुई घोषणा

**भवनाथपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के भवनाथपुर प्रखंड का शुक्रवार को प्रखंड कमेटी का गठन बैठक कर किया गया। नय प्रखंड कमेटी का घोषणा गढ़वा जिला सचिव मनोज ठाकुर ने किया। नए प्रखंड कमेटी के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष संजय ठाकुर, राम सुंदर दास, शैलेन्द्र कुमार यादव, सुनील सिंह खरवार, शमशेर आजम, सचिव विनोद कुमार सिंह, सह सचिव हिरामन भुइयां, शैलेश चौबे, प्रवक्ता अरविंद यादव, कोषाध्यक्ष अजीमुद्दीन अंसारी, उपकोषाध्यक्ष विजय राउत, संगठन सचिव राजकुमार मेहता, सह संगठन सचिव यमुना पासवान, खदेरन बैठा, संयुक्त संगठन सचिव बिगन विश्वकर्मा, रामनिवास साह, गोपाल उरांव, सुखाड़ि भुइयां, नौलेज पासवान, मीडिया प्रभारी शशि कुमार दुबे, सहित 72 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। मौके पर नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि पार्टी जो जिमेवारी दी है उस पर मैं खरा उतरूंगा। सरकार की उपलब्धियां को घर-घर तक पहुचाऊँगा। पार्टी में एकता बनाते हुए पार्टी के लिए काम करूंगा। बैठक की अध्यक्षता ब्रजेश सिंह एवं संचालन विनोद सिंह ने किया।

## नप अध्यक्ष ने सोलरयुक्त जलमीनार का किया शिलान्यास



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर13 में कन्हाई साव के घर के निकट तथा वार्ड नम्बर 16 में सत्येन्द्र शुक्ल के घर के पास लगभग 13 लाख की लागत से हर घर नल जल योजना के तहत दो योजना सोलरयुक्त जलमीनार का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ ने संयुक्तरूप से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में हमने हर सम्भव प्रयास किया है।उन्होंने कहा कि पेयजल संकट से वार्डवासियों को निजात दिलाने के लिये आज दो सोलरयुक्त जलमीनार का शिलान्यास किया है।इससे 60 घरों में शुद्व पेयजल आपूर्ति किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मैं निःस्वार्थ भाव से प्रधानमंत्री आवास योजना,पीसीसी पथ,आरसीसी नाली,सोलर व विधुतयुक्त लाइट जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता को समर्पित किया हूँ। उन्होंने कहा कि मैं अपने पंचवर्षीय कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा के साथ सभी 17 वार्डो में जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में पहल किया हूँ। जिसका लाभ जनता को मिल रहा है।उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान ही हमने नगर पंचायत क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास की रूपरेखा तैयार किया था,जिसे वार्डवासियों के बीच पहुंचाया।उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर नगर पंचायत को लगभग 4 करोड़ की लागत से बनने वाले योजनाओं का सौगात मिलेगा।उन्होंने कहा कि जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारकर राज्य की अग्रणी पंक्ति में नगर पंचायत को शामिल कराने की दिशा में हमने लगातार प्रयास किया है। मौके पर वार्ड पार्षद संदीप कुमार,वार्ड प्रतिनिधि विजय ठाकुर,सत्येन्द्र शुक्ल,कन्हाई प्रसाद,आशीष केसरी,उमेश कश्यप,राम केसरी,आकाश केसरी सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## दो दिव्यांग के बीच ट्राई साइकिल का वितरण



**भवनाथपुर।** बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ जयपाल महतो तथा महिला सुपरवाइजर रिंकी कुमारी के द्वारा दो दिव्यांग लोगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। जिन्हें ट्राईसाइकिल प्रदान किया गया उनमें पंडरिया के कुलवंती कुमारी तथा अरसली उतरी के विदेशी बियार का नाम शामिल है। मौके पर प्रभारी सीडीपीओ ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को यंत्र वितरण किया जा रहा,जिससे उन्हें चलने में परेशानी नहीं हो,और वे अपना कार्य को आसानी से कर लें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग समाज के ही अंग है,इसलिए इनका उपहास करने के बजाए इनका साथ दें,क्योंकि इनके अंदर भी प्रतिभा की कमी नहीं होती है। कहा कि अरसली उतरी और पंडरिया के दो दिव्यांगजन आवेदन दिए थे,जिसके आलोक में उन्हें निःशुल्क ट्राई साइकिल प्रदान किया गया। दिव्यांग को ट्राईसाइकिल दिलाने में अरसली उतरी के मुखिया पति पिन्टू आलम और उपमुखिया पति दयानंद प्रजापति का सहयोग रहा।

## आंगनबाड़ी केंद्र भवन को नहर के निर्माण कार्य रोकने का निर्देश

**भवनाथपुर।** लघु सिंचाई विभाग के नगर उटारी अनुमंडल के सहायक अभियंता ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी भवनाथपुर को पत्र लिख कर भवनाथपुर के बुका गांव के पनियाही टोला में निर्माण हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र भवन को नहर के भूमि पर बताते हुए निर्माण कार्य रोकने का निर्देश दिया है। सहायक अभियंता ने कहा है कि भवनाथपुर पंचायत के मुखिया बेबी देवी ने 30 जनवरी को लघु सिचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता गढ़वा को आवेदन देकर भूमी की जांच करने की मांग किया था। जिसके आलोक में कनीय अभियंता अनिल कुमार एवं मुकेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से बुका गांव के पनियाही टोला में निर्मित चौरासी मध्यम सिंचाई योजना से निकासी नहर का निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण एवं जांचोप्रान्त पाया गया कि जिस स्थल पर आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जा रहा है जिसका पुराना खाता 195 प्लॉट संख्या 1214 एवं नया खाता संख्या 9 प्लॉट 2526 है। अभिलेख प्रमाण में पाया गया कि 1977 के प्रस्तावित प्राक्कलन में विभाग द्वारा नहर के लिए अधिगृहित भूमि की चौड़ाई 50 फिट का प्रावधान किया गया है।

# मंत्री के इशारे पर नहीं हुआ एफआईआर दर्ज : विकर्मा सिंह

### झामुमो की सरकार में बढ़ गई है गुंडा गर्दी : कन्हाई

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

भारतीय जनता पार्टी संवैधानिक पार्टी है,इस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कभी भी किसी व्यक्ति या विपक्षी दलों के नेता को अशब्द नहीं बोलते है। लेकिन झामुमो पार्टी के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर विधायक भानु प्रताप शाही के बारे में अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं,जो काफी निंदनीय है। उक्त बातें विधायक प्रतिनिधि विकर्मा सिंह ने मंडल कार्यालय केतार में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा। उन्होंने यह भी कहा भाजपा राष्ट्रीय पार्टी है और इस पार्टी के लोग गरीबों की हक की लड़ाई लड़ते हैं, गरीबों को न्याय दिलाते हैं। उन्होंने कहा की अमर्यादित टिप्पणी करने वाले युवक पर आवेदन देने के पांच दिन बाद भी मंत्री के इशारे पर थाना में एफआईआर दर्ज तक नहीं हुआ। उन्होंने कहा की मैं किसी भी हाल में थाना से आवेदन वापस नहीं लुंगा। वहीं मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने कहा की झामुमो की सरकार में गुंडा गर्दी बढ़ गई है। राज्य की जानता और अधिकारी सुरक्षित नहीं है। झामुमो के लोग किसी को कभी भी बेईज्जत कर सकते हैं यह उनलोगो का आम बात हो गया है।

## रा.उ.म.वि. केतना के छात्रा ने शिक्षक पर लगाया छेड़खानी का आरोप



**धुरकी।** गुरुवार के दोपहर धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत केतमा स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्राचार्य चंद्रशेखर राम पर उन्हीं के विद्यालय में पढ़ने वाली सातवि कक्षा की 12वर्षीय छात्रा ने छेड़खानी का आरोप लगाते हुए तत्काल इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। जिसके बाद विद्यालय पहुंचे परिजनों ने काफी हो हल्ला मचाते हुए आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए घटना की सूचना धुरकी थाने को दी गई। जिसके बाद धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमारविद्यालय पहुंचकर आरोपी शिक्षक चंद्रशेखर राम को पुछताछ के लिए थाना लाया गया और पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। एक तरफ जहां पीड़िता की मां ने इस घटना को कई बार की घटना कहा जिससे विवश होकर अंत में पुलिस को इसकी सूचना देनी पड़ी वही गांव के मुखिया नीला देवी ने बताया कि शिक्षक के ऊपर इस घटना के पिछे मे भी इस तरह का हि आरोप लगा था और इस बार भी शिक्षक भी वही और आरोप भी वही जो हमारे स्कूल में भी इस तरह का घटना देखने व सुनने को मिला है जो बहुत ही शर्मनाक है, वही आरोपी शिक्षक चंद्रशेखर राम ने कहा कि मुझ पर लगाए सारे आरोप निराधार और गलत हैं। उक्त बालिका को किसी ने बहला फुसलाकर मेरे ऊपर यह गलत संगीन आरोप लगाया जा रहा है।

## खपरैल घर में लगी आग, जलकर खाक

**चिनिया।** चिनिया थाना क्षेत्र के खुरी पंचायत के मसरा गांव में शुक्रवार की सुबह एक खपरैल घर में अचानक आग लग गई जो देखते ही देखते आग पूरे घर को राख कर गई। जिसके कारण भुक्तभोगी परिवार को लगभग पचास हजार रुपए की भारी क्षति का सामना करना पड़ा है। प्राप्त खबरों के अनुसार मसरा गांव निवासी कोदू चौधरी अपने पूरे परिवार समेत इसी मिट्टी के खपरैल घरों में रहा करते थे जो शुक्रवार की सुबह घर के लोग किसी काम से घर से बाहर गए थे तथा कोदू चौधरी अपने घर के पालतू पशुओं को बांधने के लिए जंगल की तरफ गए हुए थे। कुछ ही देर बाद लगभग 10:00 बजे ग्रामीणों ने घर के अंदर आंग की धुवे को निकलते हुए देखा जब नजदीक जाकर देखा तो घर से आग की लपेटे निकल रही थी, जो देखते ही देखते आग की लपेटे पूरे घर को जलाकर राख कर गई। वही ग्रामीणों के अथक प्रयास से काफी देर बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी घर के अंदर रखी सभी चीजें जलकर नष्ट हो गई गए थी।

**चुनाव** | जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव की घोषणा

# पुनः अध्यक्ष बने गौतम, मृत्युंजय महासचिव




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव के घोषणा के दिन गौतम कृष्ण सिन्हा को पुनः अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया वही महासचिव पद के लिए तीसरी बार मृत्युंजय तिवारी को निर्वाचित किया गया है। जिला अधिवक्ता संघ में कुल 252 मतदाता में 2 49 मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों में भृगु नाथ चौबे को 10, गौतम कृष्ण सिन्हा को 140 और नरेंद्र कुमार पांडे को 97 मत प्राप्त हुआ। अध्यक्ष पद में हुई कांटे की टक्कर में गौतम कृष्ण सिन्हा ने नरेंद्र कुमार पांडे को 43 मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद के त्रिकोणीय मुकाबले में देवेंद्र प्रजापति को 48, धीरेंद्र कुमार चौबे को 97 और सच्चिदानंद शुक्ला को 95 मत प्राप्त हुआ। इस तरह धीरेंद्र कुमार चौबे ने 2 मत से जीत हासिल की। महासचिव पद के त्रिकोणीय मुकाबले में 3 उम्मीदवार मैदान में थे जिनमें बृज देव विश्वकर्मा को 36, मृत्युंजय तिवारी को 110, और परेश कुमार तिवारी को 100 मत प्राप्त हुआ। इस तरह मृत्युंजय तिवारी 11 मतों से महासचिव निर्वाचित किए गए। कोषाध्यक्ष पद के आमने-सामने की टक्कर में अवध किशोर चौबे को114 और गरीबुला अंसारी को 132 मत प्राप्त हुए। उन्होंने और अवध किशोर चौबे को 18 मतों से पराजित किया। सहायक कोषाध्यक्ष पद के आमने-सामने के मुकाबले में पंचम कुमार सिंह ने 15 मतों से जीत हासिल की। पंचम कुमार सिंह को 125 रविशंकर प्रसाद को110 मत प्राप्त हुआ। संयुक्त सचिव पद 2 केवीए चतुष्कोण य मुकाबले में दीपक कुमार को 48 देवदत चौबे को 84, करुणानिधि तिवारी को 34, और ओमप्रकाश चौबे को 70 मत प्राप्त हुए। इस तरह देवदत चौबे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी ओमप्रकाश चौबे को 14 मतों से पराजित किया। संयुक्त सचिव पद दो के लिए आमने-सामने की टक्कर में प्रवीण कुमार पांडे को 118 और सोमनाथ विश्वकर्मा के 126 मत प्राप्त हुआ। सोमनाथ विश्वकर्मा ने प्रवीण कुमार पांडे को 8 मतों से पराजित किया। कार्यकारिणी सदस्य में 8 उम्मीदवारों ने अपना भाग्य आजमाया, जिसमें अमरेंद्र कुमार को 106, सत्यनारायण सिन्हा के 150, अशोक कुमार को 104 कृष्ण, कुमार मेहता को 126, परमानंद कच्छप को 73, राजीव कुमार पांडे को1 36, शशि भूषण तिवारी को 103, और विष्णु शंकर प्रसाद को 85 मत प्राप्त हुआ। इस तरह कार्यकारिणी सदस्यों में सत्यनारायण सिन्हा, राजीव कुमार पांडे, कृष्ण कुमार मेहता अमरेंद्र कुमार और अशोक कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया। क्षमा पदाधिकारी उपेंद्र प्रसाद सिंह सतीश कुमार मिश्रा प्रवेश शाहिद मौजूद थे।

# खीराखाड़ में पानी की किल्लत, ग्रामीण परेशान



**नवीन मेल। अजय सिन्हा**

**लातेहार।** जिले के मनिका प्रखंड के विशुनबांध पंचायत के खीराखाड़ गांव में पानी की काफी समस्या है। गर्मी शुरू होते ही लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। इस गांव में जनजाति समुदाय के लोगों की संख्या ज्यादा है। गांव में करीब 55 से 60 घर है। सबों का मुख्य पेशा खेती है। झारखंड बने दो दशक से ज्यादा हो गया है। लेकिन आज तक इस गांव में सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। आज भी लोग खेतों और पगडंडियों के सहारे गांव में पहुंचते हैं। इस गांव की प्रमुख समस्या पेयजल की है।

### एक चापाकल है जो खराब पड़ा है

ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव में मात्र एक चापाकल है। वह भी खराब हो गया है, लोग पास के नदी या ढोढ़ा से पानी ला कर अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करते है। गांव में एक पुराना कुआं भी है, लेकिन कुएं में पानी नहीं के बराबर है। गांव के बुधन परहिया ने बताया कि पिछले दिनों जब पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, तो ग्रामीणों ने गांव में चापाकल एवं कुएं आदि का निर्माण कराने की मांग की थी. लेकिन अभी तक मांग पर कोई पहल नहीं किया जा सका। अब गर्मी आने वाला है ऐसे में नदी-ढोढ़ा में भी पानी नहीं मिलेगा, तब लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. उन्होने बताया कि पहले परहिया टोला में एक सोलर जलमीनार लगाया गया था, लेकिन विगत कई महीने से वह भी खराब है। ऐसे में ग्रामीणों की परेशानियों का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

### गांव में सिंचाई का साधन नहीं है

गांव के ही लक्ष्मण सिंह ने कहा कि ग्रामीणों का मुख्य पेशा खेती करना है। लेकिन गांव में सिंचाई का साधन नहीं है. सरकार के द्वारा जो तालाब या डोभा बनाये गये हैं, उनमें पानी नहीं रहता है। पिछले साल भी बारिश नहीं होने के कारण खेती नहीं हो पायी थी। उन्होने गांव में पेयजल एवं सिंचाई की सुविधा बहाल कराने की मांग जिला प्रशासन से की है।

## सहायता राशि को लेकर शिविर आयोजित

**चंदवा।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से योग्य लोगों को जोड़ने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार से दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है, स्वास्थ्य सहायता राशि के लिए बिमारी से ग्रसित व्यक्तियों ने आवेदन के साथ, बिमारी, दवा और इलाज से संबंधित चिकित्सक की पर्ची, राशनकार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति संलग्न कर शिविर में जमा किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नंदकुमार पांडे ने शिविर में कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा असहाय गरीब जो किसी भी रोग से परेशान हैं उसकी आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से जोड़ा जाय।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव 27 से

**लातेहार।** शहर के रेलवे स्टेशन रोड में राजहार मोड़ के पास पंचमुखी हनुमान मंदिर का सातवां वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम आगामी 27 फरवरी से शुरू होगा। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक और कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद आरपीडी ने बताया कि 27 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर थाना चौक और मुख्य पथ होते हुए काली मंदिर मोड़ पहुंचेगी। इसके बाद मानस पथ और बाइपास चौक होते हुए चटनाही स्थित औरंगा नदी जाएगी। यहां कलशों में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नदी का पवित्र जल भरा जाएगा। इसके बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंचेगी। यहां कलशों की स्थापना की जाएगी। 28 फरवरी को वेदी पूजन किया जाएगा जबकि एक मार्च को सुबह 11 बजे हवन और पुणार्हुति किया जाएगा। इसके बाद विधायक वैद्यनाथ राम भंडारा का शुभारंभ करेंगे। समिति के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष ने लोगों को सभी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है।

## रहेया ग्राम में छह माह बाद मिली बिजली



**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत रहेया ग्राम मे छह माह से बिजली बाधित था जिसमे जिला परिषद सदस्य रमेश राम की नेतृत्व में 63 केविए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिप सदस्य राम ने बताया की रहेया के यादव टोला के ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी दी गई थी। विभाग से बात कर 63 केविए का ट्रांसफार्मर लगाया गया,वहीं जिला परिषद ने ग्रामीणों को बातया की बकाए विजली बिल की राशि आप सभी भुगतान करें उसके बाद सौ केविए का ट्रांसफार्मर लगवाने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर योगेंद्र पासवान, गोपाल यादव, चमन भुइयाँ, कामाख्या यादव, नागेश्वर यादव, रमेश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मंडल कार्यसमिति की बैठक

**लातेहार।** आज लातेहार जिले के हेरहंज मंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री मनीष जयसवाल के अध्यक्षता में मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी श्री मुकेश निरंजन सिन्हा जी एवं जिले के जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक श्री हरिकृष्ण सिंह जी मौजूद रहे। आज के कार्यक्रम में जिलाअध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कहा कि बंथ कमिटी को मजबूत करना है और केंद्र की योजनाओं को बूथ स्तर तक के कार्यकताओं और जनता के बीच लेकर जाना है झारखंड राज्य की वर्तमान सरकार सभी जगह बिफल साबित हो रही है ।वही जिला प्रभारी ने केंद्र की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की आज के कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री श्याम लाल गोस्वामी जी ने कि वही समाप्ति की घोषणा मंडल के महामंत्री श्री कन्हाई प्रसाद जी के द्वारा किया गया। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री अमित तिवारी जी, जिला मंत्री संतोष यादव जी मंडल प्रभारी सह जिला मंत्री ब्रजमोहन राम जी, गढ़वा जिला मंत्री ठाकुर प्रसाद महतो जी जिला कार्यसमिति सदस्य विजय गुप्ता जी व अजय तिवारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव मंडल सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन, मंडल उपाध्यक्ष शिव सिंह, भाजयुमो उपाध्यक्ष जीतेश यादव, जसमतिया कुंवर, महिला मोर्चा अध्यक्ष चिंतामणि देवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष गुड्डू वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## संत जोसेफ प्लस टू स्कूल में विधायक व डीसी ने किया तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

# महुआडांड़-लातेहार में तीरंदाजी प्रशिक्षण लें



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय में शुक्रवार को तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया. मुख्य अतिथि मनिका कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह व लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर एवं तीर चला कर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया. इससे पूर्व संत जोसेफ विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विधायक रामचंद्र सिंह एवं उपायुक्त भोर सिंह यादव का स्वागत गान से स्वागत किया गया। उपायुक्त भोर सिंह यादव ने कहा तीरंदाजी प्रशिक्षण हेतु 15 सेट महुआडांड़ एवं 15 सेट लातेहार में व्यवस्था की गई है, जनप्रतिनिधि और खेल पदाधिकारी एवं लोगों का कहना था कि यहां के लोग तीरंदाजी करना चाहते हैं। कुछ लोग खुद का उपकरण खरीदकर प्रशिक्षण कर रहे है, चुकी बहुत महंगे उपकरण होते हैं जिसे लोग पैसे के अभाव में अपने से नहीं खरीद पाते हैं, बहुत खुशी की बात है, हमारे जिला में दो जगह प्रशिक्षण केंद्र होने जा रहा है, जो नजदीक पड़े आप आएं, इस्तेमाल करें एवं कहा कि जो बच्चे इस विद्यालय में नहीं पढते हैं, अगर वह भी प्रशिक्षण लेना चाहे तो जिला के दोनो जगह कही नजदीकी केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, भविष्य में हॉस्टल बनाने का सोच हैं, बच्चे पूर्ण रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें, राज्य व देश का नाम रोशन करेंगे। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा उपायुक्त के प्रयास से तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित हो पाया है, हमें पूर्ण विश्वास है कि यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चे देश और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे, यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए संत जोसेफ विद्यालय के प्राचार्य फादर दिलीप ने कहा कि इच्छुक बच्चों को हम बेहतर प्रदर्शन करने का मौका देंगे, एवं इस प्रशिक्षण केंद्र के लिए विधायक एवं उपायुक्त समेत आए सभी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियो को धन्यवाद देते हैं। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी सविंद्र कुमार सिंह, ज्वाइंट सेक्रेट्री सुबल पन्ना, एसडीएम नीत निखिल सुरीन, एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेंग डांग, रेंजर वृदां पाडये, जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, रामनरेश ठाकुर, नूरूल अंसारी समेत शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# भैया/बहनों का दीक्षांत समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर , धर्मपुर पथ के वंदना सभागार में कक्षा दशम सत्र (2022 23) के भैया बहनों के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। परंपरा के अनुसार दीक्षांत समारोह की अगुवाई कक्षा नवम की भैया-बहनों के द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी एवं दशम कक्षा का प्रतिनिधित्व करते हुए बहन रेशमी कुमारी और भैया निखिल कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समकक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवम श्वेता ,अदिति और नंदिनी ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य बिजेंद्र शर्मा ने किया। बहन अनन्या, भैया जयदीप, बहन रिया आचार्य श्री ओंकार नाथ सहाय के द्वारा भैया /बहनों के बीच बताए गए पिछले 10 12 वर्षों में स्कूली जीवन के अच्छी चीजों को भविष्य में व्यवहार में लाते है। बहन रेशमी आचार्य आलोक पांडे जी ने एक लघु कथा के माध्यम से भैया - बहनों के बीच प्रेरणा देने का कार्य किया। आचार्य लाल बहादुर जी ने कहा कि आपके पंखों में जो उड़ान भरा हुआ है वह अनंत ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। आचार्य श्री विजेंद्र शर्मा ने आशीर्वचन में कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य एक अच्छा इंसान बनना है। रेनू गुप्ता ने एक गीत के द्वारा भैया बहनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नीलम दीदी ने भैया - बहनों को बताया कि विद्यालय बीज बोने का काम करता है जिस प्रकार बच्चा जन्म लेता है तो उसे मां उंगली पकड़ कर चलना सिखलाती है जब बच्चा चलना सीख लेता है तो मां उसे जीवन के राह में खुद से चलने देती है।

# खुले आसमान में रहने को विवश पांच अनाथ बच्चे

### चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट बेखबर



**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**

सरकारी उदासीनता के कारण चतरा जिले के अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बौधाड़ीह पंचायत के हारूल (चितवातरी) गांव में पांच अनाथ भाई खुले आसमान में रहने को विवश हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है की पांचों भाई नाबालिग हैं, इसके बाबजूद इनके पूर्नवास के लिए कोई पहल संबंधित विभाग के द्वारा नही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग एक वर्ष पूर्व बच्चों की मा मनिया देवी का निधन हो गया है। जबकी माता के निधन के 3 वर्ष पूर्व पिता बल्ली गंझू की मौत हो चुकी है। सबसे बड़ा भाई सरोज कुमार बताता है की किसी तरह से मेहनत मजदूरी कर अपने व भाइयों के लिए भोजन का प्रबंध करता हूं। ऐसे हालात में घर बनाना हमारे बस से बाहर की बात है। हलांकी फिर भी सरोज अपने चारों भाइयों को छत देने के लिए जद्दोजहद कर मिट्टी का दीवाल खड़ा कर रहा है। यदि इन अनाथ बच्चों को किसी भी तरह का सरकारी स्तर पर आवास देने का प्रबंध किया जाता तो शायद इन्हें भी छत के नीचे सुकून की नींद मिल पाती। सामाजिक स्तर पर भी कोई फरिश्ते का सहारा मिल जाता तो थोड़ी सहूलियत मिल जाती। लेकिन फिलहाल पांचों अनाथ भाई खुले आसमान में रहने को विवश हैं। वही संबंधित पंचायत क्षेत्र के पंचायत सेवक राजु रंजन का कहना है की अनाथ बच्चों के पिता का नाम प्रधानमंत्री आवास एसीसी डाटा में है परंतु सरकारी नियमानुसार 18 वर्ष के बाद ही किसी सदस्य के नाम से प्रधानमंत्री आवास का स्वीकृति दिया जा सकता है। जबकी अनाथ भाई में सबसे बड़ा भाई सरोज का उम्र भी 18 वर्ष से कम है। दुसरी ओर अनाथ व बेसहारा बच्चों के लिए बाल संरक्षण ईकाई (चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट) का गठन किया गया है और ऐसे बच्चों के पुनर्वास के साथ बेहतरी के लिए जवाबदेही भी किशोर न्याय अधिनियम के तहत तय की गई है। पर लंबे समय से बच्चों के पुनर्वास के लिए कोई कार्य नही किये जाना विभाग के कार्य पर ही प्रश्न खड़े करता है।

## अज्ञात अपराधियों ने युवक से लूट ली बाइक

**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खगड़वा ताड़ के समीप बीते रात 8 बजे अज्ञात अपराधियों ने ढ़ोलिया ग्राम निवासी दिपक कुमार से स्प्लेंडर प्लस जेएच 03 एम लूट लिया। घटना की जानकारी देते हुए दीपक कुमार ने बताया कि पाण्डेयपुरा से बलुरी जा रहा थे इसी क्रम में खड़वा ताड़ के समीप एक अपाची बाइक में सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा बाइक रोकने को कहा गया। बाइक रोकते ही मारपीट करके लुटेरों ने बाइक लूट कर फरार हो गए।

# अफीम के साथ तीन तस्कर धराये, जेल



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर थाना क्षेत्र के फुटबॉल मैदान के समीप वाहन चेकिंग के दौरान 4 किलो 2 सौ ग्राम गीला अफीम के साथ तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। तस्करों के पास से पुलिस ने एक मोबाइल, एक पैसन-प्रो जेएच 13 ई 3939 व एक अपाची जेएच 02 जेएच 02बीबी 2553 मोटरसाइकिल जप्त किया है। सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सीओ जयशंकर पाठक के नेतृत्व में फुटबॉल मैदान के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

## आज भदईबथान में दुगोला कार्यक्रम आयोजित



**लातेहार।** मनिका पंचायत के भदईबथान गांव में शनिवार को भव्य दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जहां दुगोला कार्यक्रम में गायक सुदर्शन यादव और शिव शंकर यादव एक से बढ़कर एक गीत संगीत पेश करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी व चुनाव प्रभारी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। जिसे लेकर क्षेत्र के युवाओं में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव,झामुमो नेता सह जिप सदस्य बलवंत सिंह,पूर्व जिप सदस्य रघुपाल सिंह,राजद के किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव समेत कई अन्य भी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नवयुवक संघ कमेटी के सदस्यों के द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सदस्यों ने मनिका पुलिस प्रशासन को भी कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दे दी है। मौके पर कमेटी के लोगों ने प्रखंड और दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों से आग्रह किया है कि भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## पुलिस ने किया अफीम की खेती को नष्ट

**हेरहंज।** थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बतलाया कि खैराटाद में लगे 5 एकड़ जंगल की जमीन में लगे अफीम पोस्ते की खेती को किया गया नष्ट जंगल के जमीन में किसने पोस्ते की खेती की थी इसकी जानकारी पता की जा रही है । थाना प्रभारी शुभम कुमार द्वारा अभियान चलाकर 60 एकड़ भूमि पर पोस्ते की खेती नष्ट किया जा चुका है । अभी तक पोस्ते की खेती में संलिप्त लोगोंपुष्टि की खेती करने वाले 8 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है । अभी और कुछ इलाकों में अफीम पोस्ते की खेती लगी हुई है उसे भि अभियान चलाकर नष्ट किया जाएगा।

**आस्था-श्रद्धा** | अखिल भारतीय भुइयां कल्याण समिति ने किया महोत्सव का आयोजन

# माता शबरी के बिना भगवान राम अधूरे : संतोषी



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के छैंचा पंचायत के चपरी मेला टांड़ मैदान में अखिल भारतीय भुईयां कल्याण समिति द्वारा माता शबरी पूजा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के जिप सदस्य सन्तोषी शेखर, अवर सचिव सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार दिलीप कुमार साहू, विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री रमेश उरांव समेत अन्य कई लोग शामिल हैं। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा माता शबरी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ-साथ पूजा अर्चना करके की गई। जिसके बाद आयोजन समिति के द्वारा अतिथियों का भी स्वागत सम्मान करने का काम किया गया। माता शबरी के पूजा महोत्सव कार्यक्रम को लेकर पलामू से चलकर आए भोजपुरी गायक महेंद्र राम के द्वारा माता शबरी के सम्मान में एक से बढ़कर एक भक्ति और सांस्कृतिक गीत पेश किया गया। जीप सदस्य सन्तोषी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि माता शबरी सामाजिक समरसता के प्रतिक है और उनके बिना भगवान राम और उनके जीवन की पूरी कल्पना अधूरी है क्योंकि माता शबरी और भगवान राम के अटूट सबंध के कारण समाज को आज भी एक सूत्र में बांधने का काम किया जाता है. उन्होंने यह भी कहा कि माता शबरी ने अपने जीवन काल में जहां समाज में पशु हत्या को रोकने को लेकर अपना सब कुछ छोड़ा था वही भगवान राम के साथ वनवास के दौरान बीते लम्हों ने समाज से जाति धर्म भेदभाव को खत्म करने का एक संदेश भेजने का काम किया था । सांस्कृतिक मंत्रालय के सचिव दिलीप कुमार साहू ने कहा कि आज अपनी संस्था के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों और आम जनों के अधिकार के प्रति जागरूक करने का अभियान चला रहा हूं और ऐसे समय में माता शबरी की पूजा को लेकर भुईया समाज के लोगों की एकजुटता एक बेहतर संदेश आने वाले कल का है हम सभी को भुईया समाज के लोगों को आगे ले जाने के लिए सार्थक कदम उठाना चाहिए ताकि समाज का उत्थान हो सके। अन्य कई वक्ताओं ने अपने संबोधन में माता शबरी की गुणगान किया। इस दौरान मौजूद लोगों के बीच प्रसाद के रूप में आयोजन समिति के द्वारा खिचड़ी के वितरण करने का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदस्य अतुल कुमार सिंह , खुरा मुखिया जितेंद्र सिंह ,पूर्व उप मुखिया शंकर राम, भाजपा महामंत्री मनोज प्रसाद , भुइया समाज के संरक्षक रंजीत राम, विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री सागर कुमार, विरेन्द्र प्रसाद,मंच संचालक कैलाश राम, गणेश राम, राजाराम प्रदीप राम ,संपत राम समेत काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

# बारियातू, डाढा व चुम्बा में धूमधाम से माता शबरी की जयंती मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू**

बारियातू। प्रखंड के डाढा स्थित ढूबा में अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष लाखो भुइंया के नेतृत्व में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ माता शबरी की जयंती मनाई गई। पूजा समिति के अध्यक्ष सुकरी देवी , कोषाध्यक्ष गीता देवी, सचिव ,सीता देवी सहित अन्य कई लोगों ने विधिवत वैदिक मंत्रोचार के साथ माता साबरी की पूजा की। अध्यक्षता कर रहे लाखों भुईयां ने बताया की हम सभी भुइया समाज के लोग माता साबरी की पूजा डाढा के ढूबा में चार वर्ष से मना रहे है, हमारे भुईयां समाज के लिए माता साबरी मुख्य मार्ग दिखाने की काम किए थे। मौके पर उपस्थित प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया सुरेश उरांव, पंसस जया देवी समाजसेवी राजेश उरांव, नंदू उरांव व संतोष कुमार भारती को स्वागत किया गया. शबरी पूजा में गणेश भुईयां,गुड्डू भुईयां, विजय भुइयां, बबलू भुईयां, संतोष भुइयां, सूरज भुइयां, सरोज देवी, बबीता देवी, संगीता देवी, पूनम देवी मुख्य भूमिका निभा रहे थे। इधर बारियातू मे मंटू भुइयाँ की देख रेख मे तीन वर्ष से पूजा मनाया जा रहा है जिसमे दिनेश भुइयाँ, चरकु भुइयाँ, बंसी, बनारसी व संतोष ने अहम भूमिका निभाए. गोनिया पंचायत के चुम्बा में बाजो भुइयां के नेतृत्व मे माता शबरी का पूजा धूमधाम से मनाया गया जहाँ सुकन भुइयां, बिक्की भुइयां, बूटन व भोला सहित भुईयां समाज के लोग उपस्थित थे।

# नौवहन क्षेत्र में ईंधन की 90 प्रतिशत जरूरत : सोनोवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत नौवहन क्षेत्र में 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 30 प्रतिशत कम करने के लिए प्रमुख बंदरगाहों में प्रदूषण के शमन के लिए विभिन्न उपाय कर रहा है। केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने गुरुवार को राजधानी में स्वस्थ विकास पर एक अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक सम्मेलन में यह जानकारी दी। राजधानी में स्वास्थ्य विकास विषय पर केंद्रित सम्मेलन -वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट में सोनोवाल ने कहा, तटीय नौवहन क्षेत्र में ईंधन की 90 प्रतिशत जरूरत इस समय खनिज ईंधन से पूरी की जा रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुद्रीय नौवहन संगठन (आईएमओ) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उत्सर्जन रोक-थाम के उपाय नहीं किए जाते हैं तो 2050 तक नौवहन क्षेत्र में ग्रीन-हाउस प्रभाव पैदा करने वाली गैसों के उत्सर्जन का स्तर 2008 की तुलना में 50 प्रतिशत से लेकर 250 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में तटीय नौवहन में उत्सर्जन कम करने के लिए प्रमुख बंदरगाहों पर सूखे माल को चढ़ाने उतारने के काम का मशीनीकरण किया जा रहा है और डीजल आरटीजी को जगह इलेक्ट्रिक हाइब्रिड आरटीजी से बदला जा रहा है। सोनोवाल ने भारत में नौवहन क्षेत्र को हरित बनाने के साथ-साथ इसमें प्रदूषण की गहनता कम करने तथा इस क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन के बड़े स्तर पर प्रयोग के लिए रणनीति विकसित करने के लिए एक रोडमैप विकसित करने की आवश्यकता




पर बल दिया। सम्मेलन में नार्वे की प्रतिनिधि और वहां की एगडर काउंटी की गवर्नर जीना लुंड ने कहा कि नॉर्वे की अधिशेष अक्षय ऊर्जा क्षमताएं स्थान घेरने वाली कंपनियों को आकर्षित कर रही है, लेकिन बदले में यह देश के प्राकृतिक क्षेत्रों के साथ-साथ आवास क्षेत्र पर भी भारी बोझ डाल रही है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्ताहांत पर लंदन ब्रेंट क्रूड 0.95 प्रतिशत की बढ़त लेकर 82.99 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.93 प्रतिशत चढ़कर 76.09 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

## टीसीएस के बेंगलुरु नवाचार केंद्र का उद्घाटन

**बेंगलुरू।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने गुरुवार को यहां जापानी कंपनी रेनेसास और देश की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस की साझेदारी में स्थापित नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया। इस नवाचार केंद्र में भारत और जापान की प्रतिभाओं का संगम होगा। इस मौके पर श्री चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार भारत को सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। इसके लिए पाठ्यक्रम को फिर से डिजाइन करने, लैब बनाने और अनुसंधान को प्रोत्साहन देने, और विश्वविद्यालयों की क्षमता बढ़ाने के लिए वित्तपोषण जैसी पहलें शुरू की गई हैं।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### जलपथ प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक-115 दिनांक- 13.02.2023 द्वारा प्रकाशित e-Tender Reference No.-WRD-Water Ways Division, Medininagar $F_2$05/2022-23 दिनांक-13.02.2023 PR No.-290268 Water Resource (22-23)_D प्रकाशित निविदा में अंकित कार्यों के Terms and Conditions के क्रम सं0-05 में आंशिक संशोधन करते हुए Cost of tender/bidding document in the shape of demand draft issued by State Bank of India, in favour of Executive Engineer, Water Ways Division, **Medininagar** payable at **Daltonganj** के स्थान पर Cost of tender/bidding document in the shape of demand draft issued by any Scheduled/nationalised Bank in India, in favour of Executive Engineer, Water Ways Division, **Medininagar** payable at **Daltonganj** पढ़ा जाय।

इसे हद तक संशोधित समझा जाय। अन्य Terms and Conditions पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 291164 Water Resource(22-23)#D


# 'देशों को वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने की जरूरत'



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विकसित देशों से वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता और विश्वास वापस लाने की अपील की। बेंगलुरू में भारत की जी 20 अध्यक्षता के तहत वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स (एफएमसीबीजी) की पहली बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं पर निर्भर है कि वे वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता, आत्मविश्वास और विकास वापस लाएं। प्रधान मंत्री ने सदस्यों से दुनिया के सबसे कमजोर नागरिकों पर फोकस करने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक आर्थिक नेतृत्व एक समावेशी एजेंडा बनाकर ही दुनिया का विश्वास जीत सकता है। उन्होंने कहा, वैश्विक आर्थिक नेतृत्व एक समावेशी एजेंडा बनाकर ही दुनिया का विश्वास वापस जीत सकता है। उन्होंने कोविड महामारी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसके बाद के प्रभाव, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, बढ़ती कीमतें, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, कई देशों की व्यवहार्यता को प्रभावित करने वाले अस्थिर ऋण स्तर और अर्थव्यवस्था के क्षरण का उदाहरण दिया। भारत के डिजिटल विकास पर उन्होंने कहा कि देश ने अपने डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम में अत्यधिक सुरक्षित, भरोसेमंद और कुशल सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार किया है। प्रधान मंत्री ने कहा, हमारा डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम एक मुक्त सार्वजनिक वस्तु के रूप में विकसित किया गया है। यूपीआई कई अन्य देशों के लिए उदाहरण हो सकते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवंतता पर प्रकाश डालते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह भारत की अर्थव्यवस्था में भारतीय उपभोक्ताओं और उत्पादकों के आशावाद को दर्शाता है और उम्मीद है कि सदस्य उसी सकारात्मक भावना को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करते हुए प्रेरणा प्राप्त करेंगे। दो दिवसीय बैठक में जी20 देशों के वित्त मंत्रियों की भागीदारी होगी, जो 2023 में जी20 भारत की अध्यक्षता में जी20 वित्त ट्रैक प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके अलावा बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने, वैश्विक ऋण कमजोरियों, क्रिप्टो संपत्ति और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

## जी-20 वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक

**बेंगलुरु।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज जी 20 बैठक से पहले अमेरिका और जापान सहित अन्य देशों के वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने क्रिप्टोकरेंसी को विनियमित करने के लिए वैश्विक ढांचा बनाने, वैश्विक ऋण जोखिमों से निपटने के उपायों और बहुपक्षीय विकास बैंक को मजबूत बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक यहां कल से शुरू होगी। जी 20 विकसित और विकासशील देशों का एक समूह है। सीतारमण इस दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए यहां आई हैं। उन्होंने अब तक अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन, जापान के वित्त मंत्री शुनिची सुजुकी और इटली के वित्त मंत्री जियानकार्लो जियोरगेट्टी के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें की हैं। उनकी ऐसी 10 से अधिक बैठकें हुई है। वित्त मंत्री ने सुश्री येलन के साथ अपनी बैठक में क्रिप्टोकरेंसी को विनियमित करने और बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने बैठक के बाद ट्वीट किया, दोनों नेताओं ने



2023 में जी20 की भारत की अध्यक्षता के तहत वित्तीय प्राथमिकताओं पर विचार विमर्श किया। उन्होंने बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने, वैश्विक ऋण की कमजोरियों, क्रिप्टोसंपत्तियों को विनियमित करने और स्वास्थ्य को मजबूत करने के अलावा जस्ट एनर्जी ट्रांजिशन पार्टनरशिप (जेईटीपी) पर चर्चा की। एक अलग ट्वीट में मंत्रालय ने कहा कि श्रीमती सीतारमण ने अपनी जापानी समकक्ष के साथ ह्यजी20 वित्त ट्रैक 2023 के तहत प्राथमिकताओं पर चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि इटली के वित्त मंत्री ने बैठक के दौरान 2023 में भारत की सफल अध्यक्षता के लिए अपना पूरा समर्थन देने की बात कही।

## यूट्यूब म्यूजिक को जल्द ही मिलेंगे पॉडकास्ट

**नई दिल्ली।** गूगल के स्वामित्व वाला म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म यूट्यूब म्यूजिक जल्द ही यूएस में उपयोगकताओं के लिए पॉडकास्ट पेश करेगा। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, यूट्यूब के पॉडकास्टिंग प्रमुख काई चुक ने गुरुवार को घोषणा की कि पॉडकास्ट जल्द ही यूट्यूब म्यूजिक पर उपलब्ध होगा। यूट्यूब के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है, हम जल्द ही यूएस में उपयोगकर्ताओं के लिए यूट्यूब म्यूजिक में ऑडियो और वीडियो-प्रथम पॉडकास्ट दोनों को लाना शुरू करेंगे, जिससे पॉडकास्ट अधिक खोज योग्य और सुलभ हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है, इससे उन पॉडकास्ट को बनाने में मदद मिलेगी।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**प्रथम शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई-प्रोक्योरमेन्ट (1st Call) निविदा सूचना संख्या-**DWSD/GAR/SVS-22/2022-23,** दिनांक-02.02.2023 **(Construction of 31 Nos SVS under JJM** जो PR No. 273094 द्वारा 31 ग्रुपों की निविदा प्रकाशित है, जिसमें अपरिहार्य कारणों से प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि, तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :-

| क0 सं0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | | | संशोधित कर प्रकाशित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| - | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through DT/HYDT/GPT (Solar based) 01/2.0 H.P. DC Motor pump complete set for different tolas of concern villages which is not included/included in MVS etc. work **under (JJM)** For the year 2022-23 . | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (in Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (in Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) |
| 1 | **Korta, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 16,79,040.00 | 34,000.00 | 5,000.00 | 16,73,248.00 | 34,000.00 | वही |
| 2 | **Kitasoti Khurd, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 96,10,920.00 | 1,93,000.00 | 10,000.00 | 96,83,579.00 | 1,96,000.00 | वही |
| 3 | **Potma, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 74,42,127.00 | 1,49,000.00 | 10,000.00 | 74,85,001.00 | 1,50,000.00 | वही |
| 4 | **Tulbula, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 77,58,135.00 | 1,56,000.00 | 10,000.00 | 78,01,419.00 | 1,56,500.00 | वही |
| 5 | **Gangi kala, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 31,30,974.00 | 63,000.00 | 5,000.00 | 31,49,970.00 | 63,000.00 | वही |
| 6 | **Parihara, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 73,45,602.00 | 1,47,000.00 | 10,000.00 | 74,07,449.00 | 1,48,500.00 | वही |
| 7 | **Kitasoti kala, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 84,67,371.00 | 1,70,000.00 | 10,000.00 | 85,46,761.00 | 1,71,000.00 | वही |
| 8 | **Pataria, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 63,10,854.00 | 1,27,000.00 | 10,000.00 | 63,56,927.00 | 1,27,500.00 | वही |
| 9 | **Nawadih, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 26,30,529.00 | 53,000.00 | 5,000.00 | 26,45,006.00 | 53,000.00 | वही |
| 10 | **Karuwa khurd, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 71,86,608.00 | 1,44,000.00 | 10,000.00 | 72,02,634.00 | 1,44,500.00 | वही |
| 11 | **Karke, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 94,73,013.00 | 1,90,000.00 | 10,000.00 | 95,63,935.00 | 1,92,000.00 | वही |
| 12 | **Honhe Khurd, SVS** Group of Scheme under Ranka Block | 33,29,568.00 | 67,000.00 | 5,000.00 | 33,48,592.00 | 67,000.00 | वही |
| 13 | **Lukumbar, SVS** Group of Scheme under Ranka Block | 20,67,912.00 | 42,000.00 | 5,000.00 | 20,63,828.00 | 42,000.00 | वही |
| 14 | **Daho, SVS** Group of Scheme under Ramkanda Block | 58,08,627.00 | 1,17,000.00 | 10,000.00 | 58,50,289.00 | 1,17,500.00 | वही |
| 15 | **Khura, SVS** Group of Scheme under Ranka Block | 50,59,890.00 | 1,02,000.00 | 10,000.00 | 51,02,782.00 | 1,02,500.00 | वही |
| 16 | **Jhagraha, SVS** Group of Scheme under Ranka Block | 29,94,552.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 30,09,122.00 | 60,500.00 | वही |
| 17 | **Chafla, SVS** Group of Scheme under Chinia Block | 53,88,867.00 | 1,08,000.00 | 10,000.00 | 54,30,448.00 | 1,09,000.00 | वही |
| 18 | **Tanril, SVS** Group of Scheme under Chinia Block | 14,88,762.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 14,90,538.00 | 30,000.00 | वही |
| 19 | **Masuria Khurd, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 32,08,491.00 | 65,000.00 | 5,000.00 | 32,12,624.00 | 65,500.00 | वही |
| 20 | **Banutikar, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | 24,06,888.00 | 49,000.00 | 5,000.00 | 24,22,687.00 | 49,000.00 | वही |
| क0 सं0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | | | संशोधित कर प्रकाशित | | |
| 21 | **Tetardih, SVS** Group of Scheme under Ramkanda Block | 48,22,983.00 | 97,000.00 | 5,000.00 | 48,63,995.00 | 97,500.00 | वही |
| 22 | **Chhapardaga, SVS** Group of Scheme under Danda Block | 82,66,302.00 | 1,66,000.00 | 10,000.00 | 83,37,404.00 | 1,67,000.00 | वही |
| 23 | **Chak Chhapardaga, SVS** Group of Scheme under Danda Block | 5,44,797.00 | 11,000.00 | 750.00 | 5,47,426.00 | 11,000.00 | वही |
| 24 | **Bhikhahi, SVS** Group of Scheme under Danda Block | 61,13,448.00 | 1,23,000.00 | 10,000.00 | 61,47,884.00 | 1,23,000.00 | वही |
| 25 | **Korta, SVS** Group of Scheme under Danda Block | 45,28,656.00 | 91,000.00 | 5,000.00 | 45,28,449.00 | 91,000.00 | वही |
| 26 | **Bongasi, SVS** Group of Scheme under Danda Block | 26,15,877.00 | 53,000.00 | 5,000.00 | 26,35,253.00 | 53,000.00 | वही |
| 27 | **Honhe kala, SVS** Group of Scheme under Ranka Block | 72,46,602.00 | 1,45,000.00 | 10,000.00 | 73,00,571.00 | 1,45,500.00 | वही |
| 28 | **Lehdaha, SVS** Group of Scheme under Ranka Block | 26,32,410.00 | 53,000.00 | 5,000.00 | 26,40,253.00 | 53,000.00 | वही |
| 29 | **Pragwal, SVS** Group of Scheme under Ranka Block | 11,59,290.00 | 24,000.00 | 2,500.00 | 11,63,378.00 | 24,500.00 | वही |
| 30 | **Dale, SVS** Group of Scheme under Ranka Block | 34,20,549.00 | 69,000.00 | 5,000.00 | 34,45,208.00 | 69,000.00 | वही |
| 31 | **Bohahara, SVS** Group of Scheme under Ranka Block | 93,12,633.00 | 1,87,000.00 | 10,000.00 | 93,76,590.00 | 1,88,000.00 | वही |

निविदा की तिथि एवं समय :-

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित कर प्रकाशित |
|---|---|---|---|
| 1 | **Date & time of Publication of Tender on Website** | 10.02.2023/12:30 P.M. | **03/03/2023 12:30 P.M.** |
| 2 | **Last date/Time of Bid Submission** | 15.02.2023/05:00 P.M. | **10/03/2023 05:00 P.M.** |
| 3 | **Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy)** | 16.02.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. **(1)** Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. **(2)** Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Medininagar. | **11/03/2023 10:30 AM to 05:00 P.M.** **(1)** Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. **(2)** Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Medininagar. |
| 4 | **Date & time of Opening Tender** | 17.02.2023/04:00 P.M. | **13/03/2023 04:00 P.M.** |

नोट - (I) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि-पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।
(iii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर या कार्यालय में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR291168 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D


### रात की धारणा

- मुम्बई मूंगफली तेल **1695 से 1700**
- मुम्बई पाम तेल **970 से 975**
- मुम्बई सोयाबीन रिफाइंड **1130 से 1135**
- राजकोट तेलिया **2690 से 2700**
- गुजरात मूंगफली तेल **1690 से 1700**
- गुजरात कपास्या तेल **1025 से 1035**
- मूंगफली तेल इंदौर **1710 से 1720**
- सोयाबीन रिफाइंड **1110 से 1115**
- इंदौर सोयाबीन साल्वेंट **1090 से 1095**
- इंदौर पाम तेल **1030 से 1035** रुपये प्रति दस किलोग्राम।

## पहली अप्रैल से पैसा निकासी का नया नियम

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि के दौरान कोयले का उत्पादन 16 प्रतिशत बढ़कर 698 मिलियन टन हो गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 601 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया गया था। कोयला मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, उपरोक्त अवधि के दौरान, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 478.12 मिलियन टन के मुकाबले 15.23 प्रतिशत बढ़कर 550.93 मिलियन टन हो गया। बिजली की खपत में निरंतर वृद्धि के कारण कोयले की मांग में तेज वृद्धि के कारण घरेलू कोयले के उत्पादन में वृद्धि से देश को आयात पर काफी हद तक अंकुश लगाने में मदद मिली है।


### झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग
### चाय बगान, कालीनगर, नामकोम, राँची-834010.

**संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2016**

**आवश्यक सूचना** दिनांक: 24.02.2023

दिनांक-15.12.2022 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील सिविल अपील संख्या-4038/2022 तथा सिविल अपील संख्या-4044/2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या-612/2022 मामलें में पारित न्यायादेश के अनुपालन के क्रम में संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2016 में गठित राज्य स्तरीय मेधा सूची के आधार पर **विशय-वाणिज्य, कुडुख, उड़िया एवं अरबी** के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जाँच आयोग कार्यालय कालीनगर, चायबागान, नामकोम, राँची में **दिनांक-28.02.2023 को** प्रथम पाली में होगी।

2.किसी कारणवश अनुपस्थित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जाँच **दिनांक-03.03.2023 एवं दिनांक-06.03.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक** किया जायेगा। अनुपस्थित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु उपस्थित होने का यह अंतिम अवसर होगा। इस अवसर पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता स्वतः रद्द समझी जायेगी।

3.विस्तृत सूचना आयोग के वेबसाईट-**www.jssc.nic.in** में उपलब्ध है।

4.अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु आमंत्रित करना परीक्षाफल गठन अन्तर्गत अभिन्न कार्रवाई है, एवं स्वतः नियुक्ति हेतु अनुशंसा का द्योतक नहीं है।

ह०/-
परीक्षा नियंत्रक
झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग

PR291191 (Jharkhand Staff Selection Commission)22-23*D



### कार्यालय नगर परिषद विश्रामपुर

पत्रांक-................../दिनांक-......................

**आम-सूचना**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के नगर परिशद विश्रामपुर शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 10.03.2023 को नगर परिशद विश्रामपुर को पूर्वाह्न 11:30 AM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/- (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 02 (दो पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) | |

दिनांक 10.03.2023 को नगर परिशद विश्रामपुर को पूर्वाह्न 11:30 AM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर परिशद विश्रामपुर कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

सहायक नगर आयुक्त
नगर परिषद विश्रामपुर

PR 291179 District (22-23)_D

ज्ञान की बात

**स्नान करने के लिए यदि कोई राजा अपने आभूषण उतारकर बाहर रखे, कुंड में प्रवेश करे, तो निर्धन तो नहीं हो जाएगा । वैसे यदि आप अपने धर्म का निर्वाह करने के लिए वनवास रहें हैं, तो आप वनचर तो नहीं हो जाएंगे।**
*- ठाकुरजी*



# भ्रष्टाचार का मंच

***भ्रष्टाचार*** आज मंच बन गया है। सरकारी विभाग इसके पोषक बन गये हैं। इसके तार सभी लोगों से जुड़े होते हैं। इस गंदगी को फैलाने में पूरा महकमा लगा हुआ है। जितना बड़ा करप्ट व्यक्ति होगा,उसकी पूछ उतनी ही बड़ी होगी। हमारे कई नामचीन नेता जेल की हवा खा चुके हैं। दुर्भाग्य की उनके चेहरे पर आज कोई सिकन नहीं देखने को मिलती है। मामला न्यायालय में लंबित हैं। न्याय की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि परिणाम आने में पीढ़ियां गुजर जाती हैं। ऐसे इस मंच के पहरेदार हमारे समाज में हर जगह मिल जायेंगे। भ्रष्टाचारी परिवार की ऐंठन ऐसी कि उनका बेटा 35 हजार की शर्ट और 300 रूपये लीटर का विदेशी पानी पीता है। शर्म -हया नाम की कोई चीज नहीं है। हम बात कर रहे हैं अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले झारखंड के ग्रामीण कार्य विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की। क्या कोई सोचा भी था कि यह व्यक्ति इतना भी करप्ट होगा? अब आने वाले दिनों में कई चेहरे बेनकाब होंगे। ऐसे में भ्रष्टाचार की गंगोत्री में कितना पानी अभी बचा है,यह देखना बाकी है। एक बार फिर इन महोदय की वजह से भ्रष्टाचार जैसे शब्दों की व्याख्या शुरू हो गयी है। ऐसे में देखना होगा कि परियोजना की निविदा में कमीशन व घोटाला किस स्तर तक होता था। यह ईडी की कार्रवाई के बाद सबको ज्ञात हुआ। इस छापेमारी में यह बात सामने आई कि जल संसाधन विभाग के अभियंता को ऐसे विभाग का मुख्य अभियंता बना दिया गया जिसके लायक वह नहीं था। यहीं से गड़बड़ी शुरू हो जाती है। आखिर किस पात्रता के तहत इस व्यक्ति को इतनी बड़ी जवाबदेही दी गई। उसे बनाने वाला अधिकारी कौन था? इसकी भी जांच जरूरी है। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि बिरेन्द्र राम को भ्रष्टाचार में बढ़ावा देने वाले किस स्तर के लोग थे। यह सर्वविदित है कि इससे पहले भी बिरेन्द्र की छवि बहुत अच्छी कभी नहीं रही है। बावजूद आंख मूंद कर इन पर कैसे विश्वास किया गया। ऐसे में बिरेन्द्र राम से ज्यादा दोषी वह लोग हैं,जो इसे आश्रय देते रहे हैं। मर्डर करने वाला उतना दोषी नहीं,जितना उसकी साजिश रचने वाला होता है। ऐसी स्थिति में ऐसे लोगों का ईडी के अलावा सामाजिक बहिष्कार की रणनीति समाज को बनानी चाहिए। तभी इनका मंच धराशाई होगा। बहरहाल इंजीनियर बिरेन्द्र को इस मामले में ऐसी सजा होनी चाहिए कि कोई दूसरा बिरेन्द्र भविष्य में पैदा न हो।

**न्याय की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि परिणाम आने में पीढ़ियां गुजर जाती हैं। भ्रष्टाचारी परिवार की ऐंठन ऐसी कि उनका बेटा 35 हजार की शर्ट और 300 रूपये लीटर का विदेशी पानी पीता है।**

# गरीबों का आर्थिक स्वावलम्बन जरूरी





ललित गर्ग

***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत नौ वर्ष में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नये विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही संतुलित समाज संरचना की जा सकती है। गरीबी के आंकड़ों में कमी के लिए इनदिनों दो घटनाक्रमों का जिक्र सुनने को मिल रहा हैं। पहला, ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये बड़ी मात्रा में नगद भुगतान और दूसरा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी युक्त ईंधन एवं मुफ्त अनाज। गरीबी के स्तर पर इन कार्यक्रमों के प्रभाव को मापने का एक आधार है। मसलन, इन कार्यक्रमों से लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है और उन्हें मजदूरी से आय मिलती है, यह गरीबी दूर करने का प्रभावी तरीका है। कल्याणकारी योजनाओं के रूप में सस्ती गैस का अर्थ है एक प्रमुख घरेलू खर्च की बचत। वहीं मुफ्त खाद्यान्न का अर्थ है भोजन पर होने वाले खर्च में बचत यानी बढ़ी हुई आय। भारत अमीर-गरीब के बीच बढ़ रहा फासला एक चिन्ता का कारण ही नहीं, बल्कि बड़ा राजनीतिक मुद्दा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह मुद्दा कभी भी राजनीतिक मुद्दा नहीं बना। शायद राजनीतिक दलों की दुकानें इन्हीं अमीरों के बल पर चलती है और गरीबी कायम रहना उनको सत्ता दिलाने का सबसे बड़ा हथियार है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है? इस मामले में राहुल गांधी ने पहली बार अपनी भारत जोड़ो यात्रा में यह मुद्दा उठाकर अपने राजनीतिक कद को तनिक ऊंचाई दी है। उनके कारण कम से कम अमीर और गरीब के बीच बढ़ती

**देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं।**

**इन दिनों**

हुई खाई का सवाल देश के मानस पटल पर दर्ज हुआ है। राजनीति से इतर अर्थशास्त्रियों और विश्व की नामचीन संस्थाओं की रपटों में यह सवाल लगातार रेखांकित हो रहा है। लेकिन मोदी सरकार बिना शोर-शराबे के गरीबी उन्मूलन के मिशन पर लगी है। नया भारत-सशक्त भारत बनाने की जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों एवं करोड़ों लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाला पूर्व सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे करता रहा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाये घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास यानी गरीबी उन्मूलन के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है। लेकिन मोदी सरकार अर्थ की दौड में दुनिया की सर्वोच्च आर्थिक ताकत बनने के साथ गरीबी को दूर करने के लिये भी ठोस काम कर रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी आर्थिक असंतुलन एवं गरीबी को दूर करने एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिये प्रतिबद्ध है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में भारत के सार्थक प्रयास से सुरक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, खाद्यान्न सहित कई क्षेत्रों में प्रगति की है। भारत विश्व में आर्थिक रूप से संपन्न 5 देशों में शामिल हो चुका है। कई क्षेत्रों में प्रगति करने के बाद भी देश में गरीबी एक राक्षस के रूप में खड़ी है। जिस तरह हम विजयादशमी के दिन राक्षस रूपी पुतला का वध कर बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने का संकल्प लेते हैं उसी तरह हमें इस गरीबी पर विजय पाने का प्रण लेना होगा। इसके लिए देश में सभी को नौकरी सरकार या निजी संस्थाएं दे नहीं सकती हैं। इसलिए हमें स्वरोजगार एवं स्व उद्यमिता पर जोर देना होगा।

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें भगवान श्री कृष्ण की कथा*

***ऐसा*** कहा जाता है कि एक बार श्रीकृष्ण के पुत्र सांब ने चंचलता के वशीभूत होकर दुवार्सा ऋषि का अपमान कर दिया था। जिसके बाद दुवार्सा ऋषि ने क्रोध में आकर सांब को यदुवंश के विनाश का श्राप दे दिया था। शक्तिशाली होने के साथ ही अब द्वारिका में पाप एवं अपराध बहुत ही अधिक बढ़ गया था। अपनी खुशहाल द्वारिका में ऐसे माहौल को देखकर श्रीकृष्ण बहुत ही दुखी थे। उन्होंने अपनी प्रजा से प्रभास नदी के तट पर जाकर अपने पापों से मुक्ति का सुझाव दिया जिसके बाद सभी लोग प्रभास नदी के किनारे पर गये लेकिन दुवार्सा ऋषि के श्राप के कारण वहाँ पर सभी लोग मदिरा के नशे में डूब गये और एक दूसरे से बहस करने लगे। उनके इस बहस ने गृहयुद्ध का रूप ले लिया जिसने पूरे यदुवंश का नाश कर दिया। भागवत पुराण के अनुसार ऐसा माना जाता है कि श्रीकृष्ण अपने वंश की विनाश लीला को देख कर बहुत व्यथित थे। अपनी इसी व्यथा के कारण ही वे वन में रहने लगे थे। एक दिन जब वे वन में एक पीपल के पेड़ के नीचे योग निंद्रा में विश्राम कर रहे थे तभी जरा नामक एक शिकारी ने इनके पैर को हिरण समझ कर उस पर विषयुक्त बाण से प्रहार कर दिया था। जरा द्वारा चलाया गया यह बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलुवे को भेद दिया था। विषयुक्त बाण के इसी भेदन को बहाना बनाकर श्रीकृष्ण ने अपने देह रूप को त्याग दिया और नारायण रूप में बैकुण्ठ धाम में विराजमान हो गये। देह रूप को त्यागने के साथ ही श्रीकृष्ण के द्वारा बसाई हुई द्वारिका नगरी भी समुद्र में समा गई थी।

*(क्रमशः)*

# अब एडोना वायरस की दस्तक से नई चिंता



ऋतुपर्ण दवे

***कोरोना*** की रफ्तार सुस्त पड़ते ही एक नये एडोनावायरस की धमक ने एक बार फिर चिन्ता बढ़ा दी है। इसका अब तक ज्यादा असर केवल प.बंगाल में ही दिखा है। लेकिन पुणे और दूसरी जगहों से ऐसे ही लक्षणों के मरीज मिलना मेडिकल विशेषज्ञों के लिए नई परेशानी का सबब बन सकता है। हालाकि यह सच है कि हर वक्त किसी न किसी वायरस के साथ जीना पड़ता है जो आम है लेकिन जब ये खतरनाक रूप या महामारी में तब्दील होकर घातक हो जाते हैं तो स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन जाते हैं। हमने कोविड के दौरान वायरस के ऐसे ही रूप को देखा जिसने सौ साल में आने वाली महामारी बनकर कैसी तबाही मचाई। आगे चलकर यह कितना फैलेगा और कैसे रोक पाएंगे इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। लेकिन जैसा कि अमूमन हर संक्रामक बीमारी में होता है कि बचाव ही सुरक्षा है वाला तरीका अपनाना होगा। इसका असर सबसे ज्यादा बच्चों में पड़ता है जिसकी एक खास वजह भी सामने आई लेकिन सभी उम्र के लोगों को भी प्रभावित करता है। हाँ, जद में छोटे-छोटे बच्चे इसलिए आसानी से आते हैं क्योंकि वो खुद दूसरे बड़े या छोटे के संपर्क में रहते हैं और मुंह में कुछ भी डाल लेना तथा हाथ न धोना ज्यादा तेज असर करता है। जन्म के समय कम वजन और हृदय रोग के पीड़ित भी जल्द शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा सांस की बीमारी वाले बच्चों पर भी एडोनावायरस का तेज असर देखा गया है। वैसे भी बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है इसीलिए उनके लिए घातक होता सकता है। एडोनावायरस के लक्षण भी कोरोना से काफी कुछ मिलते हैं लेकिन सुकून की बात है कि यह उसका वैरिएण्ट नहीं है। इसे वायरल फ्लू की तरह माना जाता है जिसका कोई विशेष इलाज नहीं है। जरा सी सतर्कता और सावधानी से इससे डरे बिना घर पर भी इसके हल्के लक्षणों का कोरोना की तरह इलाज किया जा सकता है। जीवन रक्षक घोल यानी ओआरएस और अच्छे, ताजे व स्वस्थ आहार के साथ इसके इलाज की सलाह दी जाती है। लेकिन सतर्कता ज्यादा जरूरी है। जब तीन दिनों तक बुखार न उतरे और रोगी में सुधार न दिखे बल्कि जल्दी-जल्दी सांस लेने लगे, भूख भी कम हो जाए पेशाब भी रोजाना की तुलना में कम लगे तो जरूर चिन्ता की बात है। इस रोग को फैलने से रोकने के लिए मास्क बेहतर बचाव का साधन है। चिकित्सक भी मास्क के अलावा स्वच्छता संबंधी वो सारे उपाय के लिए कहते हैं जो कि कोविड के दौरान जरूरी थे। जैसे बार-बार हाथ धोना, संक्रमण की स्थिति में दूरी बनाये रखना और प्रभावित होने पर क्वारंटीन होना। अब तक लक्षणों से जो सामने आया है उसमें 3 दिन से ज्यादा समय तक बुखार व खांसी चलते रहना, गले में खराश, नाक बहना, उल्टी, दस्त पेट दर्द, तेज-तेज सांस लेना, गुलाबी आंखें हो जाना, कान के संक्रमण यानी ओटिटिस मीडिया जिसमें कान के परदे के पीछे हवा वाले स्थान जो कान के बीचों बीच होता है में संक्रमण होना, सूजी हुई लसीका ग्रंथियां, सीने में ठंड यानी ब्रोंकाइटिस, न्यूमोनिया भी एडोनावायरस का कारण हो सकता है। इसका असर 3 से 5 दिनों तक दिखता है लेकिन पर दो सप्ताह तक भी मरीज बीमार रह सकता है। ऐसे में लगातार खांसी या किसी भी संभावित लक्षण की दशा में तुरंत चिकित्सक की सलाह लेना जरूरी है। एडेनोवायरस संक्रमण के इलाज के लिए कोई सटीक एंटीवायरल दवा भी अब तक नहीं होने से इसको रोकने के लिए आम दवाएं ही दी जाती हैं। लेकिन गंभीरता की स्थिति में चिकित्सक तेज असरकारक दवाएं लक्षण के हिसाब से देते हैं। ऐसे में लक्षणों की अनदेखी भारी पड़ सकती है। अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की श्रंखला में चौथे क्रम पर शुमार क्लीवलैंड क्लिनिक जिसे कोरोनरी धमनी बाईपास सर्जरी और पहले चेहरा प्रत्यारोपण करने का श्रेय भी प्राप्त है के अनुसार एडेनोवायरस एक सामान्य वायरस है जो कई प्रकार के सर्दी या फ्लू जैसे संक्रमण का कारण बनते हैं। यह मध्यम आकार का एक अल्प विकसित वायरस है जो कई तरह के संक्रमण पैदा कर सकता है। इसमें एक आइकोसाहेड्रल न्यूक्लियोकैप्सिड यानी वायरल प्रोटीन का कोट है जिससे जीनोम यानी आनुवांशिक संरचना का पता लग सकता है। इससे हम पता लगा सकते हैं कि आखिर उसका कैसा व्यवहार है? जब तक यह जानकारी नहीं होगी तब तक जांच, इलाज, टीका किसी की खोज नहीं हो सकती है। शोधकर्ताओं ने लगभग 50 ऐसे एडेनोवायरस के वैरिएण्ट पहचाने हैं जो मनुष्यों को संक्रमित कर सकते है। उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि इस वायरस का संक्रमण यूं तो पूरे वर्ष होता है जो सर्दी और बसंत के दौरान ज्यादा होता है। लेकिन प.बंगाल में ही यह क्यों बढ़ रहा है? जबकि वहां मौसम दूसरे राज्यों के मुकाबले गर्म होता है। इस पर अभी जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

**एडोनावायरस के लक्षण भी कोरोना से काफी कुछ मिलते हैं लेकिन सुकून की बात है कि यह उसका वैरिएण्ट नहीं है। इसे वायरल फ्लू की तरह माना जाता है जिसका कोई विशेष इलाज नहीं है।**

**आपका हेल्थ**

**फोटो की दुनिया**

Babulal Marandi
15 h

खबरों के मुताबिक़ अरबपति धनकुबेर इंजीनियर बीरेन्द्र राम के यहाँ #ED के छापे के दरम्यान छापामारी कर रहे कर्मचारियों को खुद का मंगाया खाना वहाँ डायनिंग टेबल पर बैठकर खाने से यह कह कर मना कर दिया गया कि टेबल गंदा हो जायेगा।

सुना है यह अफ़सर पैंतीस हज़ार का जो शर्ट एक बार पहन लेता था उसे धुलवाने का झंझट करने के बजाय उसी क़ीमत का दूसरा शर्ट दूसरे दिन पहनता था। इडी इस सब के क़ीमत का भी हिसाब-किताब करवाये।

ऐसे महाभ्रष्ट कुछ सामंती लोगों के चलते हमारा दलित समाज बदनाम होता है। ताज्जुब है कि ऐसे डकैतों के फेंके चंद टुकड़े पर हमारे कुछ नेता कुछ नेता/अफ़सर क़दमताल करते हैं और बदनाम पूरी बिरादरी होती है। यह सब सुनकर देखकर मन विचलित होता है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, बिना विलम्ब किये इस पर एफ़आइआर करिये। फास्टट्रेक कोर्ट से सजा दिलवाइये। नौकरी से बर्खास्त करिये। वर्ना आप कहीं मुँह दिखाने के काबिल नहीं रहेंगे।

**ट्वीट-ट्वीट**

Dr Nishikant Dubey
@nishikant_dubey

मुख्यमंत्री हेमंत जी वीरेंद्र राम इंजीनियर,पंकज मिश्रा सहयोगी,प्रेम प्रकाश दलाल,पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार,अमित अग्रवाल क्या आपके नज़र में ऐ 1932 के खतिहानी हैं या झारखंड लुटवाने के लिए आपने बाहरी का सहारा लिया है,आप यहाँ की भोली भाली जनता को गुमराह कर लुटेरों के सरदार बन गए हैं

**फेसबुक वॉल से**

Siddharth Vallabh
10 h




# अब चीतों से गुलजार होने लगी है भारत की धरती



योगेश कुमार गोयल

***करीब*** सात दशक बाद मोदी सरकार के गंभीर प्रयासों से भारत में पिछले साल 17 सितम्बर को चीतों की वापसी हुई थी। नामीबिया की राजधानी विंडहोक से ग्वालियर लाये गये आठ चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में बाड़े में छोड़ा गया था। यह सभी चीते यहां के माहौल में पूरी तरह ढ़ल चुके हैं। चीतों के पुर्नवास की चल रही योजना के तहत 18 फरवरी को भी दक्षिण अफ्रीका से सात नर और पांच मादा चीते कूनो नेशनल पार्क लाए गये। अब भारत में चीतों की संख्या 20 हो गई है। करीब 50 वर्ष पहले चीतों को भारत लाने के प्रयास शुरू हुए थे पर उन पर कामयाबी नहीं मिल पाई थी। 21वीं सदी के इन दो दशकों में चीतों की वापसी के प्रयासों में तेजी आई और उनके संरक्षण के लिए गलियारों की पहचान और उन्हें सुदृढ़ करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। 2009 में राजस्थान के अजमेर में हुई बैठक में चीतों को भारत लाने की चर्चा पुनर्जीवित हुई और आनुवंशिक समानता तथा जीनोम विश्लेषण के आधार पर अफ्रीका से चीते लाकर भारत में बसाने की योजना को उपयुक्त पाया गया। चीतों की पुनर्स्थापना के संबंध में पर्याप्त अध्ययन नहीं होने के कारण 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने चीतों को भारत लाए जाने पर रोक लगा दी थी। अदालत द्वारा 28 जनवरी 2020 को चीतों के पुनर्स्थापना हेतु अनुमति मिलने के बाद चीता परियोजना हेतु मॉनीटरिंग के लिए तीन सदस्यीय विशेषज्ञ दल का गठन किया गया और उसके बाद चीतों को भारत लाए जाने की इजाजत देने के पश्चात ही चीतों की भारत वापसी का रास्ता साफ होने से इन प्रयासों में तेजी आई। चीतों को भारत लाने के लिए भारत सरकार ने 2010 में नामीबिया से बातचीत शुरू की थी लेकिन नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से चीते लाने का समझौता जुलाई 2022 में हुआ। 2021-22 से 2025-26 के बीच 'प्रोजेक्ट टाइगर' के तहत 'चीता इंट्रोडक्शन परियोजना' के लिए भारत सरकार द्वारा 38.7 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। मध्य भारत में पाषाण युग के गुफा चित्रों में अंकित चीता भारतीय इतिहास और संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। 'चीता' शब्द संस्कृत मूल का शब्द है, जिसकी उत्पत्ति संस्कृत शब्द 'चित्रकाय:' से हुई है, जिसका अर्थ है बहुरंगी शरीर वाला। हालांकि भारत कभी चीतों का घर रहा था लेकिन देश में आखिरी बार 1947 में चीता देखा गया था। 1947 में मध्य प्रदेश के कोरिया रियासत के महाराजा रामानुज प्रताप सिंह देव ने तीन चीतों का शिकार किया था और माना जाता है कि वे भारत के आखिरी तीन चीते ही थे। 1952 में भारत सरकार द्वारा चीते को देश में विलुप्त घोषित कर दिया गया था। उससे पहले भी मुगलकालीन और पूर्ववर्ती शासकों द्वारा अत्यधिक शिकार, उनके पयार्वास में व्यापक बदलाव और शाकाहारी पशुओं की संख्या में गिरावट के कारण धीरे-धीरे अनेक चीतों की विदाई हो गई थी। वैसे चीतों की संख्या पूरी दुनिया में तेजी से कम हुई है। पिछली सदी में दुनियाभर में चीतों की संख्या करीब एक लाख थी लेकिन जूलॉजिकल सोसायटी ऑफ लंदन की एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब 91 फीसदी चीते 1991 तक खत्म हो चुके हैं और अब इनकी संख्या दुनियाभर के 17 देशों में करीब सात हजार ही रह गई है, जिनमें से आधे से ज्यादा चीते दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और बोत्सवाना में मौजूद हैं। अफ्रीका में कई स्थानों पर चीते पाये जाते हैं जबकि एशियाई चीते केवल ईरान में ही मिलते हैं। एक अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में अब करीब सात हजार अफ्रीकी चीते और 50 से भी कम एशियाई चीते बचे हैं। चीते का उल्लेख वेदों, पुराणों जैसे प्राचीन भारतीय ग्रंथों में भी मिलता है। 12वीं सदी के संस्कृत दस्तावेज 'मनसोलासा' में भी चीतों का उल्लेख है। एक समय महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, तमिलनाडु इत्यादि भारत के विभिन्न राज्यों के जंगलों में बड़ी संख्या में चीते थे। हिमालय वाले इलाके को छोड़कर ऐसी कोई जगह नहीं थी, जहां भारत में चीते नहीं पाये गये हों लेकिन शिकार के कारण चीतों की संख्या धीरे-धीरे घटने लगी और करीब 75 साल पहले देश में आखिरी बार चीते देखे गये। दरअसल बाघ की तुलना में चीतों पर नियंत्रण करना आसान माना जाता रहा है और भारत में सदियों तक चीतों के शिकार का प्रचलन रहा है। मुगलों को तो चीते पालने का शौक था, जो अपने साथ चीतों को शिकार पर ले जाते थे। चीते उनके आगे-आगे चलकर हिरणों तथा अन्य जंगली जानवरों का शिकार करते थे।

**21वीं सदी के इन दो दशकों में चीतों की वापसी के प्रयासों में तेजी आई और उनके संरक्षण के लिए गलियारों की पहचान और उन्हें सुदृढ़ करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। 2009 में राजस्थान के अजमेर में हुई।**

**वन्य जीव**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# शरीर में दिखते हैं ये संकेत तो होगी विटामिन-डी की कमी



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन-डी बहुत ही आवश्यक है। यह इम्यूनिटी बढ़ाने और शरीर को बीमारियों से दूर रखने में मदद करता है। इसके अलावा विटामिन-डी मांसपेशियों और दांत को मजबूत करने के लिए भी जरुरी माना जाता है। आकंड़ों के अनुसार, भारत में करीबन 70 से 90 प्रतिशत लोग विटामिन-डी की कमी का शिकार हैं। लक्षण न पता होने के कारण भी सभी इस बीमारी का शिकार हो सकता है। इस विटामिन- की कमी होने पर शरीर में कुछ इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं।

## विटामिन-डी की कमी होती क्यों है?

शरीर में इस विटामिन- की कमी का कारण है कि आपके शरीर में इस खास विटामिन की




मात्रा बहुत ही कम है। मानव शरीर सूर्य की रोशनी के संपर्क में आकर विटामि-डी बनाता है परंतु आजकल के व्यस्त लाइफस्टाइल के कारण पर्याप्त मात्रा में धूप न लेने के कारण शरीर में इस विटामिन की कमी हो सकती है।

## लक्षण

**हर समय थकान रहना :** शरीर में विटामिन-डी की कमी होने पर हर समय थकान महसूस होती है। यदि 7-8 घंटे की नींद पूरी होने के बाद भी शरीर में थकान महसूस हो रही है तो यह विटामिन-डी की कमी का लक्षण हो सकता है।

**हड्डियां कमजोर पड़ना :** इसके अलावा इस विटामिन की कमी होने पर हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। थोड़ी सी चोट पर हड्डियों के टूटने का खतरा रहता है। जांघों, पेल्विस और हिप्स में भी हर समय दर्द रहता है।

**बार-बार बीमार पड़ना :** यदि आप बार-बार बीमार पड़ रहे हैं या आपको सर्दी-खांसी हो रही है तो भी शरीर में विटामिन-डी की कमी हो सकती है। इस विटामिन की कमी के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने लगती है जिसके कारण आप बीमार पड़ सकते हैं।

**डिप्रेशन :** यदि आपको हर समय तनाव, निराशा और एंग्जायटी महसूस होती है तो भी यह विटामिन-डी का ही लक्षण है। डिप्रेशन फील होना, बात-बात पर मूड खराब होना, खून में कमी भी विटामिन-डी की कमी का ही लक्षण है।

**बाल झड़ना :** शरीर में पोषक तत्वों की कमी

## कौन से फूड्स करेंगे कमी पूरी?

**दही :** दही में कैल्शियम और विटामिन-डी काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसका



सेवन करके शरीर को अंदर से ठंडक मिलती है और शरीर हाइड्रेटेड रहता है। इसको अपनी डाइट का हिस्सा बनाकर आप विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं।

**दूध :** दूध में भी काफी अच्छी मात्रा में कैल्शियम और विटामिन-डी पाया जाता है। यह एक संपूर्ण आहार माना जाता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे प्रोटीन, वसा और गुड कार्ब्स। ऐसे में यदि आपके शरीर में विटामिन-डी की कमी है तो आप इसे अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

**मशरुम :** मशरुम में विटामिन-डी काफी



अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसका सेवन करके भी आप शरीर में से विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं। सूप, स्टिर-फ्राई, स्टॉज या फिर सलाद के रुप में आप इसका सेवन कर सकते हैं। मशरुम खाने में भी काफी स्वाद होता है।

**ऑरेंज जूस :** संतेर में भी काफी अच्छी मात्रा में विटामिन-डी पाया जाता है। एक गिलास संतरे का जूस पीकर आप शरीर में से विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं। इसके अलावा यह इम्यून सिस्टम मजबूत करने में भी मदद करता है।

**पनीर :** पनीर एक बहुत ही अच्छा विटामिन-



डी का स्त्रोत माना जाता है। यह त्वचा और मस्तिष्क के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाकर आप शरीर में से विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं।

# इन कारणों से आती है हड्डियों में सूजन

हड्डियों से जुड़ी कोई भी समस्या नजरअंदाज करने के कारण स्वास्थ्य को नुकसान भी हो सकता है। खासकर कई बार लोग हड्डियों में होने वाली सूजन के पीछे का कारण नहीं समझ पाते जिसके कारण उन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या को मेडिकल भाषा में ऑस्टियोमाइलाइटिस कहते हैं। यह एक तरह की इंफेक्शन होती है जो रक्त के जरिए हड्डियों में पहुंच जाती है। खासकर डायबिटीज और किडनी से संबंधित बीमारियों के मरीजों में यह समस्या हो सकती है। इसके अलावा यदि कोई चोट के कारण हड्डियों में इंफेक्शन हो जाए तो भी सूजन हो सकती है।



## क्यों होती है हड्डियों में सूजन?

हड्डियों में सूजन हड्डियों में इंफेक्शन होने के कारण होती है। यह कई तरह की हो सकती है। किसी भी उम्र में लोगों को इस समस्या का खतरा रह सकता है। इसके अलावा यदि किसी तरह की हड्डियों में चोट लगी है तो भी इंफेक्शन हो सकता है।

## किन कारणों से होती है सूजन

इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं। डायबिटीज की बीमारी, स्मोकिंग के कारण और हड्डियों में इंजरी यह समस्या बढ़ भी सकती है। इसके अलावा जीवाणु संक्रमण के कारण, ब्लड से जुड़ी परेशानियां, सर्जरी के कारण, स्मोकिंग का सेवन करने से, एचआईवी या एड्स होने पर, ज्यादा मात्रा में शराब का सेवन करने से इस समस्या का जोखिम बढ़ सकता है।

## लक्षण

हड्डियों में सूजन होने पर दर्द और अकड़न हो सकता है। इसके अलावा बुखार, मतली जैसी परेशानियां भी आपको घेर सकती हैं। इसके अलावा हड्डियों में तेज दर्द, बुखार और कमजोरी, बहुत ज्यादा ठंड लगना, ज्यादा पसीना आना भी इसी समस्या के लक्षण हो सकते हैं।

## कैसे करें अपना बचाव?

अपनी डाइट का खास ध्यान रखें, हड्डियों में यदि कोई चोट लगी है तो डॉक्टर की सलाह लेकर जांच और सही इलाज लें। इसके अलावा यदि आप डायबिटीज और किडनी से जुड़ी किसी भी बीमारी से पीड़ित हैं तो बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें।

# अस्थमा से पीड़ित मरीजों में ऐसे दिखते हैं शुरूआती लक्षण

अस्थमा सांस संबंधी ऐसी बीमारी है जिसमें व्यक्ति की सांस की नली सिकुड़ जाती है और बलगम भी ज्यादा बनने लगता है, जिसके कारण सांस लेने और छोड़ने में मुश्किल होने लगती है। इसके अलावा सांस लेने के दौरान घरघराहट जैसी आवाज भी आती है। बढ़ते प्रदूषण के कारण इस बीमारी का खतरा और भी ज्यादा बढ़ सकता है। कुछ लोगों में अस्थमा के लक्षण सामान्य होते हैं जबकि कुछ में इसके लक्षण खतरनाक भी हो सकते हैं। ऐसे में शुरूआत में ही लक्षणों पर गौर कर-के आप अस्थमा जैसी खतरनाक बीमारी से राहत पा सकते हैं।



**सांस फूलना :** सीढ़ी चढ़ने के दौरान या फिर तेज दौड़ने से सांस फूलना आम होता है। इसके अलावा नींद आने पर या फिर शरीर में थकान होने पर उबासी भी आना एक आम बात है परंतु हैल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, अस्थमा के लक्षण सांस फूलना और उबासी भी हो सकते हैं। उबासी लेने या फिर गहरी सांस के कारण शरीर में ज्यादा मात्रा में ऑक्सीजन जाता है और ऑक्सीजन निकलता भी है। कई बार ऐसा सांस नली में असंतुलन होने के कारण भी सांस फूलना और उबासी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**थकान महसूस होना :** अस्थमा के शुरूआती लक्षणों में व्यक्ति को ज्यादा थकान भी हो सकती है। लगातार खांसी और गले में घरघराहट होने के कारण व्यक्ति को रात को अच्छी से नींद नहीं आ पाती जिसके कारण वह पूरी तरह से जगा रहता है इसी वजह से शरीर में थकान बनी रहती है जिसके कारण शरीर में एनर्जी भी कम ही महसूस होती है। ऐसे में अस्थमा को नियंत्रित करके थकान जैसी समस्या से राहत पा सकते हैं।

**खांसी होना :** यदि लंबे समय तक आपको खांसी रहती है खासकर सूखी खांसी तो यह भी अस्थमा का ही शुरूआती लक्षण हो सकता है। ऐसे में यदि आपको भी लगातार खांसी हो रही है तो इसे हल्के में ना लें। खांसते हुए यदि गले में आवाज आए तो यह भी खतरनाक हो सकती है। ऐसी परिस्थिति में डॉक्टर को जरुर संपर्क कर लें।

**सांस लेने में तकलीफ :** सांस लेने में तकलीफ भी अस्थमा के गंभीर लक्षणों में से एक है। यदि आपको सांस लेने में तकलीफ और सीने में जकड़न हो रही है तो एक बार डॉक्टर को जरुर दिखा लें। इसके अलावा छाती में दर्द, बैचेनी और घबराहट, तेज-तेज सांस लेना, बार-बार इंफेक्शन, नींद न आना, बात करने में दिक्कत होना भी अस्थमा के ही लक्षण है।

# कोलोरेक्टल कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को दूर रखता है बेसन

भारत में बेसन से बनी खानें की चीजें कई मिल जाएंगी। बेसन यानी चने की दाल के आटे को पौष्टिक आहार माना जाता है। नियमित रुप से इसका सेवन करने पर यह कई तरह की स्वास्थय समस्याओं से हम बच सकते हैं। बेसन ऐसी चीज है जो आपको हर भारतीय किचन में मिल जाएगी। इसे इस्तेमाल करके कई तरह की टेस्टी डिशेज बनाई जा सकती हैं। बेसन डायबिटीड, मोटापा, दिल की बीमारी, हड्डियों को मजबूती, एनीमिया और कोलोरेक्टल कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है।



**डायबिटीज में मददगार :** बेसन ब्लड शुगर स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। बेसन को बहुत ही कम ग्लाइसेमिक स्तर के लिए जाना जाता है, जो उच्च मधुमेह वाले लोगों के लिए फायदेमंद होता है।

**दिल के लिए फायदेमंद :** दिल को स्वस्थ रखने के लिए भी बेसन काफी अच्छा है। बेसन में घुलनशील फाइबर होता है, जो आपके दिल के स्वास्थ्य को लंबे समय तक बनाए रखता है। बेसन में ऐसे कई घटक होते हैं, तो रक्त वाहिकाओं को आराम दिलाने के साथ ही आपके दिल की कार्य क्षमता को बढ़ाते हैं।

**वजन कम करने में फायदेमंद :** अगर आप वजन कम करना चाह रही हैं तो आपको अपनी डाइट में बेसन जरुर शामिल करना चाहिए। बेसन में ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है इसलिए इसमें कैलोरी की मात्रा भी कम होती है। यही वजह है कि बहुत से फिटनेस एक्सपटर्स बेसन खाने की सलाह देते हैं।

**स्तन कैंसर से बचाव :** बेसन में कैंसर रोधी गुण भी शामिल होते हैं। बेसन स्तन कैंसर जैसी गंभीर समस्या के लक्षणों को कम करने में सहायक साबित हो सकता है। बेसन में सैपोनिन्स नामक फाइटोकेमिकल होते हैं, जो कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में सहायक होते हैं।

**हेल्दी प्रेग्नेंसी के लिए :** गर्भवती महिलाओं के लिए भी बेसन के कई फायदे हैं। बेसन में फोलेट और आयरन दोनों की अच्छी मात्रा होती है, जो गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत ही जरूरी है। इससे कमजोरी दूर होती है और फोलेट बच्चे के तंत्रिका विकास में सहायक होता है।

**खून बढ़ाता है बेसन :** चने के आटे या बेसन की रोटी एनीमिया के लक्षणों को कम करने में मददगार होता है। बेसन शरीर की थकान, ज्यादा वजन और आयरन की कमी जैसी समस्याओं का इलाज कर सकता है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करता है बेसन :** बेसन कोलेस्ट्रॉल को कम करने का काम भी करता है। बेसन में ट्रांस फैट मौजूद होता है जो रक्त में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित कर सकता है।

## सूडोकु नवताल- 6621

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6620 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## दैनिक पंचांग

**25 फरवरी 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.24 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मेष | 08.54 बजे से |
| मंगल | वृष में | वृष | 10.34 बजे से |
| बुध | मकर में | मिथुन | 12.33 बजे से |
| गुरु | मीन में | कर्क | 14.46 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 17.02 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.14 बजे से |
| राहु | मेष में | तुला | 21.25 बजे से |
| केतु | तुला में | वृश्चिक | 23.39 ब.से |
| राहुकाल | 9.00 से 10.30 बजे तक | धनु | 01.55 बजे से |
| | | मकर | 04.01 बजे से |
| | | कुंभ | 05.47 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 56 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** षष्ठी 00.21 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 03.59 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ब्रह्म 17.17 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 12.20 बजे तदनन्तर तैतिल 00.21 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 04.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 16' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871535 **जूलियन दिन** 2460000.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** सावान **तारीख** 04 **विशेष** अवतार मेहेर बाबा जन्मोत्सव।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक | |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक | |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक | |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक | |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक | |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक | |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7684



**बाएँ से दाएँ**

1. सुरक्षित, संरक्षित-4
4. उत्सुकता, जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार, प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट, तश्तरी-3
15. रहस्य, भेद-2
16. जी, चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल, टोंटी-3
24. देवर्षि, देवमुनि-3
26. गुप्तचर, जासूस-2
27. गमन, विदा होना-3
28. ईश्वर, रब-4

**ऊपर से नीचे**

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा, मर्जी-2
3. अंधकार, अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल, कीमत, दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार, अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम, नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत, भाव-2

### शब्द पहेली -7683 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | न | म | ■ | ■ | आ | का | श |
| ग | ■ | ■ | स्त | र | ही | न | ■ | म |
| रा | त | ■ | ■ | मी | ना | ■ | ■ | शी |
| ■ | र | ग | ■ | ला | ■ | क | ब्री | र |
| ■ | का | ज | ल | ■ | अ | स | र | ■ |
| क | री | ब | ■ | मि | ■ | र | ब | ■ |
| रा | ■ | ■ | चा | रा | ■ | ■ | ल | ब |
| मा | ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | ■ | हा |
| त | र | ह | ■ | ■ | म | ज | बू | र |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्थान परिवर्तन के साथ आय वृद्धि के योग बनेंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। गृह-नक्षत्रों के योग आपके अनुकूल रहेंगे और आर्थिक योजनाएं सफल होगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और लाभ की स्थिति रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्य सफल होंगे।

**कर्क राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में छोटी-छोटी बाधाएं आ सकती हैं, जिससे मन में अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**सिंह राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से मानसिक रूप से व्यग्रता का अनुभव होगा।

**कन्या राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा। कारोबार विस्तार की योजनाएं बना सकते हैं।

**तुला राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। आकस्मिक धनलाभ की भी संभावना बन रही है।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में बाधाएं आ सकती हैं और कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखना होगा।

**धनु राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में विशेष लाभ मिलने के योग रहेंगे। काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च की अधिकता से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है।

**कुंभ राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यवसाय विस्तार की योजनाएं बनाएंगे, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से मन में व्यग्रता रहेगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। नराकात्मक विचारों से दूर रहें, अन्यथा बड़ा नुकसान होने की संभावना रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, जिससे मन व्यग्र रहेगा।




NEWS इन ब्रीफ

## पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के पति देवीसिंह का निधन



**पुणे।** पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के पति देवीसिंह रणसिंह शेखावत का शुक्रवार सुबह पुणे में निधन हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने ये जानकारी दी। वह 88 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी और पुत्र राजेंद्र सिंह शेखावत हैं, जो कांग्रेस नेता हैं, और अन्य रिश्तेदार हैं। सूत्रों के मुताबिक शेखावत 12 फरवरी को पुणे में अपने घर के लॉन के बाहर सुबह के समय गिर गए थे। उनकी सर्जरी हुई थी, लेकिन बाद में उच्च रक्तचाप, गुर्दे की विफलता आदि सहित कई अन्य जटिलताओं के कारण उनका निधन हो गया।

## येदियुरप्पा के विदाई भाषण को पीएम ने बताया 'प्रेरणादायक'



**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्य बी.एस. येदियुरप्पा के जोश और विदाई भाषण की सराहना की। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया पर कहा, बीजेपी के कार्यकर्ता के रूप में मुझे यह भाषण (येदियुरप्पा द्वारा) बहुत प्रेरक लगा। यह हमारी पार्टी की नैतिकता को दर्शाता है। यह निश्चित रूप से पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं को भी प्रेरित करेगा।

## सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज नजीर ने राज्यपाल के रूप में ली शपथ



**विजयवाड़ा।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एस. अब्दुल नजीर ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति नजीर को पद की शपथ दिलाई।

# मासिक धर्म के दौरान छुट्टी मांगने वाली याचिका खारिज

### जनहित याचिका पर विचार करने कोर्ट का इनकार

### याचिका में की गई थी सभी राज्य सरकारों को छुट्टी के लिए नियम बनाने का निर्देश देने की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें सभी राज्य सरकारों को छात्राओं और कामकाजी महिलाओं के लिए मासिक धर्म के समय छुट्टी के लिए नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यदि नियोक्ताओं को मासिक धर्म की छुट्टी देने के लिए मजबूर किया जाता है, तो यह महिला कर्मचारियों की भर्ती में बाधा बन सकता है। पीठ ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी को अपनी याचिका के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से संपर्क करने को कहा।

पीठ ने कहा, यह एक नीतिगत मामला है, इसलिए हम इससे नहीं निपट रहे हैं। अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा दायर याचिका में कहा गया है : कुछ राज्यों ने मासिक धर्म को लेकर सहायक लाभ प्रदान किए, उनके समकक्ष राज्यों में महिलाएं अभी भी ऐसे किसी भी लाभ से वंचित हैं। तदनुसार यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है क्योंकि मातृत्व लाभ अधिनियम संघवाद और राज्य की नीतियों के नाम पर महिलाओं को अलग करता है। दलील में कहा गया है कि बिहार ने 1992 में महिला कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म की छुट्टी की शुरुआत की थी, हालांकि मासिक धर्म को समाज, सरकार और अन्य हितधारकों द्वारा बड़े पैमाने पर नजरअंदाज किया गया है, लेकिन कुछ संगठनों और राज्यों ने इस पर ध्यान दिया है।

## अडाणी-हिंडनबर्ग मामला : रिपोर्टिंग पर प्रतिबंध लगाने वाली याचिका खारिज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह मीडिया को अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर रिपोर्ट चलाने से तब तक नहीं रोकेगा जब तक कि अदालत इस मामले की जांच के लिए एक समिति के गठन पर अपना आदेश नहीं सुना देती।

अधिवक्ता एम.एल. शर्मा ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। मुख्य न्यायाधीश ने शर्मा से कहा, हम कभी भी मीडिया को कोई निषेधाज्ञा जारी नहीं करेंगे.. हम जल्द ही आदेश सुनाएंगे। जब शर्मा ने अनुरोध किया कि मीडिया सनसनी पैदा कर रहा है, तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा, उचित तर्क दें, मीडिया रिपोर्टिंग पर रोक नहीं लगाई जा सकती।

अधिवक्ता एम.एल. शर्मा ने अपने अनुरोध में कहा कि मीडिया का प्रचार भारतीय शेयर बाजार को प्रभावित कर रहा है और निवेशकों में घबराहट पैदा कर रहा है। शर्मा का आवेदन उनकी जनहित याचिका का एक हिस्सा है, जो हिंडनबर्ग रिपोर्ट विवाद के संबंध में दायर किया गया था।

## ब्रिसबेन में भारतीय वाणिज्य दूतावास को बनाया निशाना

**मेलबर्न।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर की ऑस्ट्रेलिया यात्रा के कुछ दिनों बाद, हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की गई और ब्रिसबेन में भारतीय वाणिज्य दूतावास के पास खालिस्तानी झंडा दिखा। द ऑस्ट्रेलिया टुडे के अनुसार, ब्रिसबेन में भारत की वाणिज्य-दूत अर्चना सिंह को 22 फरवरी को कार्यालय से पास खालिस्तान का झंडा पाया। घटना के बारे में तुरंत क्वींसलैंड पुलिस को सूचित करनेवाली अर्चना सिंह ने कहाः पुलिस हमें सुरक्षित रखने के लिए इलाके की निगरानी कर रही है। हमें पुलिस अधिकारियों पर पूरा भरोसा है। 21 फरवरी को हुई यह घटना दो हिंदू मंदिरों को खालिस्तानी समर्थकों से धमकी भरे फोन आने के कुछ ही दिनों बाद आई है। एक फोन कॉल पर, ब्रिसबेन में गायत्री मंदिर के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को 'खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने और जनमत संग्रह का समर्थन करने के लिए कहा गया। इससे पहले, मेलबोर्न में काली माता मंदिर को इस सप्ताह एक धमकी भरा फोन आया था, जिसमें धार्मिक आयोजन रद्द करने या परिणाम भुगतने के लिए कहा गया था।

# सीबीआई ने मुंबई व पुणे में मारे छापे

### नकदी और आभूषण किए बरामद



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत दर्ज एक मामले में छापेमारी की, जिसके बाद चार लाख रुपये की नकदी और अन्य सामान के साथ सोने के आभूषण बरामद किए गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तत्कालीन उप निदेशक सहित पुणे के दो पूर्व जीएसटी अधिकारियों के खिलाफ गुरुग्राम के एक व्यवसायी से उनके और उनकी फर्म के खिलाफ दर्ज मामले को बंद करने सहित लाभ पहुंचाने के लिए कथित रूप से 1 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था।

सीबीआई ने कहा कि आरोपियों के मुंबई और पुणे में तीन परिसरों पर तलाशी ली गई। सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा कि आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और गैजेट बरामद किए गए, जबकि तत्कालीन उप निदेशक, डीजीजीआई के परिसर से 4 लाख रुपये की नकदी और सोने के आभूषण भी बरामद किए गए। अप्रैल 2022 में गुरुग्राम के विशाल बंसल से जोनल यूनिट को राहुल कुमार और उप निदेशक विमलेश कुमार द्वारा 50 लाख रुपये की मांग के संबंध में जीएसटी इंटेलिजेंस के महानिदेशक (डीजीजीआई), पुणे से शिकायत प्राप्त हुई थी।

शिकायत में उल्लेखित आरोपों का सीबीआई द्वारा सत्यापन किया गया था। यह पता चला कि आरोपी अधिकारियों ने लंबित जांच के सिलसिले में शिकायतकर्ता और उसके सहयोगी को बार-बार फोन किया। सत्यापन के दौरान यह सामने आया कि आरोपी राहुल कुमार ने विमलेश कुमार के साथ साजिश रचकर विशाल बंसल से अपने करीबी संजीत को देने के लिए कुल 1 करोड़ रुपये की कुल मांग में से 25 लाख रुपये का आंशिक भुगतान स्वीकार करने की मांग की।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस की इमरजेंसी लैंडिंग



### कोझिकोड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सऊदी अरब जा रहा था विमान

### विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद तिरुवनंतपुरम में करनी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

शुक्रवार सुबह कोझिकोड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सऊदी अरब जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। दम्माम जाने वाले विमान के हाइड्रॉलिक सिस्टम में खराबी आने के बाद उसे यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दोपहर सवा बारह बजे के करीब उतरने की अनुमति दी गई। सभी 182 यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं।

तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने सभी आपातकालीन सेवाओं को बुलाया था और विमान के कप्तान को ईंधन छोड़ने के लिए कहा गया था और फिर सुरक्षित रूप से उतर गया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों ने इसे 'इमरजेंसी लैंडिंग' कहा है। प्रारंभ में, अधिकारियों ने तय किया था कि विमान कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरेगा, लेकिन बाद में इसे बदलकर तिरुवनंतपुरम कर दिया गया। एयरलाइन अधिकारी अब यात्रियों की आगे की यात्रा की व्यवस्था करेंगे।

## कर्नाटक में सड़क दुर्घटना, पांच की मौत

**धारवाड़/कर्नाटक।** यहां कार-ट्रक की टक्कर में एक बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात को हुई, जब लोगों का एक समूह सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित एक युवक को विदा करने जा रहा था। एक व्यक्ति को बचाने के प्रयास में कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और तेगुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीछे से एक ट्रक में जा घुसी। अग्निवीर मंजूनाथ को गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। मृतकों की पहचान नागप्पा इरप्पा मुद्दोजी (29), महंतेश बसप्पा मुद्दोजी (40), बसवराज शिवपुत्रप्पा नारगुंड (35) और पांच वर्षीय लड़के श्रीकुमार नरगुंड और इरन्ना गुरुसिद्दप्पा रामनगौदर (35) के रूप में हुई है।

## हाथी के पकड़े जाने के बाद वन अधिकारियों पर ग्रामीणों का पथराव

**कर्नाटक।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में ग्रामीणों ने एक जंगली हाथी को पकड़ने के बाद वन अधिकारियों पर पथराव किया, जिसने पहले दो लोगों को मार डाला था। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों को उन अन्य हाथियों को भी पकड़ना चाहिए जो उन्हें परेशान कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार को सामने आई यह घटना ऐसे समय में हुई जब अधिकारी जंगली हाथी को पकड़ने में अपनी सफलता का जश्न मना रहे थे। ग्रामीणों ने अधिकारियों से रुकने और क्षेत्र में अन्य हाथियों को पकड़ने की मांग की।

# नेपाल में निवेश करने के लिए चीनी उद्यमों का स्वागत : नेपाली राजदूत

**एजेंसी। बीजिंग**

नेपाल के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के अवसरों की प्रचार गतिविधि 22 फरवरी को चीन स्थित नेपाली दूतावास में की गई, जिसमें नेपाली राजदूत बिष्णु पुकार श्रेष्ठ ने कहा कि नेपाल की साल 2026 में सबसे कम विकसित देशों की श्रेणी से हटने और साल 2030 में मध्यम आय वाला देश बनने की योजना है। नेपाल सरकार विभिन्न नीतियों, नियमों और विनियमों को तैयार करती है। आशा है कि चीन सहित विदेशी निवेश को नेपाल में बड़ी विकास क्षमता वाले उद्योगों में आकर्षित किया जाएगा। श्रेष्ठ ने कहा कि अगस्त 1955 में कूटनीतिक संबंध की स्थापना के बाद से, नेपाल और चीन के बीच पारंपरिक मित्रता और मैत्रीपूर्ण सहकारी संबंध लगातार विकसित हो रहे हैं। चीन नेपाल का करीबी पड़ोसी, विश्वसनीय मित्र और भरोसेमंद विकास भागीदार है।




## शाहरुख खान अप्रैल में सलमान की 'टाइगर 3' में करेंगे कैमियो

**सलमान** खान द्वारा शाहरुख खान की 'पठान' में कैमियो रोल के बाद, शाहरुख खान भी अब सलमान खान की अपकमिंग 'टाइगर 3' फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे। एक सूत्र ने कहाः टाइगर 3 में पठान की एंट्री को ध्यान से देखें, जो ब्लॉकबस्टर वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा हैं। फैंस ऐसे ट्विस्ट और सरप्राइज की उम्मीद कर सकते हैं जो उन्हें मनोरंजन के अलग स्तर पर ले जाएगी। सूत्र ने कहाः शाहरुख खान टाइगर 3 के लिए अप्रैल के अंत तक शूटिंग करेंगे और शूटिंग मुंबई में होने की उम्मीद है। इस शूट की डिटेल्स पूरी तरह से गुप्त रखी जा रही है, लेकिन टाइगर 3 में दो सुपर जासूसों के फिर से मिलने पर फैंस द्वारा आतिशबाजी की उम्मीद है। सलमान खान ने पठान में शाहरुख से कहा कि वह एक महत्वपूर्ण मिशन पर जा रहे हैं, इसलिए पठान इस मिशन के दौरान टाइगर से मिलेंगे। 'टाइगर 3' का निर्देशन मनीष शर्मा कर रहे हैं। फिल्म में इमरान हाशमी और कटरीना कैफ भी हैं।



## श्रुति हासन ने की फिल्म 'सालार' की शूटिंग पूरी

'केजीएफ' फेम प्रशांत नील द्वारा निर्देशित फिल्म 'सलार' शेड्यूल के मुताबिक चल रही है। सलार में प्रभास मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए, निर्माताओं, होम्बले फिल्म्स ने श्रुति हासन के किरदार आद्या की शूटिंग पूरी करने की घोषणा की है। वरिष्ठ अभिनेता कमल हासन की बेटी श्रुति हासन दक्षिण में व्यस्त हैं। तेलुगू में उनकी पिछली दो फिल्में, 'वीरा सिम्हा रेड्डी' और 'वॉल्टेयर वीरय्या' बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चलीं। इन दो फिल्मों में, श्रुति को क्रमशः टॉलीवुड के शीर्ष सितारे बालकृष्ण और चिरंजीवी के साथ जोड़ा गया था। इस साल 28 सितम्बर को रिलीज होने के लिए तैयार, 'सालार' 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जो 'केजीएफ' सीरीज और 'कांटारा' के प्रोडक्शन हाउस होम्बले फिल्म्स से आ रही है। यह 'बाहुबली' प्रभास और प्रशांत नील के बीच सहयोग को भी चिह्नित करेगी।

## चुड़ैलों को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार काम्या

**लोकप्रिय** टीवी अभिनेत्री काम्या पंजाबी का कहना है कि वह किसी की नकल नहीं करना चाहती हैं, बल्कि डायन को चित्रित करने के तरीके को फिर से परिभाषित करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, जब मुझे मंत्रलेखा की भूमिका की पेशकश की गई थी, तो मुझे पता था कि मैं स्क्रीन पर एक चुड़ैल या डायन की सामान्य रूढ़िवादिता को चुनौती देना चाहती थी। आमतौर पर चुड़ैलों को जोर से चिल्लाते या रोते देखा जाता है, लेकिन मैंने उम्रदराज लोगों का अनुसरण करने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया।



## पहलवान होने के चलते बचपन में सभी मुझसे डरते थे : रितु फोगाट



2016 राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रसिद्ध पहलवान रितु फोगाट ने अपने कुश्ती के अनुभवों और अपने मैचों के लिए रणनीति बनाने के तरीके के बारे में बात की। उन्होंने अपने बचपन के दिनों को भी याद किया, जब हर कोई उनसे डरता था क्योंकि वह एक पहलवान थीं। उन्होंने कहाः जब आप रिंग में होते हैं तो हम सभी खेल के लिए रात और दिन वास्तव में कड़ी मेहनत करते हैं, पूरा खेल आपके दिमाग पर निर्भर करता है, और यह वास्तव में जीतने में मदद करता है। रितु 'द कपिल शर्मा शो' में एमएमए रियलिटी सीरीज 'कुमिते 1 वॉरियर हंट' को प्रमोट करने के लिए शो के होस्ट सुनील शेट्टी और द ग्रेट खली, अली बुधवानी, महावीर फोगट के साथ आ रही हैं। बातचीत के दौरान, अर्चना ने टिप्पणी की कि नॉर्थ में, जब लड़के लड़कियों को छेड़ते हैं, तो कई बार लड़कियां आक्रामक हो जाती हैं और उन्हें मारती हैं।

### रूस-यूक्रेन युद्ध : बीजिंग ने दो पोजिशन पेपर किए किए

# शांतिदूत के रूप में पेश कर रहा चीन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल के दिनों में, चीन ने शीर्ष राजनयिक वांग यी के यूरोप दौरे के साथ शुरुआत करते हुए आकर्षण आक्रमण शुरू किया है, जिसका मॉस्को में व्लादिमीर पुतिन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बीबीसी ने बताया कि बीजिंग ने एक नहीं बल्कि दो पोजिशन पेपर जारी किए हैं- पहला युद्ध के चीनी समाधान की पेशकश और दूसरा विश्व शांति की योजना की रूपरेखा। चीन ने पिछले एक साल में एकतरफा प्रतिबंधों (अमेरिका द्वारा) का विरोध करते हुए संप्रभुता (यूक्रेन के लिए) और राष्ट्रीय सुरक्षा हितों (रूस के लिए) के संरक्षण का आह्वान करते हुए पिछले एक साल में मुद्दों को दोहराया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बिना प्रभावित हुए वापस आ सकता है- लेकिन बीजिंग के लिए उन्हें समझाना कभी भी मुख्य लक्ष्य नहीं था। सबसे पहले, यह स्पष्ट रूप से खुद को वैश्विक शांतिदूत के रूप में स्थापित करना चाहता है। वास्तव में किसे आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है, इसके बारे में स्पष्ट सुराग इसके एक पेपर में निहित है जहां यह दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका - तथाकथित ग्लोबल साउथ को शामिल करने का उल्लेख करता है।

### चीन की दो टूकः रूस को अकेला समझने की कोई भूल न करे



**बीबीसी** की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के नेतृत्व वाली विश्व व्यवस्था के लिए वैकल्पिक दृष्टि का प्रचार करते हुए, यह बाकी दुनिया को लुभा रहा है, जो यह देख रही है कि पश्चिम यूक्रेन संकट से कैसे निपटता है। लेकिन दूसरा लक्ष्य अमेरिका को एक स्पष्ट संदेश भेजना है। न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय के साथ चीन-रूस संबंधों के विशेषज्ञ अलेक्जेंडर कोरोलेव ने कहा, वहां चुनौती का मुद्दा है। यह संकेत दे रहा हैः 'अगर हमारे बीच चीजें खराब हो जाती हैं, तो मेरे पास जाने के लिए कोई है। रूस अकेला नहीं है, जिसका मतलब है कि जब कोई टकराव होता है तो मैं अकेला नहीं रहूंगा, मुझे डराने-धमकाने में सहज न हों।

# फिक्की झारखंड पुलिस फोर्स के लिए हेल्दी लिविंग पर कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
फिक्की झारखंड की ओर से झारखंड पुलिस फोर्स के लिए हेल्दी लिविंग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। होटवार स्थित आइटीएस हॉल में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के आइजी (हेडक्वाटर एंड एचआर) अखिलेश कुमार झा ने महिला पुलिसकर्मियों से हेल्दी जीवन जीने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति महिला पुलिसकर्मी हमेशा अर्लट रहे। अपने काम के साथ जीवन जीने का तरीका भी सही होना चाहिए। स्वस्थ जीवनशैली को अपनायेंगे, तो आप हमेशा फीट रहेंगे। श्री झा ने कहा कि अक्सर महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं होती है। इससे समस्याएं बढ़ती है। आज के जीवनशैली को अच्छे से संभाल कर चलने की आवश्यकता है। लाइफ स्टाइल बेहतर करना होगा। व्यायाम, योग आदि इसका बेहतर माध्यम साबित होगा। जैप-10 के सीओ धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मियों को काम के साथ अपने आप को फीट रखना जरूरी है। इस प्रकार के कार्यशाला से पुलिसकर्मियों को लाभ मिलेगा। फिक्की झारखंड के हेड रौशन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय पर अपनी बात कही। न्यूट्रिशियन एंड फीटनेस कोच श्रीयम ने कहा कि पतले होने पर कम और हेल्दी भोजन करने पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है। घर का खाना ही आपके लिए बेहतर है। घर से बाहर काम करने जाती है, तो कोशिश करें कि घर से ही खाना ले जाये। जरूरत से अधिक खाना भी नुकसानदायक है। कार्यशाला में डॉ सिद्वार्थ सिन्हा, इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रथिन भद्रा, एमवे इंडिया की अलका गुरनानी, आशीष वैद्य, एमवे इंडिया के नीतिन माथुर, हेल्थ एक्सपर्ट मनु सेठ, योग आचार्य स्वामी मुक्तिरथ आदि ने अपने विचार रखे। कार्यशाला के तकनीकी सत्र का संचालन आइएसएस के पूर्व निदेशक एसके सिंह ने किया।

## भ्रष्टाचार से घिरे अभियंताओं पर क्यों नहीं कार्रवाई

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर हमला बोला। वे प्रवर्तन निदेशालय द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के संरक्षण में राज्य भ्रष्टाचार में आकंठ डूब चुका है। बिचौलिए और भ्रष्टाचारी दिन रात फल फूल रहे हैं। जिस प्रकार से सभी विभागों में रोज नए नए लूट के कारनामे उजागर हो रहे, जनता उसकी कल्पना भी नहीं कर सकती। प्रकाश ने कहा कि ईडी की कार्रवाई के पहले आखिर क्या कारण रहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचारियों पर एफआईआर दर्ज करने, दंडात्मक कार्रवाई करने जैसे फाइलों पर कुंडली मारकर बैठी रही। उन्होंने कहा कि केवल वीरेंद्र राम ही नहीं, बल्कि पथ निर्माण विभाग, रांची नगर निगम, राज्य आवास बोर्ड, विधानसभा और हाई कोर्ट बिल्डिंग निर्माण में भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों से घिरे अभियंताओं पर एसीबी की अनुशंसा के बावजूद मुकदमे दर्ज क्यों नहीं हुए, कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

## सांसद ने कॉशमॉस क्लब को मुक्ति वाहन सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सांसद संजय सेठ ने सांसद निधि से मुक्ति वाहन (अंतिम यात्रा वाहन) (कॉशमॉस क्लब लालपुर) को प्रदान किया सांसद सेठ ने कहा गांव गरीब किसानों को सुविधा मिले ऐसे लोग जिनको पैसे के अभाव में बॉडी दूर ले जाने में दिक्कत होती है ऐसे लोगों को सेवा प्रदान करेगी हमारा लक्ष्य है रांची शहर के सभी श्मशान घाटों का सुंदरीकरण करना एक डायलिसिस सेंटर का निर्माण करना जहां गरीब लोग का कम पैसों में इलाज हो सके शहर की आबादी दिनोंदिन बढ़ रही है आज जरूरत है कैसे संस्था जो सेवा भाव से कार्य करती है ऐसे संस्थाओं को एंबुलेंस मुहैया कराना ताकि लोगों को कम पैसे में सेवा प्रदान किया जा सके साथ ही ॠ 20 को लेकर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी संस्थाओं से शहर को साफ सुथरा स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की अपील की गई आज के इस बैठक में क्लब के सभी पदाधिकारी सहित दुगार्बाड़ी मेन रोड, रांची देशप्रिया क्लब एवं लाइब्रेरी, यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी, बंगाली युवा मंच, नेताजी नगर क्लब कांटा टोली, पंजाबी हिंदू बिरादरी सहित दर्जनों संस्था के लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीण एसपी ने थाना का औचक निरीक्षण किया

**रांची ।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची नौशाद आलम ने शुक्रवार को अरगोड़ा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूर्व में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की जानकारी ली, साथ ही साथ कार्यालय अभिलेखों का बारी-बारी से अवलोकन किया। पांच वर्षों से लंबित कांडो की समीक्षा करते हुए उन्होंने इस वित्तीय वर्ष के अंत तक उसके निष्पादन करने हेतु सख्त निर्देश दिए। थाना में जब्त किए गए वाहनों को विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए उसे ऑक्शन कराने, थाना के आगंतुक कक्ष में आगंतुकों के लिए पीने के पानी का समुचित व्यवस्था करने एवं आम लोगों से प्राप्त शिकायतों को त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि थाना में पूरी तरह विधि व्यवस्था सही होनी चाहिए। ताकि बाहर के लोग यहां आते हैं और अगर व्यवस्था सही नहीं रहेगी तो परेशानी का सबब हो सकता है।

### जिले के उत्पादों को एक प्लेटफॉर्म पर लाना ओडीओपी का मकसद

# एक जिला एक उत्पाद योजना से सभी जिले जुड़ें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के ओडीओपी (ओडीओपी) (एक जिला एक उत्पाद) द्वारा भारतीय ओडीओपी संपर्क मीडिया कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को पत्र सूचना कार्यालय, रांची के सहयोग से सूचना भवन के सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पीआईबी रांची के अपर महानिदेशक श्री अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि ओडीओपी के जरिए देश आत्मनिर्भर बन रहा है। श्री. प्रणव पाल, ज्वाइंट डायरेक्टर इंडस्ट्रीज, झारखंड सरकार ने कहा कि जिलों को निर्यात केंद्र बनाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। सप्लाई चेन को बेहतर करने पर फोकस किया जा रहा है। आकाशवाणी रांची के संयुक्त निदेशक श्री. अब्दुल हमीद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है। हम सबको अपने लोकल उत्पाद के लिए वोकल बनना होगा। डिप्टी डायरेक्टर निरंजन तिर्की ने कहा कि यह एक शुरूआत है। इंटरनेशनल मार्केट के लिये विक्रेताओं को झारखंड सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। श्री शैलेंद्र सिंह, डेवलपमेंट ऑफिसर इंडस्ट्रीज ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा ओडीओपी के वर्कशॉप झारखंड में भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जाएं। कार्यक्रम के दौरान सोहराई कलाकारी के विक्रेता ने कहा कि उन्हें सर्टिफिकेशन में सहायता चाहिए। वहीं एक शहद विक्रेता ने कहा कि उन्हें पैकेजिंग के लिए मार्गदर्शन की जरूरत है। श्री ईशदीप सिंह और सुश्री सोनल चौधरी ने ओडीओपी, डीपीआईआइटी का प्रतिनिधित्व करते हुए ओडीओपी के पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने एनपीओपी, जेम, एनआईडी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। विक्रेताओं के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने यहां के लोकल विक्रेताओं को पूरी सहायता करने का आश्वासन प्रकट किया।

## जेबीवीएनएल बनायेगा व्हाट्सअप ग्रुप

**रांची।** अभी गर्मी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुई है और लोडशेडिंग शुरू होने लगा है। लोग अभी से ही पानी की समस्याओं से जूझने लगे हैं। इन सब को देखते हुए बिजली की समस्याओं के समाधान के लिए जेबीवीएनएल बिजली दोस्त व्हाट्सअप ग्रुप बनाएगा। इस ग्रुप जुड़कर लोग अपनी समस्याओं यथा खराब बिजली आपूर्ति, जर्जर तार, खराब ट्रांसफार्मर, असमय बिजली बिल , भुगतान की समस्या आदि को रख सकते हैं, ताकि उनका त्वरित गति से निष्पादन किया जा सके। यह जानकारी जेबीवीएनएल के कॉमर्शियल डायरेक्टर मनीष कुमार ने दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को विभाग से जुड़कर काम करने के लिए 'बिजली दोस्तस' ह्वाट्सअप ग्रुप बनाने का आग्रह किया है, जिसमें सहिया दीदी, वार्ड पार्षद अथवा अन्य लोगों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जोड़ा जायेगा।

# स्पेशल ट्रेन की 26 फरवरी से बुकिंग शुरू, साहिबगंज से चलेगी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रेलवे ने होली में बाहर से लौटने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए साहिबगंज होकर होली स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। होली स्पेशल ट्रेन दो से 23 मार्च 2023 तक मालदा टाउन और वलसाड के बीच चलेगी। यह जानकारी मालदा डिवीजन से मिली है। ट्रेन संख्या (09011) वलसाड- मालदा टाउन होली स्पेशल ट्रेन दो से 23 मार्च, 2023 तक चार ट्रिप चलेगी। गुरुवार को वलसाड से यह 10:15 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं, ट्रेन संख्या (09012) मालदा टाउन-वलसाड के बीच पांच से 26 मार्च, 2023 तक हर रविवार को 9:05 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर स्टेशनों पर रुकेगी। होली स्पेशल ट्रेन में सामान्य, शयनयान और वातानुकूलित कोच होंगे। बुकिंग 26 फरवरी से शुरू होगी। यात्री पीआरएस और इंटरनेट के माध्यम से बुकिंग करा सकते हैं। ट्रेन में तत्काल कोटा उपलब्ध नहीं होगा। ट्रेन के चलने से रेलखंड के यात्रियों को पर्व पर घर वापसी के लिए सुविधा होगी। दूसरी ओर, दक्षिण पूर्व रेलवे के नारायणगढ़-भद्रक तीहरी लाइन की कमीशनिंग के लिए 25 फरवरी से छह मार्च, 2023 तक प्री-एनआई एवं एनआई का काम किया जाएगा। इससे गोमो एवं बोकारो होकर चलने वाली ट्रेनें प्रभावित होंगी। इस दौरान कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, वहीं कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ



**नवीन मेल संवाददाता।** रांची स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभागार में शुक्रवार को स्वास्थ्य कर्मियों को अपने कार्य दायित्वों के निर्वहन के लिए शपथ दिलाई गई। प्रशासी पदाधिकारी ने सभी कर्मियों के साथ प्रतिज्ञा पत्र को पढ़कर भ्रष्टाचार को समाप्त करने, उच्चतम मानकों को स्थापित करते हुए वचनबद्ध रहने, भारत के संविधान के प्रति सदा सर्तक रहने, रिश्वत न लेने-न ही देने के साथ ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर डा राकेश दयाल, डा एसपी शर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभी परामर्शी, समन्वयक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, चालक आदेशपाल और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## बेंचप्रेस डेडलिफ्ट प्रतियोगिता 26 से

**रांची।** झारखंड स्टेट बेंचप्रेस डेडलिफ्ट और पुश-पुल प्रतियोगिता का आयोजन रांची के हरमू रोड स्थित दिगम्बर जैन भवन में 26 फरवरी को होगा। इसमें झारखंड से 24 जिलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता को खिलाड़ियों के बीच दो भागों में बांटा गया है। पहले में 23 साल के उपर के खिलाड़ी होंगे जबकि दूसरे भाग में 23 साल से कम उम्र के खिलाड़ी भाग लेंगे। साथ ही साथ इस खेल में द अंटी डॉटेस बैंड के द्वारा म्यूजिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। खेल प्रतियोगिता में रांची विधायक सीपी सिंह आदि करेंगी।

# 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर जमा करें आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
किसानों के फसल की जो क्षति हुई है जिससे किसान वर्ग के लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। एक तो समय पर वर्षा नहीं होने के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। खेतों में लगे बिचड़े पानी के कारण सूख गये, जिससे किसानों को समय पर खेतों में धान की फसल नहीं लग पायी। इसी को लेकर सरकार ने झारखंड राज्य फसल राहत योजना को जमीन पर उतारने का काम शुरू कर दिया है। कृषि विभाग ने इस योजना के तहत किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए उनसे 15 मार्च तक आवेदन मांगा है। इस योजना के तहत रबी फसल, गेहूं, सरसो, चना और आलू फसल के लिए क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी। 30 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर किसानों को प्रति एकड़ 3 हजार रुपये दिये जायेंगे। 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर किसानों को प्रति एकड़ 4 हजार रुपये मिलेगा। यह लाभ अधिकतम 5 एकड़ खेत में लगी फसल के लिए क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी। लाभ केवल प्राकृतिक आपदा से होने वाली फसल क्षति के मामलों पर लागू होगा। योजना का लाभ लेने लिए किसानों को ऑनलाइन निबंधन कराना होगा। प्रत्येक फसल (खरीफ-रबी) में अलग-अलग आवेदन देना होगा। योजना में भाग लेने के लिए कोई प्रीमियम नहीं देना है।

# विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की योजना तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वन उत्पाद के मामले में झारखंड पर प्रकृति की विशेष मेहरबानी है। लाह, तसर, शहद, ईमली, चिरौंजी, साल बीज, महुआ आदि झारखण्ड के वनों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। राज्य गठन के बाद से राज्य के किसानों को वन उत्पाद का सही मूल्य दिलवा पाना चुनौती का विषय बना हुआ था लेकिन इस चुनौती को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वीर शहीद सिद्दो-कान्हो के नाम से सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ का निर्माण किया। इसके तहत राज्य के सभी किसानों एवं वन उत्पाद संग्राहकों को संगठित करते हुए उनके विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने की योजना तैयार की गयी है, ताकि वनोत्पाद के माध्यम से भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए नव ऊर्जा का संचार किया जा सके। किसानों के वनोपज को उचित मूल्य और बाजार उपलब्ध कराने के उदेश्य से सभी पैक्स-लैम्प्स को आधुनिक स्वरूप देने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश के तहत धरातल पर अब सकारात्मक प्रयास प्रारम्भ हुए हैं। इस कड़ी में सहकारिता के माध्यम से कृषि और वन उपज में आजीविका संवर्धन पर सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरूआत रांची से 17 फरवरी को की गयी। प्रत्येक जिले में कार्यशाला के आयोजन के बाद जल्द ही सभी पैक्स-लैम्प्स को जोड़ते हुए सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जाएगा। राज्यभर में पैक्स-लैम्प्स के सदस्यों को उनकी कृषि और उपज के लिए प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करने की योजना भी सरकार की है। मुख्यमंत्री के निर्देश के तहत पलाश ब्रांड की ही तरह सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ के विभिन्न उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने की जिम्मेवारी निभाई जाएगी। इसका मूल उद्देश्य जिले के सभी लैम्प्स -पैक्स को उचित बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करना, क्षमता निर्माण, प्रसंस्करण और एक मजबूत ब्रांड को खड़ा करना है। सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ में त्रिस्तरीय संरचना का गठन किया जा रहा है। पंचायत स्तर पर लैम्प्स -पैक्स, जिला स्तर पर संघ एवं राज्य स्तर पर महासंघ कार्य करेगा। पंचायत स्तरीय समिति उत्पादन एवं संग्रहण का जिम्मा एवं जिला स्तरीय संघ प्रसंस्करण की जिम्मेवारी निभाएगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**रामगढ़ के रण में...**
बुजुर्गों को पेंशन, शिक्षकों को वेतन, बच्चियों को किशोरी समृद्धि योजना, यहां तक कि दिव्यांगों को भी पेंशन देने का काम किया है। आज हम जब जनता के बीच काम कर रहे हैं तो अधिकार से वोट मांगने भी आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा और आजसू की सरकार ने सिर्फ झारखंड को ही नहीं पूरे देश को चौपट करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विरोधी घर घर जा रहे हैं और हजार टका देकर वोट लेने की फिराक में है। लेकिन हम हर महीने पेंशन दे रहे हैं तो क्या जनता हमें वोट नहीं देगी। 27 फरवरी को जनता की अदालत में ममता देवी का फैसला होना है। उसे न्याय देने का जिम्मा अब जनता के हाथ में है। विरोधियों ने तो उसे फंसा कर जेल भेज दिया है। जनता सर्वोपरि है और मुझे उम्मीद है कि बजरंग महतो को वोट देकर जनता अपना फैसला सुनाएगी। चुनावी जनसभा को मंत्री आलमगीर आलम, विधायक अनूप सिंह, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

**झारखंड बजट सत्र में होंगे 17 कार्यदिवस...**
अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न श्रेणियों के जो भी प्रश्न स्वीकृत होते हैं, विभागों को उसके उत्तर उपलब्ध कराने होगें। झारखंड विधान सभा में अनागत प्रश्न समिति वैसे प्रश्नों से संबंधित है, जो अपरिहार्य कारणों के चलते सत्र के दौरान नहीं लिए जा सके हों। उन्होंने विभागों के वरीय पदाधिकारियों को विधान सभा के आश्वासन समिति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि मंत्रियों द्वारा दिये गये आश्वासनों को बारीकी से जांच लें। वर्तमान में 323 आश्वासन अभी तक लंबित हैं, विभाग त्वरित गति से इनका निपटारा करें। साथ ही कहा कि 512 निवेदन के उत्तर अब-तक अप्राप्त हैं, यदि सदस्यों के निवेदन के उत्तर ससमय प्राप्त नहीं होते है, तो यह एक अच्छी परिपाटी नहीं मानी जायेगी। अध्यक्ष ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि राज्य के विभिन्न बोर्ड और निगमों को भी निर्देशित कर दें कि वे अपने प्रतिवेदनों को जिन्हें सत्र के दौरान उपस्थित किया जाना है, उसे ससमय सभा सचिवालय के सुपुर्द कर दें। झारखंड विधान सभा एवं पुराने विधान सभा के आवासीय परिसर में सुरक्षा के दृष्टिकोण से यथोचित पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने को भी कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड विधान सभा में प्रवेश करने वाले वाहनों की भी सुरक्षा बल जांच कर लें। बैठक में सुखदेव सिंह, मुख्य सचिव, झारखंड सरकार, अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव, वित्त विभाग, नलिन कुमार, प्रधान सचिव, विधि विभाग, अरुण कुमार सिंह, प्रधान सचिव, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग, अविनाश कुमार सिंह, सचिव, उर्जा विभाग, सुनील कुमार, सचिव, पथ व भवन निर्माण विभाग, मुरारी लाल मीणा अपर पुलिस महानिदेशक, झारखंड के अलावा सैयद जावेद हैदर, प्रभारी सचिव, झारखंड विधान सभा एवं राजीव लोचन बक्सी, निदेशक, जनसम्पर्क विभाग सहित अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारी, राहुल कुमार सिन्हा, उपायुक्त, रांची व किशोर कौशल, वरीय आरक्षी अधीक्षक, रांची व नौशाद आलम, एसपी, रांची ग्रामीण भी उपस्थित थे।

**कांग्रेस कार्य समिति का नहीं होगा...**
उन्होंने कम समय में कांग्रेस से गरीब, कमजोर तबकों, गांव-देहात और नौजवानों को एकसाथ जोड़कर एक आंदोलन बना दिया था। सौ साल बाद उसी संकल्प की जरूरत है। ये उनके प्रति हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के हर महाधिवेशन में कुछ अहम फैसले हुए हैं। इससे हमारा संगठन आगे बढ़ा। कुछ अधिवेशन मील के पत्थर बने। राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा से देशभर में जो ऊर्जा भरी और महंगाई, बेरोजगारी एवं आर्थिक मुद्दों पर जिस तरह जागरुकता फैलाई है, उस जोश को हमें बनाए रखना है।

**सेना ने गलवान घाटी के पास दागी टैंक...**
और डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों की मौजूदगी में किया गया। 'ध्रुवस्त्र हेलिना' तीसरी पीढ़ी की फायर-एंड-फॉरगेट क्लास एटीजीएम है जो स्वदेशी उन्नत लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) पर लगाई जानी है। इसकी न्यूनतम सीमा 500 मीटर और अधिकतम सीमा 7 किलोमीटर है। हेलीकॉप्टर से लॉन्च की जाने वाली नाग मिसाइल की रेंज बढ़ाकर इसे 'ध्रुवस्त्र हेलिना' का नाम दिया गया है। इसे एचएएल के रुद्र और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टरों पर ट्विन-ट्यूब स्टब विंग-माउंटेड लॉन्चर से लॉन्च किया जाना है। उपयोगकर्ता परीक्षण पूरे होने के बाद उत्पादन का रास्ता साफ होते ही सशस्त्र बलों को इस्तेमाल करने के लिए यह एटीजीएम सौंप दी जाएगी ।हालांकि, अभी मिसाइल की लागत का अनुमान लगाया जाना बाकी है, फिर भी प्रत्येक मिसाइल की लागत एक करोड़ रुपये से कम होने की उम्मीद है। शुरूआत में लगभग 500 मिसाइलों और 40 लॉन्चरों की आवश्यकता होगी।


e- Procurement Cell
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI**
**COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI**

**Notice Inviting Tender (Very Short Notice) ई - प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**
Tender Reference No.-(13)BCD/CIR-2/RANCHI/DALTONGANJ,DIV/2022-23
Date:-24-02-2023

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction Of Health Sub Centre at Saguna in Block Patan,Under Palamu District. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 2. | Construction Of Health Sub Centre at Chirukurd in Block Manatu,Under Palamu District. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 3. | Construction Of Health Sub Centre at Dowarika in Block Panki,Under Palamu District. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 4. | Construction Of Health Sub Centre at Darudih in Block Lesliganj,Under Palamu District. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 5. | Construction Of Health Sub Centre at Chaparna in Block Hariharganj,Under Palamu District. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 6. | Construction of Block Public Health Unit in The Campus of Public Health Centre in Lesliganj,Under Palamu District | रू0 72,34,600.00 | 09 महीने |
| 7. | Construction of Block Public Health Unit in The Campus of Public Health Centre in Chattarpur,Under Palamu District | रू0 72,66,200.00 | 09 महीने |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 02.03.2023 |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 10.03.2023 को अपराहन 3.00 बजे |
| 3 | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 11.03.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 11.03.2023 को अपराहन 3.00 बजे |
| 5 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची, कम्बाईन्ड, ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 6 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9431105183/8987663716 |
| 7 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651.3512691 |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 291206 Building Construction Division - 2 (22-23)_D

## NEWS इन ब्रीफ

### एनबीए के पूर्व खिलाड़ी एलन निलंबित

**येरूशलम।** बास्केटबॉल क्लब ने एक बयान में कहा कि पूर्व एनबीए खिलाड़ी कदीम एलन को प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन की पुष्टि के बाद निलंबित कर दिया गया है। क्लब को इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (एफआईबीए) से एक संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें कहा गया है कि 25 जनवरी को इटली में बुडिवेल्नेक कीव के खिलाफ हैफा के यूरोप कप खेल के बाद लिए गए नमूनों में प्रतिबंधित पदार्थ पाए गए।

### साउथेम्प्टन ने रूबेन को मैनेजर बनाया

**लंदन।** साउथेम्प्टन ने शुक्रवार को पुष्टि की कि रुबेन सेलेस सीजन के अंत तक प्रीमियर लीग क्लब की कमान संभालेंगे। सेलेस ने नाथन जोन्स की जगह ली है, जिन्हें इस महीने की शुरुआत में सिर्फ 95 दिनों के बाद बर्खास्त कर दिया गया था। उन्होंने कतर विश्व कप के लिए लीग के रुकने से कुछ ही समय पहले नवंबर में राल्फ हसनहुटल से मैनेजर के रूप में पदभार संभाला था। क्लब ने एक बयान में कहा, साउथेम्प्टन फुटबॉल क्लब आज पुष्टि कर सकता है कि रूबेन सेलेस को 2022/23 सीजन के अंत तक पुरुष टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है।

### इंदौर टेस्ट के लिए हूं तैयार : ग्रीन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला कैमरुन ग्रीन ने कहा है कि वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के लिए 100 प्रतिशत तैयार हैं। उंगली में फ्रैक्चर के कारण पहले दो मैचों में वो नहीं खेल पाए थे। चार मैचों की सीरीज का तीसरा टेस्ट एक से पांच मार्च तक इंदौर के होल्कर स्टेडियम में होना है। ऑलराउंडर को दिल्ली में दूसरे टेस्ट में खेलने पर विचार किया गया था, लेकिन नेट्स में बल्लेबाजी करते हुए चोट लगने के बाद मैच से पहले उन्हें बाहर कर दिया गया था। उंगली की चोट से ग्रीन की वापसी ऑस्ट्रेलिया के लिए एक अच्छी खबर है, क्योंकि कप्तान पैट कमिंस, डेविड वार्नर और जोश हेजलवुड ने हाल के दिनों में अलग-अलग कारणों से घर लौट गए हैं।

### फोगनिनी को हरा क्वार्टर फाइनल में अल्कराज

**रियो डी जनेरियो।** गत चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने यहां एटीपी 500 रियो टेनिस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए इटली के फैबियो फोगनिनी के खिलाफ दो घंटे 47 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। अपने 2022 रियो डी जनेरियो सेमीफाइनल के रीमैच में, अल्कराज ने गुरुवार को सीजन में 6-7 (5), 6-2, 6-4 से रोमांचक जीत हासिल की। उन्होंने कहा, फोगनिनी के खिलाफ खेलना हमेशा एक चुनौती होती है। वह बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और हम कभी नहीं जानते कि वह क्या करने जा रहे हैं। यह उतार-चढ़ाव वाला मैच था।

### झारखंड के गांव में अनूठी फुटबॉल प्रतियोगिता

# दामादों की 16 टीमों के बीच हुआ मुकाबला

**नवीन मेल नेटवर्क। जमशेदपुर**

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया प्रखंड अंतर्गत दासोडीह गांव में दामादों को सम्मान देने के लिए अनूठा फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। पूरे गांव की ओर से आयोजित टूर्नामेंट में दामादों की 16 टीमों ने शिरकत की। टूर्नामेंट की विजेता और उपविजेता टीमों के कैप्टन ट्रॉफी, उपहार और कपड़े देकर सम्मानित किया गया। दरअसल, इस गांव में पिछले कुछ सालों से इस टूर्नामेंट का आयोजन



कराया जा रहा है। सुपर जमाई फुटबॉल प्रतियोगिता नामक इस टूर्नामेंट में वही टीमें हिस्सा ले सकती हैं जिसका कैप्टन इस गांव की लड़की से शादी कर चुका हो। यानि टूर्नामेंट में इस गांव में शादी करनेवाला युवक ही अपनी टीमों की एंट्री करा सकता है। इस प्रतियोगिता का मकसद गांव की लड़कियों और दामादों को एक साथ लाना भी होता है, ताकि गांव में सभी से उनका मिलना-जुलना हो सके। ग्राम प्रधान दिकू बेसरा ने बताया कि गांव के युवाओं ने यह परंपरा शुरू की है। सारे ग्रामीण इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। इसका आयोजन हमारे लिए गर्व की बात है। टूर्नामेंट के आयोजक ठाकुर सोरेन ने बताया कि इस आयोजन की प्रेरणा हमें उड़ीसा के एक गांव से मिली। पहले भी हमारे यहां फुटबॉल प्रतियोगिता होती थी पर वर्ष 2022 से इसे सुपर जमाई फुटबॉल प्रतियोगिता में बदल दिया गया। बीते वर्ष इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस साल भी 16 टीमें प्रतियोगिता में शामिल हुई हैं। टूर्नामेंट के विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी देने के साथ जमाई कैप्टन और उसकी पत्नी को धोती-साड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जमकर आतिशबाजी भी हुई।

### महिला टी-20 विश्व कप : अंजुम ने कहा

# मेरा इरादा कप्तान हरमनप्रीत को कुछ सहानुभूति देना था



**एजेंसी। केपटाउन**

आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2023 में भारत न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया से पांच रन से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया। पूर्व भारतीय कप्तान अंजुम चोपड़ा को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा साझा किए गए एक भावुक वीडियो में कप्तान हरमनप्रीत कौर को सांत्वना देते देखा गया।

हरमनप्रीत को सांत्वना देने के बारे में पूछे जाने पर अंजुम ने कहाः मेरा इरादा कप्तान को सहानुभूति देना था, क्योंकि मैं केवल यही कर सकती थीं। यह हम दोनों के लिए एक भावुक क्षण था। भारत सेमीफाइनल में कई बार पहुंच चुका है और कई बार हार चुका है। यह पहली बार नहीं है, जब मैंने उन्हें इस तरह खेलते हुए देखा है। मैंने उन्हें चोटों और उनकी सेहत से जूझते हुए भी देखा है। यह विश्व कप का सेमीफाइनल था और हरमनप्रीत कौर एक ऐसी खिलाड़ी है जो पीछे नहीं हटती हैं। मैच शुरू होने से पहले पिछले दो दिनों से तेज बुखार के कारण हरमनप्रीत के सेमीफाइनल में नहीं पहुंचने की खबरें आ रही थीं।

लेकिन वह मैदान पर उतरीं और शानदार 52 रन बनाकर शीर्ष स्कोर किया, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स के साथ शानदार 69 रन की साझेदारी की, लेकिन लक्ष्य को पूरा करने में नाकाम रहीं। मैच में 4.2 ओवर में सलामी जोड़ी पवेलियन लौट गई थी, दूसरा रन लेने के दौरान हरमनप्रीत का बल्ला क्रीज में फंस जाने के बाद रन आउट हो गई, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 167/8 पर रोक दिया और 5 रन से मैच अपने नाम कर लिया। मैच खत्म होने के बाद हरमनप्रीत भावुक हो गईं। एक वीडियो में अंजुम द्वारा उन्हें गले से लगाते देखा जा सकता है।

### महिला टी-20 विश्व कप से भारत बाहर, कप्तान बोलीं

# हम अच्छी स्थिति में थे लेकिन जीत नहीं सके



**भारत सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बावजूद सबका दिल जीत लिया**

**भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाज केवल 15 रन पर लौट गई थीं पवेलियन**

**हरमनप्रीत और जेमिमाह ने क्रमशः 52 और 43 रन बनाकर लक्ष्य के करीब पहुंचाने का किया काम**

**एजेंसी। केपटाउन**

भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर की टीम ने न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड पर महिला टी-20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बावजूद सबका दिल जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी के अर्धशतक और मेग लैनिंग के नाबाद 49 रन से 172/4 का स्कोर बनाया गया था। भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाज केवल 15 रन पर पवेलियन लौट गई थीं। हरमनप्रीत और जेमिमाह रोड्रिग्स ने क्रमशः 52 और 43 रन बनाकर लक्ष्य के करीब पहुंचने का काम किया। दोनों ने 41 गेंदों पर 69 रनों की शानदार की।

मैच में 4.2 ओवर में सलामी जोड़ी पवेलियन लौट गई थी, दूसरा रन लेने के दौरान हरमनप्रीत का बल्ला क्रीज में फंस जाने के बाद रन आउट हो गई, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 167/8 पर रोक दिया और 5 रन से मैच अपने नाम कर लिया। उन्होंने कहा, जब भी हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हैं तो हम हमेशा खुद को बैक करते हैं क्योंकि हम जानते हैं कि हमने उन्हें विश्व कप में दो बार और फिर घरेलू श्रृंखला में एक बार हराया है। इसलिए, हम जानते हैं कि जब हम अच्छा क्रिकेट खेलते हैं, तो हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं। आज भी वैसा ही खेल रहे थे। हम अच्छी स्थिति में दिख रहे थे, लेकिन दुर्भाग्य से हम जीत नहीं पाए। हरमनप्रीत ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा : अच्छी बात यह रही कि मैच आखिरी ओवर तक गया, हमने आसानी से हार नहीं मानी। हमने इसी पर चर्चा की थी कि हम अंत तक मुकाबला करेंगे और यह देखकर अच्छा लगा कि हमने ऐसा किया। भारतीय कप्तान ने कहा, यह निराशाजनक था, क्योंकि मेरा रन आउट होना सही नहीं था, क्योंकि मुझे पता था कि अंत तक इस लक्ष्य का पीछा कैसे करना है।

## हुसैन के 'स्कूली गर्ल एरर' वाले बयान पर हरमन का पलटवार

**एजेंसी। केपटाउन**

भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन द्वारा दिए गए बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हरमनप्रीत के 52 रन पर आउट होने को 'स्कूली गर्ल एरर' करार दिया। बीमारी से पीड़ित होने के बावजूद सेमीफाइनल खेलने वाली हरमनप्रीत ऑस्ट्रेलिया के 172/4 के लक्ष्य का पीछा करने में अपनी टीम की अगुवाई कर रही थीं। लेकिन 15वें ओवर में वो रन आउट हो गई, जब स्ट्राइकर एंड की ओर दौड़ते समय उनका बल्ला फंस गया था।

यह मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ क्योंकि हरमनप्रीत और जेमिमाह रोड्रिग्स के बीच 41 गेंदों पर 69 रनों की साझेदारी के बावजूद भारत अपने 20 ओवरों में केवल 167/8 ही बना सका। इस 5 रन से हार के कारण भारत लगातार दूसरे टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने से चूक गया। उन्होंने कहा, उन्होंने ऐसा कहा? हां। ठीक है। मुझे नहीं पता। यह सोचने का एक तरीका है। लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है। मैंने क्रिकेट में कई बार देखा है, जब बल्लेबाज इस तरह से सिंगल ले रहे हैं और कभी-कभी बल्ला वहीं अटक जाता है। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहाः हमने मैच में अच्छी गेंदबाजी नहीं की। वहीं, बल्लेबाजी की शुरुआत अच्छी नहीं थी। अगर आप मैच जीतना चाहते हैं तो हमें सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। तभी आपके पास सेमीफाइनल से फाइनल में पहुंचने के ज्यादा चांस होते हैं।

मुझे लगता है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण था। लेकिन यह किसी 'स्कूली गर्ल एरर' नहीं थी क्योंकि हम काफी परिपक्व हैं। हम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और उन्होंने जो भी कहा, वह उनके सोचने का तरीका है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि ऐसा था। लगभग एक साल में यह दूसरी बार था जब भारत ऑस्ट्रेलिया से हार गया। पिछले साल बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल गेम्स के स्वर्ण पदक मैच में भारत नौ रन से पिछड़ गया था। हरमनप्रीत ने बताया कि अगर वह रन आउट नहीं होती, तो मैच का क्या होता। भारतीय कप्तान ने कहा : अगर मेरा बल्ला नहीं फंसा होता, तो मैं आसानी से लक्ष्य हासिल कर लेती।

# पीवी सिंधु ने कोच पार्क ताए-सैंग से नाता तोड़ा



**एजेंसी। मुंबई**

दो बार की ओलंपिक खेलों की पदक विजेता पीवी सिंधु कोरियाई कोच पार्क ताए-सैंग से अलग हो गई हैं, पार्क ताए-सैंग ने उन्हें टोक्यो ओलंपिक और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पदक दिलाने में मदद की थी। सिंधु, जो चोट के कारण 2022 सीजन से चूक गई थीं और हाल ही में जनवरी में एक्शन में लौटीं हैं, जो अब हैदराबाद में सुचित्रा बैडमिंटन अकादमी में मलेशियाई पूर्व ऑल-इंग्लैंड चैंपियन मुहम्मद हफीज हाशिम के साथ प्रशिक्षण लेंगी। 2003 में ऑल इंग्लैंड खिताब जीतने वाले हाफिज ने हैदराबाद स्थित अकादमी के साथ दो साल का कॉन्ट्रैक्ट किया है और वह वहां पुरुष और महिला खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिंधु ने सुचित्रा बैडमिंटन अकादमी से सब कुछ सीखा है, वह सप्ताह में एक या दो दिन वहां प्रशिक्षण लेगी। हाफिज हाशिम के 14 से 19 मार्च तक होने वाली ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप की तैयारी में सिंधु की मदद करने की उम्मीद है। हालांकि, सिंधु ने इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा, लेकिन पार्क ताए-सैंग ने अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए सोशल मीडिया पर एक बयान दिया।

# इंडियन ओपन 1 मार्च से होगा शुरू

**आठ मैचों में कुल 195 एथलीट दो दिनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**एजेंसी। कर्नाटक**

एशियाई और ओलंपिक गेम्स में भाग लेने वाले संभावित खिलाड़ियों के लिए थ्रो और जंप प्रतियोगिता के दूसरे सीजन में अपनी क्षमता का परीक्षण करने का मौका मिलेगा, जो एक मार्च से शुरू होगी। आठ मैचों में कुल 195 एथलीट दो दिनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो और जेवलिन (दिन 1) और लॉन्ग जंप, हाई जंप, ट्रिपल जंप और पोल वॉल्ट (दिन 2) खेले जाएंगे। यह आयोजन, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा स्वीकृत आईआईएस में आयोजित होने वाली पहली सीनियर प्रतियोगिता होगी, जो एथलीटों को एशियाई खेलों, विश्व चैम्पियनशिप और अगले साल के ओलंपिक खेलों के लिए क्वोलीफाई करने के अवसर के रूप में काम करेगी।

प्रतियोगिता में आईआईएस का प्रतिनिधित्व प्रवीण चित्रावल करेंगे, जो एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने रजत पदक और राष्ट्रीय इनडोर रिकॉर्ड-ब्रेकिंग ट्रिपल जंप में माहिर हैं। उसी अनुशासन में उनके साथ 2022, राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण और रजत पदक विजेता - क्रमशः एल्डहोज पॉल और अब्दुल्ला अबुबैकर होंगे, जो अपने सीजन को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। लॉन्ग-जंपर जेसविन एल्ड्रिन, जिन्होंने एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रजत पदक के साथ अपने सीजन की शुरूआत भी की थी, 2023 की अपनी पहली आउटडोर प्रतियोगिता के लिए भी एक्शन में होंगे।

## कतर ओपन : मरे सेमीफाइनल में

**दोहा।** ब्रिटेन के एंडी मरे ने एक सेट से वापसी करते हुए फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर को हराकर कतर ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मरे ने गुरुवार रात एटीपी 250 टूर्नामेंट में दो घंटे और चार मिनट के मुकाबले में फ्रांस के खिलाड़ी को 4-6, 6-1, 6-2 से हराकर शानदार वापसी की। शुक्रवार के सेमीफाइनल में, पूर्व विश्व नंबर-1 ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनलिस्ट जिरी लेहेका के खिलाफ सीधे सेटों में जीत की तलाश करेगा।

### हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा

# किसी भी खेल के फलने-फूलने के लिए जमीनी स्तर पर विकास जरूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया के वर्तमान प्रमुख दिलीप तिर्की ने युवा एथलीटों को तैयार करने में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी खेल के फलने-फूलने के लिए जमीनी स्तर पर विकास आवश्यक है। हॉकी ते चर्चा के एक एपिसोड में, 400 से अधिक मैचों के अनुभवी और खेल के इतिहास में शासी निकाय के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने वाले पहले हॉकी खिलाड़ी टिर्की ने एक



रोडमैप पर चर्चा की। युवा खिलाड़ियों को उनके कौशल को सुधारने और विकसित करने के लिए विभिन्न प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करके जमीनी स्तर पर काम किया है।

तिर्की ने कहा, किसी भी खेल के फलने-फूलने के लिए, जमीनी स्तर पर विकास महत्वपूर्ण है। एक मजबूत नींव अच्छे खिलाड़ियों और एक मजबूत सीनियर और जूनियर राष्ट्रीय टीमों का परिणाम है। हम एक क्षेत्रीय प्रणाली शुरू करके इसे सुधारने जा रहे हैं, जहां वे इंट्रा जोन और इंटर जोन प्रतियोगिताएं खेलेंगे। उन्होंने कहा : व्यावहारिक रूप से, हर कोई भारत के लिए नहीं खेलेगा, लेकिन यह प्रबंधन कम से कम खिलाड़ियों को अपने संबंधित क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस करने की अनुमति देगा और उन्हें कम उम्र में प्रतिस्पर्धी माहौल का अनुभव देगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ने यह भी उल्लेख किया कि नई प्रणाली न केवल एथलीटों के लिए फायदेमंद है बल्कि इससे चयन समितियों और प्रशासन को भी काफी मदद मिलेगी।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी | कप्तान कमिंस पारिवारिक समस्या के कारण गए सिडनी

# तीसरे टेस्ट में कप्तानी करेंगे स्मिथ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ इंदौर में भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करेंगे। नियमित कप्तान पैट कमिंस पारिवारिक समस्या के कारण मैच में उपस्थिति नहीं हो पाएंगे। पिछले हफ्ते दिल्ली में दूसरे टेस्ट में हार के बाद कमिंस वापस ऑस्ट्रेलिया चले गए थे।

एक बयान में बताया गया कि उनकी मां बीमार हैं और उनकी देखभाल करना जरूरी है। दूसरे मैच में तीन दिन की समाप्ति के बाद टेस्ट के बीच नौ दिनों के ब्रेक के साथ, यह उम्मीद की जा रही थी कि 29 वर्षीय कमिंस बुधवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए भारत लौट आएंगे। लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने



#### कमिंस कप्तानी छोड़ गेंदबाजी पर दें ध्यान : हीली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपिंग दिग्गज इयान हीली ने पैट कमिंस से टेस्ट कप्तानी छोड़ने और पूरी तरह से अपने तेज गेंदबाजी कौशल पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। कमिंस को 2021 के नवम्बर में ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया था। पिछले साल के अंत में वनडे कप्तान बनाया गया था, जब आरोन फिंच ने संन्यास लिया था। 29 वर्षीय कप्तान टेस्ट रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ रेड बॉल गेंदबाज भी थे जब तक कि इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन ने उन्हें हाल ही में शीर्ष स्थान से अलग नहीं किया। वह एक गंभीर पारिवारिक समस्या के कारण इंदौर के होल्कर स्टेडियम में भारत के खिलाफ तीसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा, मैं नहीं चाहता कि वह बहुत लंबे समय तक इतनी अधिक कप्तानी का बोझ उठाए।

शुक्रवार को पुष्टि की कि कमिंस इंदौर टेस्ट में नहीं खेलेंगे। वे अहमदाबाद में चौथे टेस्ट के लिए टीम में वापसी कर सकते हैं। लेकिन स्मिथ बाकी बचे दोनों मैचों में कप्तानी कर सकते हैं। कमिंस ने एक बयान में कहा, मैंने इस समय भारत नहीं लौटने का फैसला किया है। मुझे लगता है कि मैं अपने परिवार के साथ रहूंगा। मैं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और अपने साथियों से मिले भारी समर्थन की सराहना करता हूं। आप सभी का धन्यवाद। यह तीसरी बार होगा, जब स्मिथ ने 2021 के अंत में उपकप्तान के रूप में अपनी बहाली के बाद से टेस्ट टीम का नेतृत्व किया है, जब कमिंस ने टिम पेन से पदभार संभाला था। स्मिथ ने दो टेस्ट के लिए कप्तान के रूप में काम किया है। दिसम्बर, 2022 में जब कमिंस को चोट के कारण बाहर कर दिया गया था और 2021 के एशेज टेस्ट में जब कोविड से संबंधित चिंताएं थीं। जबकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस टेस्ट के लिए कमिंस की जगह किसी भी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया है।

